ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • कार्तिक कृष्ण पक्ष 13 • विक्रम संवत 2080 • शनिवार, 11 नवम्बर 2023 • वर्ष-30 • अंक-27 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



दूसरी बार मां बनेंगी 'अनुष्का शर्मा'... पेज 10 पर




## गागर में सागर

### रांची के अलबर्ट एक्का चौक पर बनेगा देश का पहला गोल फुट ओवरब्रिज

**रांची।** अलबर्ट एक्का चौक पर देश का पहला गोल फुट ओवरब्रिज बनेगा। इसे बनाने में करीब 18 करोड़ रुपये खर्च होंगे। छह महीने में काम कंप्लीट करने की डेडलाइन है। फुट ओवरब्रिज के निर्माण का काम पश्चिम बंगाल के अलिपुरद्वार की बीआरबीए कंपनी को दी गई है। कंपनी ने अलबर्ट एक्का चौक पर मार्किंग और नापी का काम शुरू कर दिया है। यह फुट ओवरब्रिज काफी आकर्षक तरीके से बनाया जाएगा। अलबर्ट एक्का चौक पर बने गोलंबर के चारों तरफ गोल फुट ओवरब्रिज बनाया जाएगा। सबसे पहले चौक बने शहीद अलबर्ट एक्का की प्रतिमा के लिए नया प्लेटफॉर्म बनाया जाएगा। उसके बाद उस प्लेटफॉर्म पर शहीद अलबर्ट एक्का की प्रतिमा को स्थानांतरित किया जाएगा। फुट ओवरब्रिज के उपर और नीचे चारों तरफ आकर्षक लाइट लगाए जाएंगे। इस तरह का गोल फुट ओवरब्रिज देश में पहली बार रांची में बन रहा है। इससे पहले कोलकाता में गोल फुट ओवरब्रिज बना है, लेकिन वहां रोड क्रॉस करने के लिए एफओबी नहीं है।

### झारखंड में यात्रियों से भरा पिकअप वाहन पलटा, चार की मौत

**रांची।** झारखंड के गुमला जिले के चैनपुर में सवारियों से भरी एक पिकअप वैन के दुर्घटनाग्रस्त होने से चार लोगों की मौत हो गई, वहीं दस लोग घायल हो गए। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना उस समय घटी जब चैनपुर साप्ताहिक हाट से यात्रियों को लेकर टाटा मैजिक गाड़ी चिड़िया पाट की ओर जा रही थी, तभी वाहन चालक ने संतुलन खो दिया और गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में एक छह माह के बच्चे सहित चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। दुर्घटना के बाद मजदूर संघ ने हादसे में मारे गए सभी लोगों के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की है। मजदूर यूनियन के नेता जुम्मन खान ने अस्पताल पहुंचकर घायलों को बेहतर इलाज देने का आग्रह किया।

### हाई कोर्ट से गैंगस्टर सुशील हत्याकांड में सजायाफ्ता विशाल को नहीं मिली जमानत

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने शुक्रवार को गैंगस्टर सुशील श्रीवास्तव हत्याकांड में शामिल सजायाफ्ता विशाल सिंह को जमानत देने से इनकार कर दिया है। विशाल सिंह ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से जमानत याचिका दायर की थी। जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय की बेंच ने पिछली सुनवाई के दौरान सभी पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। विशाल सिंह की ओर से वरीय अधिवक्ता अंजना प्रकाश ने बहस की थी। विशाल सिंह की जमानत अर्जी का अधिवक्ता कुमार हर्ष ने पुरजोर विरोध किया था। उन्होंने अपनी बहस के दौरान अदालत को बताया कि हाई कोर्ट पूर्व में भी विशाल सिंह की ओर से दो बार जमानत दाखिल की गयी थी, जिसे अदालत खारिज कर चुका है। ऐसे में उसे बेल नहीं दी जानी चाहिए। विशाल सिंह को हजारीबाग सिविल कोर्ट आजीवन कारावास की सजा सुना चुका है।

### आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप-2023

दक्षिण अफ्रीका VS अफगानिस्तान

दक्षिण अफ्रीका - 247 /5 (47.3 ओवर)

अफगानिस्तान - 244/10 ( 50 ओवर)

**आज का मैच**

ऑस्ट्रेलिया बनाम बांग्लादेश : पुणे (10:30 बजे से)

इंग्लैंड बनाम पाकिस्तान : कोलकाता (2:00 बजे से)

## एके सिंह कॉलेज जपला के शिक्षाविद् बने प्रफुल्ल सिंह

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** एके सिंह कॉलेज जपला (अवधेश कुमार सिंह कॉलेज) पलामू में नये शासी निकाय का गठन प्रक्रिया में है। प्राचार्य सूर्यमणि सिंह ने बताया कि कॉलेज में शिक्षाविद चयन के लिए शासी निकाय की बैठक गुरुवार को परिसदन भवन मेदिनीनगर में आयोजित की गई। जिसमें पलामू के सांसद वीडी राम, अनुमंडल पदाधिकारी हुसैनाबाद कमलेश्वर नारायण, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डा. सत्येंद्र कुमार सिंह, दानदाता प्रतिनिधि श्री रौनक व शिक्षक प्रतिनिधि डा. आनंद कुमार शामिल हुए। प्राचार्य सूर्यमणि सिंह ने शिक्षाविद् के लिए प्रफुल्ल कुमार सिंह (उच्च शिक्षा प्राप्त, भीष्म नारायण सिंह कॉलेज मेदिनीनगर के शिक्षाविद सह सचिव एवं विभिन्न शिक्षण संस्थानों में उल्लेखनीय योगदान) का नाम प्रस्तावित किया। जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया। विनय कुमार सिंह के अलावा कॉलेज के शिक्षक डा. राम सुभग सिंह, प्रो. अशोक कुमार सिंह, प्रो. मुकेश कुमार सिंह व लेखापाल ओम प्रकाश सिंह ने प्रफुल्ल सिंह के शिक्षाविद् बनने पर हर्ष जताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।



## बेतला नेशनल पार्क में सफारी सुविधा की कवायद शुरू

- सैलानियों को केवल दिन में उपलब्ध होगी यह सुविधा
- पर्यटकों की संख्या में होगा इजाफा



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** बेतला नेशनल पार्क में सैलानियों को सफारी की सुविधा दिए जाने की कवायत शुरू कर दी गई है। यह सुविधा केवल दिन में उपलब्ध रहेगी। पलामू टाइगर रिजर्व के उत्तरी प्रमंडल के उपनिदेशक पी.के जैना ने बताया कि इस संदर्भ में 20 वाहन मालिकों से बातचीत की है। उन्हें इस बात को समझाया गया है कि वह जिप्सी में कुछ बदलाव लाकर उसे सफारी योग्य बना सकते हैं। जिससे पर्यटकों को बेतला नेशनल पार्क की अच्छे से खुली जिप्सी में सैर कराई जा सके। बताते चलें कि बेतला नेशनल पार्क सूरज के ढलते ही बंद कर दिया जाता है। सूर्योदय के बाद सुबह सात बजे यह पार्क आम पर्यटकों के लिए खोल दिया जाता है। इस समय बेतला में घूमने आने वाले पर्यटकों को बोलेरो जैसे बंद वाहनों में पार्क की सैर कराई शेष पृष्ठ 11 पर

## धनतेरस पर बाजार रहे गुलजार, खूब बरसा धन

# पलामू में सुखाड़ पर आस्था भारी, जमकर हुई खरीदारी

### हर तरफ दिखा भीड़ का नजारा, चुस्त-दुरुस्त रही सुरक्षा व्यवस्था

संजय कुमार पांडय

**मेदिनीनगर।** सुखाड़ की मार से कराहते बाजार को धनतेरस ने गुलजार कर दिया। शुक्रवार को बाजार में खूब धन की बरसात हुई। दुकानों में खरीददारी के लिए ग्राहकों की भीड़ ने निराश दुकानदारों को खुश कर दिया। शहर के बाजार में देर रात तक लोगों का रेला लगा रहा। इनमें महिलाओं की संख्या खासी देखी गई। धनतेरस की मान्यता व परम्पराओं के अनुसार लोगों ने सोने व चांदी के जेवरातों के साथ-साथ ताम्बे व पीतल के बर्तनों की खरीददारी की। सजावटी फूल व झालरों के अलावे झाड़ू की भी खरीददारी हुई तो माँ लक्ष्मी के साथ श्रीगणेश की मूर्तियां भी लोगों ने खूब खरीदे। बाजार में बर्तन, झाड़ू व मूर्तियों के साथ अन्य सजावटी वस्तुओं की सैकड़ों दुकाने सजी थी। सभी दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ थी। इसके अलावे धनतेरस को लेकर विशेष रूप से सजाये गये आभूषणों की दुकान भी ग्राहकों से गुलजार थे। शहर के अलग-अलग इलाकों में स्थित विभिन्न कंपनियों के दोपहिया, तीन पहिया एवं चारपहिया वाहनों के शोरूम में ग्राहकों की भीड़ सुबह से जम गई। लोग पहले से बुक कराये गये अपने वाहनों की डिलेवरी के लिए सुबह से ही आवश्यक प्रक्रियाओं को निपटाने में व्यस्त थे। बाजार में धनतेरस की भीड़ को नियंत्रित रखने के साथ ही शहर की यातायात व्यवस्था को बनाये रखने को पुलिस भी मुस्तैद दिखी। भीड़ को देखते हुए चौक-चौराहों समेत सभी सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस के जवान तैनात थे। उधर शहर से सटे चैनपुर व शाहपुर में भी धनतेरस पर खरीददारी के लिए बाजार में देर रात तक लोगों की भीड़ लगी रही। यहां भी सुरक्षा के लिए महिला एवं पुरुष बलों की तैनाती की गई थी। बाजार की भीड़ बता रही थी कि सुखाड़ पर आस्था भारी रही। सनातनी परम्परा के अनुसार हर कोई धनतेरस पर अपनी सामर्थ्य के अनुरूप खरीददारी करता दिखा।



साहेबगंज एसपी को ईडी ने जारी किया समन

## गवाहों को धमकाने के मामले में होगी पूछताछ

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड के साहिबगंज एसपी नौशाद आलम को ईडी के द्वारा पूछताछ के लिए समन जारी किया गया है। ईडी के गवाहों को धमकाने के मामले में नौशाद अलाम से पूछताछ की जाएगी। विजय हांसदा मामले में साहेबगंज एसपी की भूमिका संदिग्ध पाई गई है ईडी ने समन जारी कर नौशाद आलम को 22 नवम्बर को ईडी के जोनल कार्यालय बुलाया है।

**22 नवंबर को बुलाया गया :** साहिबगंज एसपी नौशाद आलम को ईडी के जोनल कार्यालय में 22 नवंबर को दिन के 11:00 बजे पूछताछ के लिए बुलाया गया है। रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से ईडी के कुछ गवाहों को धमकियां दी गई थी। इसी मामले में नौशाद आलम से पूछताछ की जाएगी। इससे पहले इस मामले में रांची जेल के अधीक्षक, जेलर और बड़ा बाबू से पूछताछ हो चुकी है। जानकारी के अनुसार नौशाद आलम लगातार जेल में बंद आरोपियों के संपर्क में थे। जेल के अफसर और कर्मियों से पूछताछ के दौरान नौशाद आलम के संलिप्त होने की बात सामने आई थी।

**पहले आईपीएस जिनको हुआ समन :** साहिबगंज के एसपी नौशाद आलम पहले आईपीएस हैं जिनको ईडी के द्वारा समन जारी किया गया है। दो माह पूर्व ही आईपीएस अधिकारी नौशाद आलम को साहिबगंज के पुलिस अधीक्षक के रूप में जिम्मेदारी सौंप गई है। उससे पूर्व रांची के ग्रामीण एसपी के रूप में कार्यरत थे।



**जेल से मिली थी ईडी को शिकायत :** रांची जेल से कई कैदियों ने प्रेम प्रकाश के खिलाफ शिकायत ईडी और सरकार को को थी ,लेकिन प्रेम प्रकाश को जेल में आई फोन समेत अन्य सुविधाएं मिलने की जानकारी से जुड़ा बंदी पत्र जेल प्रशासन ने कभी एजेंसियों तक पहुंचने ही नहीं दिया। जिन कैदियों ने एजेंसी से शिकायत की थी जब वह जेल से बाहर निकले तब उन्होंने कर शरीर हाजिर होकर एजेंसी को सारी बातें बताई। जेल से बाहर निकले कैदियो ने ईडी को बताया है कि जेल के अफसरों और कर्मियों का फायदा उठाने की नियत से प्रेम प्रकाश ने सभी का इस्तेमाल किया। जेल में प्रेम प्रकाश को सभी सुविधाएं दी जाती थीं।बदले में प्रेम प्रकाश ने जेल अधिकारियों के आर्म्स का लाइसेंस करवाया था और उनकी आर्थिक मदद भी की।

## जंगल छोड़कर परिजन से मिलने आये थे घर, पुलिस ने तीन माओवादी दबोचे



**चाईबासा।** चाईबासा पुलिस को भाकपा माओवादियों के खिलाफ बड़ी सफलता मिली हैं। पिछले दिनों हुए जंगलों में विभिन्न जगहों पर विस्फोट और मुठभेड़ में संलिप्त तीन सक्रिय माओवादी को पकड़ने में सफलता हासिल की। गिरफ्तार माओवादी में डेबाय पुरती उर्फ लेगेसे पुरती, जुरिया बहांदा उर्फ माटा महांदा और लेबिया बोईपाई शामिल है। तीनों को पुलिस ने गुप्त सूचना पर रेंगड़ा स्थित घर से पकड़ा है। उक्त जानकारी एसपी चाईबासा आशुतोष शेखर ने दी। उन्होंने कहा कि सूचना मिली थी कि तीनों सक्रिय माओवादी अपने घर आये हुए हैं। इस पर कार्रवाई करते पुलिस टीम ने पकड़ा है।

**सुरक्षाबलों को निशाना बनाने के लिए आईडी बरामद :** एसपी चाईबासा ने कहा कि गिरफ्तार माओवादियों के निशानदेही पर सुरक्षाबलों को निशाना बनाने के उद्देशय से लगाएं आईडी को बरामद किया है। इससे पूर्व तीनों ने पुलिस के साथ मुठभेड़ समेत कई नक्सल मामलों में अपनी संलिप्ता को स्वीकार किया है।

### इन-इन मामलों में संलिप्त हैं तीनों गिरफ्तार माओवादी

- वर्ष 2023 फरवरी में गोईलकेरा थाना क्षेत्र के हाथीबुरु पुलिस कैंप का विरोध एवं पुलिस सीआरपीएफ को लक्षित कर आईईडी विस्फोट कर फायरिंग करने में।
- वर्ष 2023 फरवरी में लोवाबेड़ा टोंटो एवं गोईलकेरा थाना क्षेत्र में लोवाबेड़ा, हाथीबुरु, मारादीरी में पुलिस एवं सीआरपीएर्फ को लक्षित कर आईईडी बल, डायरेक्सनल बम एवं प्रेशर बम लगाने में।
- वर्ष 2023 मार्च में गुवा क्षेत्र में विस्फोटक एवं डेटोनेटर के मैगजीन लूटकांड में।
- गोईलकेरा क्षेत्र में कुईड़ा से हाथीबुरु जाने वाले रास्ते में मेरालगढ़ा में इमली पेड़ के पास पुलिस एवं सीआरपीएर्फ को लक्षित कर आईईडी बम लगाने में।

## अमेरिकी स्वास्थ्य प्राधिकरण ने चिकनगुनिया के टीका इक्विस्चिक की मंजूरी दी

- जो 18 वर्ष व उससे ज्यादा उम्र के लोगों को लगेगा
- वायरस संक्रमित मच्छरों के काटने से फैलती है चिकनगुनिया
- फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ने इसे 'उभरता हुआ वैश्विक स्वास्थ्य खतरा' बताया
- 2023 में विश्व में लगभग 4,40,000 चिकनगुनिया के मामले दर्ज किए गए, जिनमें से 350 से ज्यादा की मौत हुई



-आरपी सिंह

**नई दिल्ली।** देश के सबसे पावरफुल व्यक्ति प्रधानमंत्री नरेन्द्र दामोदर दास मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में कई माह से डेंगू व चिकनगुनिया का कहर जारी है। हालत यह है कि लगभग हर घर में इसके एक या दो या उससे ज्यादा मरीज हो गये हैं। लगभग हर दूसरे घर का कोई न कोई व्यक्ति चिकनगुनिया के दर्द से लंगड़ाकर या टेढ़ा होकर चल। अस्पताल में मरीज भरे पड़े हैं। कई प्राइवेट अस्पताल इसे कमाने का अवसर मान मरीजों को चूना लगा रहे हैं। बनारस सहित पूर्वांचल के कई जिलों में डेंगू व चिकनगुनिया से लोग त्रस्त हैं। चिकनगुनिया होने पर रोगी को बुखार व जोड़ों में दर्द की समस्या होती है। ये जोड़ों में सूजन या शरीर पर दाने-चकत्ते जैसी समस्याओं का भी कारण बन सकती है। कुछ लोगों में रोग से ठीक होने के लंबे समय बाद तक भी कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं देखी जाती रही है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों को उम्मीद है कि इस टीके से हर साल चिकनगुनिया के कारण स्वास्थ्य क्षेत्र पर पड़ने वाले दबाव को कम करने में मदद मिल सकती है। चिकित्सकों का कहना है कि मच्छरों के कारण होने वाले इन रोग के चलते प्रति वर्ष लाखों लोगों की मौत हो जाती है। डेंगू, जीका वायरस, चिकनगुनिया जैसे रोगों के लिए अब तक कोई टीका व विशिष्ट उपचार भी नहीं है। इसलिए इसके रोगियों को उपचार के तौर पर सहायक चिकित्सा दी जाती रही है। लेकिन अब एक उम्मीद की किरण यह दिखी है कि यूएस हेल्थ अथॉरिटी ने गुरुवार 9 नवंबर को चिकनगुनिया के लिए दुनिया का पहला वैक्सीन- इक्विस्चिक की मंजूरी दे दी है। यह वायरस संक्रमित मच्छरों के काटने से फैलता है जिसे फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) ने दुनियाभर के लिए एक 'उभरता हुआ वैश्विक स्वास्थ्य खतरा' बताया है। वर्ष 2023 में 30 सितंबर तक विश्व भर में लगभग 4,40,000 चिकनगुनिया के मामले दर्ज किए गए जिसमें से 350 से अधिक की मौत हो गई। स्वास्थ्य विशेषज्ञों को उम्मीद है कि इस टीके की मदद से वैश्विक स्तर पर होने वाले इस जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है। फिलहाल चिकनगुनिया के टीके को 18 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों के लिए मंजूरी दी गई है। फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के अनुसार यूरोप के वलनेवा कंपनी द्वारा विकसित वैक्सीन-इक्स्चिक, दुनियाभर में हर साल होने वाले चिकनगुनिया के जोखिमों को कम करने में मददगार हो सकती है। अमेरिकी दवा नियामक द्वारा इस वैक्सीन को हरी झंडी मिलने से उन देशों में टीके जल्दी लगाने उम्मीद है, जहां वायरस सबसे अधिक कहर बरपा रहे हैं , फैल रहे हैं। वैसे तो चिकनगुनिया वायरस दुनिया के कई देशों में फैल गया है, जिससे बीमारी के वैश्विक प्रसार में वृद्धि हुई है। पिछले 15 वर्षों में 5 मिलियन से अधिक मामले सामने आए हैं। फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के वरिष्ठ अधिकारी पीटर मार्क्स कहते हैं, 'चिकनगुनिया वायरस के संक्रमण से गंभीर बीमारी और लंबे समय तक स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं, विशेषकर वृद्ध व किसी बीमारी से ग्रसित लोगों के लिए यह रोग गंभीर शेष पृष्ठ 11 पर

स्वतंत्रता सेनानी, राजपरिवार, नक्सली कमांडर व अफसरशाह तक कर चुके हैं प्रतिनिधित्व

# पलामू ने देखे हैं राजनीति के विविध रंग

अखिलेश चौबे

**मेदिनीनगर।** खनिज व वन संपदा से परिपूर्ण पलामू ने अपने गठन काल से ही राजनीति के विविध रंग देखे हैं। पलामूवासियों ने समय व परिस्थिति के अनुरूप मतदान कर अपनी राजनीतिक परिपक्वता का बखूबी परिचय दिया है। यहां के नागरिकों ने स्वतंत्रता सेनानी व राजपरिवार सहित नक्सली कमांडर व अफसरशाह तक को चुनकर संसद भेजा है। 1952 के पहले लोकसभा चुनाव में पलामू दो लोकसभा क्षेत्रों में विभक्त थी। यहां से दूसरे सांसद के रूप में चयनित गढ़वा जिले के रंका निवासी जेठन सिंह खरवार स्वतंत्रता संग्राम के दिनों में चार बार जेल जा चुके थे। वहीं 1962 के चुनाव में पलामू वासियों ने रामगढ़ रियासत की राजमाता शशांक मंजरी को चुनकर राजशाही में अपनी निष्ठा जताई थी। उसके बाद नक्सल आंदोलन के उदय के दौरान पलामू घोर नक्सलवाद की चपेट में रहा तो यहां के लोगों ने वर्ष 2009 में नक्सल संगठन के जोनल कमांडर रहे कामेश्वर बैठा को संसद के सर्वोच्च मंदिर में भेजने से परहेज न कर एक प्रकार से इतिहास रच दिया। पलामू लोकसभा के वर्तमान सांसद वीडी राम सेवानिवृत्त आईपीएस अफसर हैं। वे झारखंड के डीजीपी होमगार्ड रह चुके हैं।



**विभिन्न दलों का रहा है दबदबा**

पलामू में लंबे समय तक कोई भी एक दल अपना वर्चस्व स्थापित नहीं कर सका। प्रारंभ में कांग्रेस का गढ़ रहे पलामू में मंडल के दौर में बिहार की सत्ता पर काबिज राजद का दबदबा रहा। वर्तमान में इस क्षेत्र में भाजपा का बोलबाला कायम है। अभी तक पलामू से भाजपा व कांग्रेस ने एक समान छह-छह बार प्रतिनिधित्व करने में सफलता अर्जित की है।

### जब बिहार के पूर्व सीएम को मिली करारी हार

पलामू के लोगों ने बड़े नेताओं को भी समय-समय पर औकात बताई है और तो और इंदिरा गांधी की हत्या के बाद 1984 के सहानुभूति लहर में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री रहे जनता पार्टी के रामसुंदर दास को एक लाख 85 हजार वोटों के भारी अंतर से शिकस्त खानी पड़ी थी।



## गागर में सागर

### बीडीओ ने योजनाओं की समीक्षा की

**विश्रामपुर।** शुक्रवार को विश्रामपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में बीडीओ विक्रम आनंद की अध्यक्षता में बैठक कर विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान प्रखंड अंतर्गत संचालित मनरेगा,आवास सहित सभी योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही त्रुटियों को बीडीओ ने सुधारने का सख्त निर्देश दिया। बैठक में मुकेश पासवान,आखलेश कुमार,अंकित कुमार सहित कई प्रखंड व अंचल कर्मी शामिल थे।

### हत्यारोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**मोहम्मदगंज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनबरसा गांव में शुक्रवार को थाने के एएसआई एतवा मुंडू के नेतृत्व में पहुंची पुलिस ने हत्या के फरार अभियुक्त डब्ल्यू सिंह उर्फ अभिषेक सिंह के घर सहित मोहम्मदगंज रविवारीय बाजार में ढोल बजा कर इश्तेहार चिपकाया। बताया जा रहा है कि वर्ष 2016 में मोहम्मदगंज थाना में कांड संख्या 34/2016 धारा 302/34 के तहत आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। वारंट जारी होने के बाद लगातार पुलिस द्वारा दबिश बनाई जा रही थी। उसके बावजूद भी आज तक आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर है। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी के दरवाजे सहित रविवारीय बाजार में इश्तेहार चिपकाया है। थाना प्रभारी अक्षय कुमार के बताया की इस दौरान अगर आरोपी न्यायालय में हाजिर नहीं होता है तो कोर्ट के आदेश पर आगे की कार्रवाई होगी।

### सेवा भारती की टीम ने बीडीओ को किया सम्मानित

**विश्रामपुर।** शुक्रवार को सोरडीहा की सामाजिक संस्था सेवा भारती की टीम ने अध्यक्ष विजय पाण्डेय के नेतृत्व में विश्रामपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी विक्रम आनद को बुके व शॉल देकर सम्मानित किया। बीडीओ ने जन समस्याओं के निराकरण में तत्परता बरतने का भरोसा दिया। मौके पर पेंटर जिलानी उर्फ सतार खलीफा, निवर्तमान पार्षद सुनील चौधरी,अमित कुमार, पप्पू कुमार मौजूद रहे।

### कोयले के त्वरित परिवहन में सहायक होगा नया सिस्टम

# हैदरनगर स्टेशन पर लगा नया इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम

**विभिन्न अवसंरचना उन्नयन कार्य सफलतापूर्वक संपन्न करने के उपरांत गुरुवार की देर रात नये सिस्टम के साथ परिचालन कार्य की शुरूआत की गई**




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** शुक्रवार को पूर्व मध्य रेल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल (पीडीडीयू मंडल) में मंडल रेल प्रबंधक राजेश गुप्ता के दिशा निर्देशन में रेल अवसंरचना विकास एवं उन्नयन करते हुए रेल परिचालन क्षमता में वृद्धि हेतु निरंतर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में सुचारू रेल परिचालन के साथ रेल परिचालन क्षमता में वृद्धि हेतु मंडल के अंतर्गत सोननगर-गढ़वा रोड रेलखंड में स्थित हैदरनगर स्टेशन पर नया आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम लगाया गया। विभिन्न अवसंरचना उन्नयन कार्य सफलतापूर्वक संपन्न करने के उपरांत गुरुवार की देर रात नये सिस्टम के साथ परिचालन कार्य की शुरूआत की गई। यार्ड रीमॉडलिंग करते हुए हैदरनगर स्टेशन पर 77 रुट की क्षमता वाले नए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम की स्थापना की गई है। साथ ही वहां रेल खंड में समपार संख्या 47 एवं 51 को नए सिस्टम के साथ इंटरलॉकिंग युक्त किया गया है। नया इंटरलॉकिंग सिस्टम अत्याधुनिक सिग्नलिंग उपकरणों व सुविधाओं से युक्त है। विदित हो कि रेल परिचालन क्षमता में वृद्धि हेतु सोननगर-पतरातू तीसरी लाइन परियोजना अति महत्वपूर्ण है। इस परियोजना के अंतर्गत हैदरनगर स्टेशन पर तीसरी लाइन से भी रेल परिचालन हेतु नवस्थापित इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम में व्यवस्था हो गई है। इस स्टेशन पर नवस्थापित इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम समग्र रूप में डीडीयू मंडल में रेल परिचालन क्षमता में वृद्धि में सहायक होगा। विशेषकर इस क्षेत्र में कोयला लदी मालगाड़ियों के त्वरित आवागमन के साथ बीडी सेक्शन में रेल परिचालन तेज एवं सुगम होगा। साथ ही संरक्षा भी सुदृढ़ होगी।

### मामला दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

# धोखे से मांगी कार, अब देने से कर रहे इंकार



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद में धोखा से कार मांगने और अब वापस करने से इंकार करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में वाहन मालिक ने हुसैनाबाद थाना में युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में कामगारपुर गांव निवासी कार मालिक सत्येंद्र नारायण सिंह ने आरोप लगाया है कि थाना क्षेत्र के बरडीहा गांव निवासी मुन्नी सिंह का पुत्र उपेंद्र सिंह 22 दिसंबर 2022 को हमारे घर पहुंचे। उन्होंने कहा की जरूरी काम से अपने रिश्तेदार के घर जाना है, इसलिए मुझे दो-चार दिनों के लिए अपनी कार दीजिए। परिचित होने के कारण उन्होंने अपनी क्रेटा कार नंबर जेएच ओआर- 0699 की चाभी उन्हें दे दी। कुछ दिनों के बाद जब वे कार लेने उनके यहां गये तो उन्होंने कहा कि उनकी कार को कहीं भेजे हैं। आने पर वापस करेंगे। दोबारा कार लेने जाने पर वे कहा कि अब कार वापस नहीं करेंगे। इस दौरान धमकी देते हुए उनके साथ दुर्व्यवहार करते हुए उनके पास से चार हजार रुपये भी छीन लिया। साथ ही धमकी दी कि अगर इसके बाद कार मांगने घर पर पहुंचे तो जान मारकर फेंक देंगे। इस घटना के बाद वे व उनका परिवार काफी भयभीत है। इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने बताया कि लिखित आवेदन के आधार पर केस पंजीकृत कर मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी गई है।

### स्वच्छ भारत मिशन के तहत लोगों को किया गया प्रेरित

# नप में चला सिंगल यूज प्लास्टिक दान अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**बिश्रामपुर।** नगर परिषद द्वारा स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शुक्रवार को स्वच्छ दिवाली शुभ दिवाली के तहत बी.मोड़,रेहला स्टेशन रोड व शुक्र बाजार रोड में सिंगल यूज प्लास्टिक दान अभियान चलाया गया। इसके तहत डोर-टू-डोर,स्टोर-टू-स्टोर जाकर स्वेच्छा से सिंगल यूज प्लास्टिक दान स्वरूप लिया गया। दुकानदारों व आम लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक से हो रहे नुकसान के बारे में बताते हुए किसी भी स्थिति में इसका उपयोग नहीं करने की सलाह दी गई। अभियान का नेतृत्व कर रहे कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने कहा कि लोगों को अभी स्वेच्छा से सिंगल यूज प्लास्टिक दान देने का अवसर दिया गया है। कुछ दिन बाद अभियान चलाकर जब्त किया जायेग। जिसके पास से भी सिंगल यूज प्लास्टिक बरामद होगा उस पर जुमार्ना लगाते हुए विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने दुकानदारों को नया ट्रेड लाइसेंस बनवाने या नवीनीकरण कराने का भी निर्देश दिया। अभियान में सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह, नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, प्रभात कुमार, निवर्तमान वार्ड पार्षद मजमुदिन अंसारी, दिनेश शुक्ला, किरण शर्मा, विजय कुमार रवि,रामचंद्र राम, जेई विभूति भूषण, अजीत टुड्डु,सुबोध केशरी, रवि कुमार,मुरारी कुमार शामिल थे।

### बीएनए पब्लिक स्कूल में प्रतियोगिता का आयोजन



**हरिहरगंज।** प्रखंड के तेंदुआ स्थित बीएनएस पब्लिक स्कूल में बाल दिवस के उपलक्ष्य में जनरल नॉलेज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उसके उपरांत स्कूल स्टाफ द्वारा बच्चों के लिए प्रसाद का वितरण भी किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य विनोद कुमार सिंह ने बताया की 14 नवंबर को बाल दिवस मनाया जाता है। लेकिन दीपावली व छठ पर्व की छुट्टिया हो रही हैं। इसलिए बच्चों के लिए बाल दिवस के संबंध में पहले ही जानकारी दी गई। मौके पर आदर्श कुमार, स्वर्णा, हर्षवर्धन सिंह, अर्पिता सिंह, शशि, हर्षराज पटेल के अलावे अध्यापक शैलेश गौरव, हिमांशु कुमार, पंकज पाठक, लव कुमार, रितेश कुमार, अध्यापिका अंकिता कुमारी, आरती कुमारी मौजूद रहीं।

### हुसैनाबाद विधायक ने कहा किसी की नहीं होगी अनदेखी

# 28 कब्रिस्तानों की घेराबंदी का कार्य प्रगति पर, 20 की मिली स्वीकृति

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के 28 कब्रिस्तानों की घेराबंदी का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। क्षेत्र के 20 और कब्रिस्तानों की घेराबंदी कार्य की स्वीकृति कल्याण विभाग से मिली है। इस संबंध में हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि उन्होंने क्षेत्र के विकास में शुरू से ईमानदारी के साथ काम किया है। उन्होंने कभी किसी को कम या ज्यादा तरजीह नहीं दी है। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने इस कार्यकाल में 28 कब्रिस्तानों की घेराबंदी कार्य की स्वीकृति दिला कर उसपर कार्य शुरू कराने का काम किया है। गुरुवार को क्षेत्र के 20 कब्रिस्तानों की घेराबंदी व सुंदरीकरण कार्य को स्वीकृति दिलाने का काम किया है। उन्होंने बताया कि हरिहरगंज में तीन, पिपरा में एक, हुसैनाबाद में नौ, हैदरनगर में पांच व मोहम्मदगंज प्रखंड क्षेत्र में दो कब्रिस्तान शामिल है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद इतना कब्रिस्तानों की घेराबंदी का कार्य किसी ने किया है तो बताए। उन्होंने कहा कि वह सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास रखते हैं। विवाह मंडप बनवाने के साथ निकाह भवन का भी निर्माण कराया। मंदिर और मस्जिद दोनो धार्मिक स्थलों को पक्की सड़क से जोड़ने का भी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर अभी भी किसी कब्रिस्तान की चहारदीवारी बाकी है या सुंदरीकरण की जरूरत है, तो वहा के ग्रामीण मिलकर अनुसंशा करा सकते हैं। विधायक ने कहा कि एनसीपी सबका ख्याल रखती है। आगे भी इसी तरह पारदर्शिता के साथ कार्य कराएं जायेंगे।

### गोल्डन मोबाइल दुकान को बेस्ट सेलर का पुरस्कार मिला

**हरिहरगंज।** शहर के मेन रोड़ स्थित गोल्डन मोबाइल सेंटर के संचालक गोल्डन को वीवो कंपनी द्वारा बेस्ट सेलर का पुरस्कार दिया गया है। यह पुरस्कार गढ़वा व पलामू जिले में वीवो कंपनी का सबसे अधिक मोबाइल सेल करने पर मिला है। गोल्डन ने बताया कि उन्हें अब तक कई अवार्ड मिल चुके हैं। साथ ही कहा कि मोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक में कोई भी प्रोडक्ट लेने पर दीपावली व धनतेरस के अवसर पर प्राइस ड्रॉप के साथ निश्चित उपहार भी दिया जा रहा है। व्यवसायी को अवार्ड मिलने पर मां दुर्गा इंटरप्राइजेज मेदिनीनगर के प्रोपराइटर नीरज कुमार सहित कई लोगों ने गोल्डन को बधाई दी है।

# लालगढ़ मध्य विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** प्रखंड के लालगढ़ मध्य विद्यालय में बाल दिवस धूमधाम के साथ मनाया गय। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन लालगढ़ मुखिया धर्मेंद्र चौधरी, पंसस सुरजमल राम, युनियन बैंक के शाखा प्रबंधक शशिकांत मितल,बैंक कर्मी दिनेश पाठक, बीआरपी मनोज पाठक, अखिलेश दुबे,प्रधानाध्यापक विनोद पांडेय, शिक्षक हरिशंकर मिश्रा, अखिलेश्वर प्रताप सिंह व विनय ओझा ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इसके बाद पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष शकुन्तला देवी व संचालन विद्यालय के शिक्षक हरिशंकर मिश्रा ने किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों ने चित्रकला, पेंटिंग, गीत संगीत प्रस्तुत किया। इसके अलावा नाट्य कला का मंचन भी किया। प्रधानाध्यापक श्री पांडेय ने बताया कि लालगढ़ मध्य विद्यालय के 60 से अधिक बच्चे मेधा छात्रवृत्ति प्राप्त कर रहे हैं। छात्रा सोनाक्षी कुमारी इंस्पायर अवार्ड में राजधानी दिल्ली तक अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी है। मौके पर वार्ड सदस्य डबल सिंह, शिक्षक श्रीकांत ओझा, इंद्रजीत कुमार, अभिमन्यु चौधरी, देवेन्द्र कुमार मौजूद थे।

### स्कार्पियो की टक्कर में बाइक सवार तीन गंभीर



**नावा बाजार।** प्रखंड क्षेत्र के विश्रामपुर मोड एनएच 98 औरंगाबाद- मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर स्कार्पियो की चपेट में आने से बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर अस्पताल भेज दिया गया है। बताया जाता है कि मोटरसाइकिल सवार सिंजो निवासी धनंजय कुमार व भवाली कुमार एक अन्य साथी के साथ मोटरसाइकिल से नावा बाजार की तरफ जा रहे थे।

### शहर काफी तेजी से विकसित हो रहा है: विनोद

**हुसैनाबाद।** शहर के जवाहिर साव गली में शुक्रवार को आनंद विजन शो रूम का शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद कुमार सिंह व समाजसेवी ललन कांस्यकार ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर बिनोद सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद शहर काफी तेजी से विकसित हो रहा है। यहां पर कई मल्टीनेशनल कंपनी के शो रूम खुल रहे हैं। आनंद विजन के प्रोपराइटर अविनाश कांस्यकार ने बताया कि इस प्रतिष्ठान में स्मार्ट फोन, फ्रिज, वाशिंग मशीन, दीवान पलंग, सोफा उचित मूल्य पर ग्राहकों को उपलब्ध होगा। इस मौके पर अमृत कांस्यकार, प्रभात कुमार सिंह ऊर्फ गुड्डु सिंह, राजेश कर्ण, विकास कुमार, सुबोध मौजूद थे।

### समाजसेवी नंदेव यादव ने गरीब परिवार के बच्चे से खरीदे पटाखे



**नावा बजार।** गुरी पंचायत अंतर्गत एनएच-39 के किनारे पटाखे की दुकान सजाने वाले गरीब परिवार के बच्चों से पटाखे खरीदकर समाजसेवी नंदेव यादव ने उनका उत्साहवर्द्धन किया। इससे दुकान लगाने वाले बच्चे छोटन राम व नागेंद्र राम की खुशी देखते ही बनी। उन्होंने कहा कि उनकी कोशिश है कि मेहनत कर सभी गरीब परिवार आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनें। उन्होंने क्षेत्रवासियों को प्रकाश पर्व व छठ पूजा की शुभकामनाएं भी दीं। मौके पर राहुल प्रजापति, दिनेश चौधरी, प्रमोद प्रजापति, हिमांशु कुमार, सागर कुमार, साहिल कुमार, शिवम कुमार, सत्यम कुमार, बादल कुमार आदि मौजूद रहे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, चतरा**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 –10/2023–24**

1. विज्ञापन दाता का नाम : **कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग,** पथ प्रमण्डल,चतरा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 04.12.2023 से 05.12.2023 तक कार्यालय अवधि में।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 06.12.2023 अपराह्न 3:00 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 06.12.2023 अपराह्न 3:30 बजे
5. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : (1) **मुख्य अभियंता (यातायात) का कार्यालय** पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची, इंजिनीयरिंग हॉस्टल, नं0–2, धूर्वा, राँची। (2) **अधीक्षण अभियंता का कार्यालय,**पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग। (3) **कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,** पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, चतरा।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान: क्रमांक 5 पर वर्णित स्थान
7. कार्य विवरणी :

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मुल्य (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रमण्डलीय कार्यालय भवन का मरम्मति कार्य। | 20.00 | 5,000=00 | 40,000=00 | 03 (तीन) माह |
| 2 | प्रमण्लीय कार्यालय परिसर में अवस्थित गुण नियंत्रण कार्यालय का साधारण मरम्मति कार्य। | 10.00 | 2,500=00 | 20,000=00 | 02 (दो) माह |
| 3 | पथ प्रमण्डल, चतरा अन्तर्गत राजकीय ईटखोरी महोत्व–2024 हेतु रंग–रोगन एवं सौन्दर्यीकरण कार्य। | 15.00 | 2,500=00 | 30,000=00 | 45 (पैंतालीस) दिन |

निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in, एवं कार्यालय से सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
नोट : परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तद्नुसार अग्रधन की राशि का आंकलन मान्य होगा।

कार्यपालक अभियंता,
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, चतरा

PR 311165 Road(23-24)#D



**झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)**
**एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड**

**अति अल्पकालीन ई– पुनःनिविदा आमंत्रण सूचना (2nd Call)**

**PR No. - 303175 Dated : 25.07.2023**

अति अल्पकालीन ई–पुनःनिविदा संख्या:- **135/2023-24** दिनांक :-09.11.2023

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पुनःनिविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | | | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | JH-M-LAT-04 /2023-24 | बरवाडीह | 1 | मुरू आर०ई०ओ० रोड़ से मुरू विद्यालय होते हुए बेतला फॉरेस्ट सीमाना तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (ल० – 2.700 कि०मी०) | 931.188 | नौ करोड़ इकतीस लाख अठारह हजार आठ सौ रू० मात्र | 06 महीना |
| | | लातेहार | 2 | एन०एच०–75 होटवाग से हेसलबार तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (ल० – 5.000 कि०मी०) | | | |
| | | बरवाडीह | 3 | पी०डब्ल्यू०डी० रोड़ से बारीदोहर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (ल० – 4.600 कि०मी०) | | | |
| | | लातेहार | 4 | तरवाडीह से कोदाग तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य।(ल० – 5.000 कि०मी०) | | | |
| | | बरवाडीह | 5 | शिव कुमारी जायसवाल के घर से संत क्लॉरेंट विद्यालय होते हुए लुहुर आर०ई०ओ० पथ तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (ल० – 3.600कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि:–**14.11.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– **22.11.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– **22.11.2023** .अपराह्न 5.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ..........................

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** मे देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची।

PR **311168** (Rural Work Department) 23-24 (D)



**समाहरणालय, चतरा**
**(पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)**
sport.chatra@gmail.com

**निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड राँची का पत्रांक– 548, दिनांक–29.09.2023 के द्वारा मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप (बालक एवं बालिका) प्रतियोगिता 2023–24 का आयोजन पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक दिनांक– 01 नवम्बर 2023 से 30 दिसम्बर 2023 तक किया जाना निर्धारित हैं। उक्त के आलोक में निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड राँची का पत्रांक– 994, दिनांक–04.11.2023 के द्वारा गत् वर्ष की भाँत्ति इस वर्ष भी मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता–2023 में पंचायत स्तर से लेकर राज्य स्तर तक के प्रतिभागी खिलाड़ियों को टी–शर्ट एवं खेल किट (जर्सी सेट, फुटबॉल शूज, मौजा, सिन गार्ड एवं गोलकिपर ग्लब्स) उपलब्ध कराया जाना हैं। उक्त के निमित इच्छुक निर्माता/प्राधिकृत विक्रेता/आपूर्तिकर्ता से निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

निविदादाता दिनांक– 04.12.2023 को अपराह्न 01:00 बजे तक समाहरणालय, चतरा स्थित जिला खेल शाखा में स्वयं अथवा प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर निविदा DROP BOX में जमा करेंगें। उक्त निविदा उसी दिन अपराहन् 03:30 बजे समाहरणालय के सभाकक्ष में निविदा निष्पादन समिति के द्वारा निविदा खोला जाएगा, जिसमें निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि की उपस्थिति अनिवार्य होगी। निश्चित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त निविदा को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

नोटः–निविदा के शर्तें एवं विस्तृत जानकारी जिले के बेबसाईट www.chatra.nic.in पर देखा जा सकता हैं।

जिला क्रीड़ा पदाधिकारी
चतरा

PR 311119 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (23-24)_D



**Office of the Executive Engineer**
**Drinking Water and Sanitation Division, Latehar**

**E-Procurement Tender Notice**
**Tender Reference No. DWSD/LTR/DT-08/23-24 (1st Call)**
**Date – 09.11.23**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | बेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | 16.11.23 अपराहन 03:30 बजे तक। |
| 02 | निविदा प्राप्ति (आनॅ लाईन बिडिंग) की अंतिम तिथि एवं समय | :– | 30.11.23 अपराहन 05:00 बजे तक। |
| 03 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0– गर्वेनस झारखण्ड मंत्रालय के ज्ञापांक– 120 दि0– 03 .10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राषि Online जमा करने की तिथि | :– | 30.11.23 अपराहन 05:00 बजे तक। |
| 04 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि | :– | 02.12.2023 अपरान 02:00 बजे तक। |
| 05 | तकनीकी बीड खोलने का स्थान | :– | कार्य0 अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार। |
| 06 | निविदा आमंत्रित करने का पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | :– | ई0 दीपक कुमार महतो, कार्य0 अभियंता, पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार। |
| 07 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का मो0 न0 | :– | 9199154542 – 6201242103 |

**Detail of work;-**

| Sl No | Name of work | Group No | No of T/Well | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Const. of 125/115mm dia and **70/90/120 mtrs deep Drilled T/Well** with installation of Im-II Hand pump with 32 mm dia. GI Medium class riser pipe by DTH Rig Machine with 125 mm dia Blue Casing UPVC pipe with drain & Platform on Turn key basis in Different location in Latehar Dist for the Year 23-24. | LTR/DT/70-1 | 100 | 8989249.00 | 180000 | 10000 | 180 days |
| 02 | | LTR/DT/70-2 | 100 | 8989249.00 | 180000 | 10000 | 180 days |
| 03 | | LTR/DT/70-3 | 100 | 8989249.00 | 180000 | 10000 | 180 days |
| 04 | | LTR/DT/70-4 | 100 | 8989249.00 | 180000 | 10000 | 180 days |
| 05 | | LTR/DT/70-5 | 100 | 8989249.00 | 180000 | 10000 | 180 days |
| 06 | | LTR/DT/70-6 | 100 | 8989249.00 | 180000 | 10000 | 180 days |
| 07 | | LTR/DT/70-7 | 50 | 4494625.00 | 90000 | 5000 | 90 days |
| 08 | | LTR/DT/70-8 | 50 | 4494625.00 | 90000 | 5000 | 90 days |
| 09 | | LTR/DT/90-01 | 90 | 9171096.00 | 184000 | 10000 | 180 days |
| 10 | | LTR/DT/90-02 | 90 | 9171096.00 | 184000 | 10000 | 180 days |
| 11 | | LTR/DT/90-03 | 90 | 9171096.00 | 184000 | 10000 | 180 days |
| 12 | | LTR/DT/120-01 | 70 | 9146562.00 | 183000 | 10000 | 150 days |
| 13 | | LTR/DT/120-02 | 65 | 8493236.00 | 170000 | 10000 | 120 days |

1. Estimated Cost & EMD coat may Be Changed
2. Further details can be seen on website http://jharkhandtender.gov.in
3. Only Registerd Contractor in this Department in (Appropritate Class) Participate in said Tender.

Executive Engineer
D.W & S Division Latehar

PR.NO.311127 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

## गागर में सागर

### केंद्रीय कारागार में विधिक जागरूकता शिविर

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा सप्ताह के तहत शुक्रवार को केंद्रीय कारा मेदिनी नगर में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस की शुरूआत 1995 में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाज के गरीब और कमजोर लोगों को कानूनी मदद करने के लिए किया गया था। उन्होंने कहा कि देश के किसी भी हिस्से में किसी भी तरह की कानूनी जानकारी के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा टोल फ्री हेल्प नंबर 15100 जारी किया गया है। जिस पर फोन कर किसी तरह का कानूनी सहायता प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा की जानकारी के अभाव में लोग अधिकार से वंचित रह रहे हैं। कोई भी बंदी न्याय से वंचित नहीं रहेगा। इसके लिए लीगल एड डिफेंस काउंसिल लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने बंदियों को विधिक अधिकारों की विधिवत जानकारी दी।

### चंडीगढ़ में दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**मेदिनीनगर।** चंडीगढ़ के रामगढ़ जिले के भानु आइटीबीपी के केंद्रीय विद्यालय में दी भारत स्काउट गाइड्स के वार्षिकोत्सव पर मुख्य अतिथि विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष कौशल किशोर जायसवाल ने सभी को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। दीप यात्रा के तहत दीपावली पर देशवासियों को शुभकामना देते हुए उन्होंने औषधियुक्त पौधों का रोपण भी किया। दीप यात्रा अभियान के मौके पर सूरज कुमार जायसवाल, अमरेंद्र मेहता, उमाशंकर, असीमा गुप्ता, पीला सिन्हा, पुष्पा यादव, जतिंदर कुमार, सुनैना, देव्पल्ली गुप्ता, शायरी नारायण उपस्थित रहे।

### कांग्रेस ने पलामू व चतरा लोकसभा सीट पर ठोंका दावा

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन में सीटों का बंटवारा कब और कैसे हो। इसे लेकर कई पेंच सामने आ रहे हैं। कांग्रेस ने पलामू व चतरा लोकसभा सीटों पर दावा ठोंका है। राजद ने भी इन दोनों सीटों पर दावा किया है। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा भी पलामू सीट को लेकर मन बना चुकी है। कांग्रेस ने दोनों सीटों पर तैयारी भी शुरू कर दी है। पार्टी सर्वे करा रही है। कांग्रेस नेता सह पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने चतरा लोकसभा सीट के लिए तैयारी शुरू कर दी है। केएन त्रिपाठी लगातार सक्रिय हैं और चतरा इलाके में कैंप कर रहे हैं। केएन त्रिपाठी ने बताया कि कार्यकर्ताओं की राय है कि उन्हें लोकसभा चुनाव लड़ना चाहिए। इसलिए वह सभी 336 पंचायतों में जाकर रायशुमारी कर रहे हैं। साथ ही सर्वे भी कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वह पार्टी आलाकमान से विचार- विमर्श के बाद ही कोई बड़ा फैसला लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी को चतरा के साथ-साथ पलामू से भी लोकसभा चुनाव लड़ना चाहिए। पलामू में भी पार्टी काफी मजबूत है। बताते चलें कि राष्ट्रीय जनता दल ने 2014 और 2019 में दोनों सीटों पर चुनाव लड़ा था। इस बार कांग्रेस दोनों सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है व कई कार्यक्रम भी आयोजित कर रही है। पलामू की कई राजनीतिक हस्ती व ब्यूरोक्रेट कांग्रेस नेताओं के संपर्क में हैं।

### किसान समृद्ध होगा तो हिंदुस्तान सशक्त होगाः रूचिर

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय किसान सभा का जिला सम्मेलन गांधी स्मृति भवन टाउन हॉल में मनाजरूल हक एवं राजेंद्र बैठ की अध्यक्षता में शुरू हुआ। सर्वप्रथम तीन कृषि कानूनों के विरोध में आंदोलन के दौरान शहीद हुए किसानों के शहादत पर 2 मिनट का मौन रहकर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। सभा का उद्घाटन राज्य पार्टी कार्यकारिणी सदस्य एटक नेता गणेश सिंह ने किया। सभा को संबोधित करते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने कहा कि आज देश में किसानों की स्थिति बदहाल है। देश की 70 प्रतिशत आबादी खेती पर निर्भर है, लेकिन इस ओर केंद्र व राज्य सरकार का कोई ध्यान नहीं है। किसानों का केसीसी कर्ज माफ नहीं होने से प्रतिवर्ष सैकड़ों किसान आत्महत्या कर रहे हैं। जरूरत है आज देश के अंदर किसानों को समृद्ध एवं खुशहाल बनाने की। जब किसान समृद्ध होगा तो हिंदुस्तान भी सशक्त होगा। धन्यवाद ज्ञापन भाकपा के वरिष्ठ नेता सूर्यपत सिंह ने किया। सभा को राजद नेता सह अधिवक्ता धीरेंद्र कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने भी संबोधित किया। अंत में 31 सदस्यीय किसान सभा की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें उमेश सिंह चेरो को जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह को जिला सचिव, सनी सिंह को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस दौरान राजेंद्र बैठा, कृष्ण मुरारी दुबे,रांति देवी,मनी देवी, राजेंद्र बैठा, जनेश्वर राम, राम भूइंया, सुषमा मुरमा, आशा देवी, भोला सिंह को सदस्य चयनित किया गया।

### सरकारी व रैयती भूमि पर उगने वाले केन्दू पत्ती का 1700 रुपये प्रति बोरी मूल्य प्रस्तावित

## लघु वनोपज केन्दू पत्ती का बेहतर तरीके से करायें संग्रहण : आयुक्त

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल के कार्य क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2024 के संग्रहण मौसम के लिए केन्दू पत्ती के संग्रहण मूल्य(क्रय दर) प्रति मानक बोरा के निर्धारण का सरकार को परामर्श देने के लिए शुक्रवार को प्रमंडलीय आयुक्त- सह केन्दू पत्ती सलाहकार समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल की अध्यक्षता में समिति की बैठक हुई। बैठक में राज्य सरकार को परामर्श दिए जाने को लेकर विभिन्न बिन्दुओं पर विचार-विमर्श किया गया। आयुक्त श्री जायसवाल ने लघु वनोपज केन्दू पत्ती के संग्रहण कार्य को बेहतर तरीके से कराने एवं पत्ता तोड़ने वाले मजदूरों की सुविधा का ध्यान रखते हुए संग्रहण कार्य कराने का निर्देश दिया। बैठक में समिति द्वारा सर्वसम्मति से वर्ष 2024






संग्रहण मौसम के लिए सरकारी भूमि एवं रैयती भूमि पर उगने वाले केन्दू पत्ती का संग्रहण दर 1650 रुपये से बढ़ाने पर विचार -विमर्श किया गया। विचार-विमर्श के बाद 1700 रुपए प्रति मानक बोरा संग्रहण मूल्य निर्धारण हेतु सरकार को परामर्श देने का निर्णय लिया गया। समिति द्वारा सुझाव दिया गया कि केन्दू पत्ती संग्राहकों को असंगठित कर्मकार कल्याण योजना एवं ई-श्रम पोर्टल पर निबंधित कर सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान कराया जा सकता है। मौके पर वन संरक्षक पलामू- सह-विशेष आमंत्रित सदस्य के प्राधिकृत प्रतिनिधि दिलीप कुमार यादव, महाप्रबंधक-सह-संयोजक शबा आलम अंसारी, आयुक्त के सचिव अरविंद कुमार के अलावा सदस्य कृष्णा प्रसाद यादव, विनोद यादव, रामलाल उरांव, शंखनाथ उरांव, बालमुकुंद पासवान, भुखु राम, इफ्तेखार अहमद खान, ब्रजकिशोर सिंह उपस्थित थे।

### बाजार में देर रात तक जमे रहे ग्राहक

## धनतेरस पर बाजार में खरीदारी के लिए उमड़ी लोगों की भीड़



### सोने-चांदी के उत्पाद से लेकर बर्तन, इलेक्ट्रानिक, बाइक समेत अन्य उत्पादों की मांग जोरों पर रही

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** धन-धनवंतरी का पर्व धनतेरस को लेकर मंगलवार को महंगाई के बीच बाजार का व्यवसाय काफी बेहतर रहा। दीपावली में पूजा के लिए लक्ष्मी व गणेश की मूर्तियां व फोटो घर-घर ले जाने की लोगों में बेसब्री देखी गई। सोने-चांदी के उत्पाद से लेकर बर्तन, इलेक्ट्रानिक, बाइक समेत अन्य उत्पादों की मांग जोरों पर रही। बाजार के व्यवसायियों के मुताबिक महंगाई के बावजूद धनतेरस बाजार में 30 करोड़ से अधिक की खरीदारी होने का अनुमान है। पिछले वर्ष करीब 26 करोड़ का कारोबार हुआ था। शहर के सोना महल, मां सावित्री ज्वेलर्स, ओम अलंकार ज्वेलर्स,मुनरका सोना दुकान,जय हिंद ज्वेलर्स समेत सभी स्वर्ण आभूषण दुकानों में ग्राहकों की लाईन लगी रही। आटोमोबाईल प्रतिष्ठानों में भी ग्राहकों की भीड़ देखी गई। इधर इलेक्ट्रनिक्स उत्पादों एलईडी टीवी, मोबाईल से लेकर वाशिंग मशीन, मिक्सी, फ्रिज व अन्य घरेलू उपयोग का सामान लोगों ने खुलकर खरीदा। इलेक्ट्रानिक उत्पादों एलईडी, लैपटाप व कंप्यूटर की मांग अधिक बताई गई। आस्था के इस बाजार में बर्तन बाजार की रौनक बरकरार रही। पीतल व कांसा के पूजा बर्तन से लेकर लोगों ने दीपावली के साथ छठ संबंधित बर्तनों की जमकर खरीदारी की। बर्तन दुकान पर धातू के गणेश व लक्ष्मी की मूर्ति को ग्राहकों ने ज्यादा पसंद किया। स्टील के बर्तनों की भी अच्छी मांग रही। धनतेरस की खरीदारी से महीनों से चली आ रही बाजार की मंदी भी समाप्त होते नजर आई। शाम से लेकर देर रात तक शहर का बाजार ग्राहकों से पटा रहा। इस दौरान पुलिस प्रशासन भी शांति व्यवस्था के मद्देनजर चौकस रहा।

### बाजार में भीड़-भाड़ को देखते हुए लगाया गया बेरकेटिंग

धनतेरस पर्व को लेकर बाजार में काफी भीड़ उमड़ती है इसके लिए ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह के नेतृत्व में गुरुवार की रात में ही बाजार के मुख्य द्वार पर बेरकेटिंग लगवा दिया गया था। ताकि बाजार में बड़े वाहनों की एंट्री ना हो सके।



इसके अलावा जाम की समस्या को देखते हुए धनतेरस के दिन शुक्रवार की सुबह से ही सभी चौक चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को तैनात कर दिया गया था। ट्रैफिक प्रभारी ने बताया कि धनतेरस के दिन बाजार में काफी भीड़ उमड़ती है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए छह मुंहान चौक के पास बेरकेटिंग लगाकर वहां पर ट्रैफिक पुलिस के जवानों को तैनात कर दिया गया था।

### पीवीटीजी का ग्राम स्तर पर बेस लाइन होगा सर्वे

## बीडीओ पीवीटीजी से संबंधित आंकड़े एकत्रित करें : डीसी



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने पीवीटीजी से संबंधित आंकड़े एकत्रित करने के लिए जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया है। सभी बीडीओ को निर्देश दिया गया है कि 11 नवंबर तक मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टाल कराते हुए पीवीटीजी से संबंधित आंकड़े अपलोड करना सुनिश्चित करें। इसके लिए जिला स्तर पर पीवीटीजी के लिए नोडल पदाधिकारी के रूप में जिला कल्याण पदाधिकारी नामित हैं । बता दें कि सभी प्रखंडों से पीवीटीजी का ग्राम स्तर पर बेस लाइन सर्वे किया जाना है। पीवीटीजी से संबंधित आंकड़े एकत्रित करने के लिए मोबाइल एप विकसित किया गया है। पीवीटीजी का ग्राम स्तर पर आंगनबाड़ी केंद्र की उपलब्धता, मोबाइल कनेक्टिविटी की उपलब्धता, बिजली न होने वाले पीवीटीजी एचएच की संख्या, मोटर योग्य सड़क के साथ ग्रामीण सड़क संपर्क, मानदंडों के अनुसार प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय की उपलब्धता, 5 किलोमीटर के भीतर सरकारी स्वास्थ्य केंद्र की उपलब्धता, किसी भी बुनियादी ढांचे की तस्वीर जिन्हें मरम्मत या पुनर्निर्माण की आवश्यकता है, कौशल सामुदायिक केंद्र की उपलब्धता एवं सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता आदि से संबंधित कई कार्यो का सर्वे किया जाना है।

## अनियंत्रित कार के धक्के से पांच व्यक्ति घायल



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के चैनपुर मोड़ के पास शुक्रवार की सुबह करीब 8:00 बजे अनियंत्रित कार की चपेट में आकर महिला समेत तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि दो लोगों को हल्की-फुलकी चोट आई है। इस घटना के बारे में घायल व्यक्तियों ने बताया कि शुक्रवार की सुबह वे लोग चैनपुर चौक पर खड़े थे। इसी बीच एक अनियंत्रित कार ने उन्हें धक्का मार दिया। हादसे में चैनपुर के फिरोज खान के पुत्र आलमताब खान उम्र 18, मुन्ना खान उम्र 36, अजय प्रसाद की पत्नी बचिया देवी उम्र 40 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि दो लोगों को आंशिक चोट लगी है। स्थानीय लोगों द्वारा सभी घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। मौके पर पहुंची चैनपुर थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर कार को जब्त कर लिया है।

### वाहन चेकिंग में ओवरलोड सात वाहन धराये

**मेदिनीनगर।** जिले के उपायुक्त शशि रंजन के निदेर्शानुसार जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन ने गुरुवार की देर रात विभिन्न थाना क्षेत्रों में सघन वाहन जांच अभियान चलाया। इस अभियान में 7 ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई करते हुए जब्त कर टीओपी-टू थाना के सुपुर्द किया गया। इस संबंध में डीटीओ ने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने सभी वाहन स्वामियों व संचालकों से वाहन के परमिट व फिटनेस से संबंधित सारे कागजात दुरुस्त करने के पश्चात ही वाहनों का परिचालन करने की अपील की है।

## उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी आमजन की फरियाद

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जिले के उपायुक्त शशि रंजन ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर जिले के विभिन्न स्थानों से आये फरियादियों से मिलकर उनकी समस्यायें सुनीं। डीसी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित समाधान करने के निर्देश भी दिये गये। वहीं कुछ मामलों में उन्होंने संबंधित बीडीओ-सीओ को फोन कर अविलंब कार्रवाई करने की बात कही। चैनपुर के नरसिंहपुर पथरा से आये पिंकू कुमार ने उपायुक्त को बताया कि सिंचाई की सुविधा न होने के कारण फसल की उपज नहीं हो पा रहा है। उन्होंने उपायुक्त से कुआं निर्माण कराने को लेकर अनुरोध किया। वहीं पांडु के कजरु खुर्द से आये अखिलेश राम ने बताया कि उनका दोनों किडनी खराब है। उन्होंने उपायुक्त से अपने इलाज के लिये सहायता राशि उप्लब्ध कराने का अनुरोध किया। इसी क्रम में रामगढ़ की प्रमुख ने मनरेगा योजना में जेसीबी मशीन का प्रयोग करने की शिकायत की। जनता दरबार में राशन कार्ड में नाम जोड़वाने,जमीन संबंधी, वृद्धा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज से जुड़े आवेदन आये।

### धनतेरस पर लोगों ने की जमकर खरीदारी

नवीन मेल संवाददाता

**पांकी।** पांकी प्रखंड में धनतेरस पर लोग जमकर खरीदारी करते दिखे। किसी ने सोने-चांदी के सिक्के खरीदे तो अधिकांश लोग शुभ मानते हुए बरतन की खरीदारी की। ऐसी मान्यता है कि इस दिन की जाने वाली खरीदारी में 13 गुना वृद्धि होती है । जिससे संपत्ति भी 13 गुना बढ़ती है। धनतेरस पर सोने-चांदी और बर्तन के अलावा कुछ लोग घर की जरूरतों का इलेक्ट्रॉनिक्स सामान, मोबाइल फोन, झाड़ू, धनिया वगैरह भी खरीदते हैं। धनतेरस की खरीदारी यदि शुभ मुहूर्त में की जाए तो मां लक्ष्मी सुख-समृद्धि व धन-वैभव प्रदान करती हैं।

### डीएवी मनोज पब्लिक स्कूल के बच्चे शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** डीएवी मनोज पब्लिक स्कूल पिरोजी कौवाखोह हरिहरगंज के 80 विद्यार्थी सुरक्षित बस से एक दिनी शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना हुए। स्कूल के संस्थापक डा. विनोद कुमार ने हरी झंडी दिखाकर बच्चों को रवाना किया। इस संबंध में निदेशक डा. मनोज कुमार ने बताया कि विद्यार्थियों को बेतला, नेतरहाट,




लोध जलप्रपात आदि का भ्रमण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों का बौद्धिक व मानसिक विकास होता है। मौके पर उपनिदेशक भीमसेन प्रसाद, प्रधानाचार्य आदित्य राय, स्कूल इंचार्ज मो. सिराज हासिब, शिक्षक पंकज कुमार, पप्पू कुमार, अमिताभ कुमार, सौजन्य, ज्योति, पूनम वर्मा, पूनम शर्मा, मंजू गुप्ता, मंजू वर्मा, शिखा, प्रियंका, रुपा नेहा, सौजन्या, सुषमा मौजूद थीं।

### भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सह दिशा सदस्य ने जताया रोष

## जिला स्कूल टंकी से जलापूर्ति न होने से पर्व पर होगी परेशानी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला स्कूल स्थित टंकी से शुक्रवार को जलापूर्ति नहीं होने से प्रकाश पर्व की तैयारी में जुटे नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व दिशा के सदस्य परशुराम ओझा ने रोष जताते हुए कहा कि शुक्रवार सुबह जब पानी खुला तो पता लगा की टंकी पर पानी ही नहीं चढ़ाया गया है। कारण बताया गया कि जिला स्कूल के पास स्पेंडल खराब होने के कारण पानी नहीं चढ़ सका है। इस संबंध में जब पीएचईडी के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर को जानकारी देने के लिए उनके मोबाइल पर फोन किया गया तो रिंग जाने के बाद भी उन्होंने फोन नहीं उठाया।



संबंधित विभाग के कर्मियों ने बताया कि शुक्रवार को खराब स्पेंडेल को खोल कर बनाने के लिए दिया गया है। किंतु तत्काल उसका मरम्मत नहीं होने से शनिवार को भी जिला स्कूल व बीएन कॉलेज से पानी की आपूर्ति नहीं हो सकेगी। सप्लाई नहीं होगा। ऐसी स्थिति में प्रकाश पर्व पर विभागीय उदासीनता के कारण लगातार दो दिन जलापूर्ति बाधित होने घोर संवेदनहीनता है। उन्होंने उपायुक्त पलामू व नगर निगम आयुक्त का ध्यान आकृष्ट कराते हुए तत्काल जलापूर्ति सुचारू कराये जाने की मांग की है।

### श्रद्धा

### क्षेत्रवासियों में आमंत्रण पत्र वितरण का कार्य जोरों पर

## कोयल तट से कलश लेकर यज्ञ स्थल पर पहुंचेंगे श्रद्धालुः गुरु पांडे

### सभी सनातनी यज्ञ में शामिल होकर पुण्य के भागी बनें : अर्जुन पांडेय

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जलयात्रा के दिन 21 नवंबर को गिरवर स्कूल स्थित कोयल नदी तट पर कलश में जल भर कर श्रद्धालु यज्ञ स्थल पर पहुंचेंगे। चैनपुर क्षेत्र के श्रद्धालु सीधे कोयल नदी के तट पर पहुंचे। उक्त आह्वान श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ सह श्रीमद् भागवत कथा समिति के संयोजक अर्जुन पांडेय उर्फ गुरु पांडेय ने किया है। वे गुरुवार की देर शाम जीएलए कॉलेज रोड स्थित भवानी नगर में स्थानीय निवासियों को यज्ञ में शामिल होने के लिए आमंत्रण देने पहुंचे थे। राधा कृष्ण मंदिर परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में अर्जुन पांडेय ने क्षेत्रवासियों को राधा कृष्ण लिखित पट्टा पहनाकर सम्मानित किया।



उन्होंने कहा कि सभी सनातनी यज्ञ में शामिल होकर पुण्य के भागी बनें। इस संबंध में सामूहिक निमंत्रण पत्र वार्ड कमिश्नर मनोज प्रजापति को दिया गया। श्री पांडेय ने बताया कि कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर वाराणसी से सीधे हेलीकाप्टर से डालटनगंज स्थित शिवाजी मैदान में 10 बजे पहुंचेंगे। इस दौरान गुरु पांडेय ने राधा कृष्ण मंदिर के गुंबद निर्माण में आने वाले पूरे खर्च का वहन करने का संकल्प दोहराया। राधा कृष्ण मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष अवधेश शुक्ला ने अर्जुन पांडेय समेत यज्ञ समिति के पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। यज्ञ समिति के महासचिव विकास दुबे ने कहा कि जल यात्रा समाप्ति के बाद यज्ञ परिसर में सभी श्रद्धालुओं के लिए फलाहार की व्यवस्था की गई है। महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से 7 बजे शाम तक देवकीनंदन ठाकुर जी का प्रवचन होगा। इसके पूर्व मंदिर निर्माण राधा कृष्ण मंदिर निर्माण समिति के कोषाध्यक्ष अरविंद पांडेय ने कहा कि पलामू में इतना बड़ा कार्यक्रम गुरूकृपा से ही संभव हो रहा है। मंदिर निर्माण समिति के सचिव परशुराम सोनी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन पंकज शुक्ला ने किया। मौके पर महायज्ञ समिति के महासचिव शैलेश दुबे, शैलेश तिवारी ,विकास दुबे,समाजसेवी नागेंद्र भारती, निलेश शुक्ला, अजीत कुमार मनोज सिंह, शंभू जयसवाल, राधेश्याम जयसवाल, राहुल कुमार, अवधेश सिंह आदि मौजूद थे।

## गागर में सागर

### आयुर्वेद दिवस पर धनवंतरी जयंती कार्यक्रम का किया गया आयोजन




**बड़गड़।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन में आयुर्वेद दिवस पर धनवंतरी जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर आयुष चिकित्सा पदाधिकारी प्रभात कुमार ने आयुर्वेद में भगवान धनवंतरी की भूमिका पर प्रकाश डाला। मानव जीवन में शारीरिक स्वास्थ्य हेतू आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के महत्व पर विस्तृत रूप से जानकारी दी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश, भाजपा मंडल अध्यक्ष बजरंग प्रसाद, बीस सूत्री सदस्य संदीप गुप्ता, टेहरी पंचायत की मुखिया बिनको टोप्पो, जिला कर समिति सदस्य सुरेश प्रसाद केसरी, युवा मोर्चा अध्यक्ष रंजीत जयसवाल, सुबाश प्रसाद, उपकार प्रसाद, ब्रह्मदेव राम, एएनएम लक्ष्मीकांती सिन्हा, सुमन मिंज, एमपीडब्ल्यू संदीप कुमार सिंह पोकली देवी, सारिका कच्छप, ललिता नगेसिया, कविता देवी आदि उपस्थित थे।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बदलाव

**केतार।** प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम ने प्रखंड में आपकी योजना- आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का छठ पर्व को लेकर पंचायतवार तिथि निर्धारण में बदलाव कर दिया है। इसमें अब परती कुशवानी पंचायत भवन में 28 नवंबर, पाचाडुमर पंचायत सचिवालय में 1 दिसंबर, केतार पंचायत सचिवालय में 4 दिसंबर, बलिगढ़. पंचायत सचिवालय में 7 दिसंबर, मुकुंदपुर के नारायण वन में 11 दिसंबर, परसोडीह में 16 दिसंबर और लोहरगाड़ा पंचायत सचिवालय में 23 दिसंबर को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। बीडीओ ने कहा कि पंचायतों में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित कर आमजनों को लोक कल्याणकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ पहुंचाया जायेगा।

### 'बेहतर स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद जरूरी'




**गढ़वा।** संयुक्त औषधालय की ओर से आयुर्वेद दिवस समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला आयुष पदाधिकारी डॅ सुरेश कुमार, आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अनिल कुमार ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर नीमा जिलाध्यक्ष डॉ अनिल साव ने कहा कि आयुर्वेद सबसे पुरानी पद्धति है। मौके पर डॉक्टर संजय कुमार, डॉ राकेश कुमार गुप्ता, डॉक्टर गौरव विक्रम, डॉ जेपी ठाकुर सहित बड़ी संख्या में आयुष डॉक्टर उपस्थित थे।

### फर्नीचर शोरूम का किया गया उद्घाटन



**गढ़वा।** जिला नगर परिषद क्षेत्र के नगवा मुंहल्ला में शुक्रवार को मनीष इंटरप्राइजेज फर्नीचर शोरूम का मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह मंत्री गिरनाथ सिंह एवं विशिष्ट अतिथि कमलापुरी समाज के अध्यक्ष वृजमोहन कमलापुरी ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। मौके पर शिक्षाविद सह भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अलख नाथ पांडेय, राजमनी कमलापुरी विनोद कमलापुरी, मनीष कमलापुरी लखन कश्यप, सांसद के नगर परिषद प्रतिनिधि चंदन जायसवाल, नंद कुमार गुप्ता, विजय केशरी आदि मौजूद रहे।

### सदीक के निधन पर किया शोक व्यक्त

**चंदवा।** प्रखंड शौण्डिक जायसवाल समाज ने चंदवा थाना के चौकीदार रहे सदीक अंसारी की निर्मम हत्या पर गहरी शोक संवेदना प्रकट की है। समाज के अध्यक्ष प्रमोद साहू ने कहा कि सदीक सभी समाज के लोगों की मदद किया करते थे। सदीक के रहने से ग्रामीणों को भी थाना संबंधित कार्यों में राहत होती थी। शोक व्यक्त करने वालों में राजकुमार साहू, प्रेम शंकर भगत, सतेंद्र प्रसाद साहू, राम नरेश गुप्ता, महेंद्र प्रसाद साहू, संतोष प्रसाद साहू, किरण प्रसाद, अमित गुप्ता, रंजीत गुप्ता, सुधीर प्रसाद, मुकेश प्रसाद, मुरली प्रसाद, प्रमोद जायसवाल, सुबोध जयसवाल, दीपक भगत, आशीष गुप्ता, देवनारायण साहू, अजय साहू, धनेश प्रसाद, दिनेश प्रसाद, आदर्श रवि राज आदि शामिल हैं।

## जिले में इस बार 35 से 40 करोड़ रुपये का कारोबार होने का अनुमान

# धनतेरस पर बाजारों में धनवर्षा

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा/मेराल/भवनाथपुर**

जिले में धनतेरस को लेकर सजी दुकानों में शुक्रवार को जमकर खरीदारी हुई। शहर मुख्यालय से लेकर प्रखंडों के बाजारों में भी खरीदारों की भीड़ लगी। जमकर धनवर्षा हुई। इस वर्ष का धनतेरस बाजार पिछली बार से उछाल पर रहा। सुबह से लेकर देर रात तक बाजार खरीदारों से गुलजार रहा। जिले में पिछले धनतेरस पर लगभग 30 करोड़ का व्यवसाय हुआ था। इस बार 35 से 40 करोड़ रुपये का व्यवसाय का अनुमान लगाया जा रहा है। इसमें ज्यादातर खरीदारी बड़े-छोटे वाहन, ज्वेलरी, इलेक्ट्रॉनिक गुड्स व बर्तन की हुई। सुबह दस बजे से ही लोग धनतेरस की खरीदारी करने बाजार पहुंचने लगे थे। जैसे-जैसे शाम ढलती गई, बाजार की रौनक बढ़ती गई। शाम में शहर में मेले का माहौल कायम हो गया। रंका चौक से लेकर मंझिआव मोड़ और पुरानी बाजार में लोगों का तांता लगा रहा। यह स्थिति देर रात तक रही।



**चम्मच से लेकर वाहनों तक हुई खरीदारी :** बाजार में लोग सोने-चांदी के सिक्के के साथ-साथ वाहनों तक की खरीदारी करते देखे गए। बाजार में उमड़ी भीड़ का एक बड़ा समूह बर्तन दुकानों पर जमा रहा। लोग अपने घरेलू प्रयोग में आने वाले बर्तनों की खरीदारी जमकर की। डिनर सेट, चम्मच सेट के अलावा थाली, ग्लास, कटोरा, प्लेट आदि के सेट खरीदते देखे गए। धनतेरस पर खरीदारी करने पहुंचे लोग बाजार से झाड़ू खरीदना नहीं भूल रहे थे। लोगों ने धनतेरस पर झाड़ू खरीदने की परंपरा का भी निर्वहन किया।

**300 बाइक की हुई बिक्री :** धनतेरस पर सभी बाइक के शो-रूम में ग्राहकों की भीड़ देखी गई। हीरो बाइक के शो रूम में अधिक भीड़ देखी गई। हीरो के बाइक के लिए 75 ग्राहकों ने पहले से एडवांस बुकिंग करा रखी थी। हीरो बाइक शो रूम में ग्राहकों की लंबी कतार लगी। यहां 140 बाइक की बिक्री हुई। पिछले साल यहां 90 बाइक बिका था। होंडा शो रूम में भी 30 ग्राहक एडवांस बुकिंग करा रखा था। लगभग 70 लोगों ने धनतेरस पर नई बाइक की खरीदारी की। पिछले साल यहां 40 बाइक की बिक्री हुई थी। बजाज व टीवीएस के बाइक शो रूम में भी काफी संख्या में लोग बाइक की खरीदारी करने पहुंचे थे। सभी शो-रूमों को मिलाकर लगभग 300 बाइक की हुई। महेंद्रा फोर विलर शो रूम में भी धनतेरस के मौके पर खरीदारों की भीड़ उमड़ी। इस शो रूम में धनतेरस पर इस बार 30 वाहनों की बिक्री हुई। इसमें स्कॉर्पियो, बोलेरो व मालवाहक पिकअप शामिल है। पिछले साल यहां 25 वाहनों की बिक्री हुई थी। इसके अलावा ट्रैक्टर शो रूमों में भी धनतेरस पर खरीदारों की भीड़ लगी रही। महेंद्रा, आयसर, सोनालिका, मेसी आदि कंपनियों के 35 ट्रैक्टर की बिक्री हुई।

**ज्वेलरी व इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानों पर भी रही भीड़ :** धनतेरस पर ज्वेलरी व इलेक्ट्रॉनिक्स सामान की भी जमकर खरीदारी हुई। ज्वेलरी दुकानों में महिलाओं का तांता लगा रहा। सोने-चांदी के सिक्के के साथ आभूषणों की खरीदारी महिलाओं द्वारा की गई। इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानों पर एलसीडी, एलईडी, वाशिंग मशीन, फ्रिज, गीजर आदि सामान की बंफर बिक्री हुई।

वहीं मेराल में धनतेरस पर मेराल में बर्तन सहित आभूषणों की खरीदारी की गई। मेराल बस स्टैंड तथा स्टेशन रोड में सुबह से ही दुकानों को सजाया गया था। दुकानदार तालो सोनी, युगल सोनी, सरजू सोनी, तजमुल अंसारी, नूरमोहम्मद अंसारी आदि ने बताया कि धनतेरस पर बर्तनों के साथ-साथ चांदी के सिक्कों की खरीदारी लोगों द्वारा की गई, लेकिन विगत वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष की बिक्री सामान्य रही।

वहीं भवनाथपुर प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को धनतेरस पर करीब 1 करोड़ रुपये से अधिक के कारोबार हुआ। खरीदारी के लिए सबसे ज्यादा भीड़ हीरो, टीवीएस, बजाज तथा होंडा एजेंसी पर देखने को मिली। सुबह से ही बाजारों में लोगों की चहल-पहल देखी गई। दोपहर होते-होते बाजारों में लोगों की भीड़ बढ़ने लगी। देर रात तक लोगों ने खरीदारी की। लोगों ने इलेक्ट्रॉनिक सामान, मोबाइल, सोना व चांदी के आभूषण, सिक्का, गणेश लक्ष्मी की प्रतिमा तथा विभिन्न प्रकार सामान की जमकर खरीदारी की।

## प्रमुख ने प्रखंड कार्यालय का किया निरीक्षण, उन्हें पांच कर्मचारी मिले गायब

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**



प्रमुख चंद्रावती देवी ने शुक्रवार को प्रखंड एवं अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान 11:15 बजे तक पांच कर्मी बिना सूचना के अनुपस्थित पाए गये। ज्ञात हो कि प्रमुख चंद्रावती देवी को प्रखंड एवं अंचल कर्मियों का कार्यालय लेट आने की सूचना मिली थी। कार्यालय भी बंद मिले। प्रमुख ने कहा की लेट से कार्यालय आने वाले कर्मियों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कर्मियों को प्रखंड मुख्यालय में रहने की हिदायत दी है। निरीक्षण में पंचायत सचिव अशोक कुमार, जेई सत्यम पासवान, अमित कुमार, एकाउंटेंट जितेंद्र कुमार और अंचल कम्प्यूटर आपरेटर रघुनाथ पाल अनुपस्थित पाए गये, जबकि निरीक्षण की सूचना पाकर कई कर्मी भागे -भागे कार्यालय पहुंचे। उन्होंने बीडीओ को उक्त कर्मियों का एक दिन का वेतन काटने को कहा है।

### प्रमुख ने प्रखंडकर्मियों के साथ की बैठक

प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने प्रखंड कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की। इसमें प्रमुख ने प्रखंड में संचालित विकास योजनाओं में उपयोगिता प्रमाण पत्र लगाने का निर्देश रोजगार सेवक और पंचायत सचिव को दिया है। उन्होंने आम बागवानी योजना की सूची उपलब्ध कराने, मनरेगा की सभी योजनाओं का अनुमोदन पंचायत समिति से कराने को कहा है। वहीं प्रखंड में चल रहे आंगनबाड़ी भवन के निर्माण कार्यों की सूची उपलब्ध कराने, वित्तीय वर्ष 2023-24 के सिंचाई कूप के कोडिंग की सूची उपलब्ध कराने और अनगोइंग तालाब की भी सूची एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध कराने को कहा है। इसका अनुपालन नहीं करने वाले कर्मियों पर कारवाई करने की चेतावनी दी है। बैठक में बीपीओ मनोज, पंचायत सचिव राजीव कुमार, आदित्य कुमार, आयुषी चौबे, रोजगार सेवक पंकज कुमार सिंह, रामकुमार प्रजापति, दीपक जयसवाल, छोटन कुमार, जेई अमर भारती, आनंद कुमार, राजीव कुमार, समन्वयक अनुप कुमार, कम्प्यूटर आपरेटर दीपक कुमार, सीराज अंसारी आदि मौजूद थे।

## 6 योजनाओं का शिलान्यास/उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

प्रखंड के बलिगढ़ पंचायत के मुखिया ललिता कुमारी ने शुक्रवार को 22.84 लाख रुपये की लागत से आधा दर्जन योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। मुखिया ने खोनहर गांव में छठ घाट के पास 3 लाख रुपये की लागत से पीसीसी सड़क का शिलान्यास किया। वहीं चेचरीया में 1 लाख रुपये की लागत से चबुतरा निर्माण का शिलान्यास, मोटंगवा में 2 लाख की लागत से और चांदवा टोला में 2 लाख 50 हजार रुपये की लागत से पीसीसी सड़क का शिलान्यास किया। वहीं बलिगढ़ गांव के विभिन्न टोलों में 14.34 लाख रुपये की लागत से तीन जल मीनार का उद्घाटन किया। मुखिया ने कहा कि जानता ने जिस उम्मीद के साथ पंचायत की कमान उन्हें सौंपी है, उसका समाधान करने का प्रयास कर रही हूं। उन्होंने कहा कि पंचायत क्षेत्र की सभी कच्ची सड़कों का पक्कीकरण किया जायेगा। उन्होंने संवेदक को गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण कराने की बात कही। मौके पर पंचायत समिति सदस्य ऊषा देवी, मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन गुप्ता, कामेश्वर सिंह छोटन सिंह, वार्ड सदस्य पिंकी देवी, रमेश राम, मनीष कुमार गुप्ता, महेंद्र गुप्ता, पुरुषोत्तम प्रसाद आदि मौजूद थे।




## खेत में हाथी ने युवक को पटक कर किया घायल

**भंडरिया।** थाना क्षेत्र के रोदो गांव में सुधीर सिंह (41) सुबह आठ बजे गांव के ही बगल में अपने खेत में धान देखने के लिए गया था। जैसे ही खेत में पहुंचा पहले से ही वहां चार-पांच की संख्या में मौजूद हाथियों ने हमला कर दिया और उठा के पटक दिया। आवाज सुन गांव वाले खेत की तरफ गए। देखा कि सुधीर वहां पड़ा हुआ है। गांव वाले उसे उठा कर भंडरिया हॉस्पिटल लेकर आए, जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे डाल्टनगंज रेफर कर दिया गया।

## एक ही दिन में दो जगह से दो शव फांसी के फंदे से झूलते हुए बरामद

### दोनों के बीच चल रहा था प्रेम प्रसंग, जांच में जुटी पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग जगहों पर दो लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पहली घटना कठौतिया गांव के लामी जंगल में पूनम उर्फ गुड्डी देवी (27) पति अजीत कोरवा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बताया कि पूनम एक सप्ताह से घर से गायब थी। उसका ससुराल चिनिया थाना क्षेत्र के मसरा गांव में था, जबकि मायका कठौतिया था। पति अजीत ने बताया कि उसकी पत्नी का प्रेम प्रसंग बरवाडीह गांव निवासी नसीम अंसारी से चल रहा था। वहीं नसीम अंसारी (30) ने भी अपने घर से कुछ दूर पर नीम के पेड़ में गुरुवार की रात्रि फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। नसीम ने अपने दोस्तों से बताया था कि जब पूनम मर गई तो हम जिंदा रह कर क्या करेंगे। पूनम का शव पूरी तरह सड़ गल चुका था। उसका शव लगभग चार-पांच दिन पहले का प्रतीत हो रहा था। चिनिया थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार ने बताया कि दोनों ही घटनाओं की गहनता से जांच की जा रही है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया गया है। मृतक दोनों के एक-एक बच्चे भी हैं।

## वॉटरवेज भूमि पर अठारहा समूह ने किया दखल कब्जा

### अंचलकर्मी बोले, वाटरवेज की भूमि है हमारी, त्योहारों के बाद किया जाएगा सत्यापन

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

प्रखंड मुख्यालय स्थित डंडई गांव के अठारहा समूह के लोगों ने डंडई वॉटरवेज की भूमि पर गुरुवार देर शाम धावा बोल दिया। इस दौरान उक्त भूमि को अपना बता कर जहां तहां सीमेंट का पिलर भी गाड़ दिया गया। इतना ही नहीं, मुखिया प्रतिनिधि महेश्वर राम की ओर से वॉलीबॉल को लेकर उक्त स्थल पर गाड़े गए बांस के दो खंभों को भी कबाड़ कर फेंक दिया गया। वहीं बिना देर किए स्थल से ही मामले की जानकारी स्थानीय ग्रामीणों द्वारा अंचल अधिकारी से लेकर अंचल के कई कर्मियों तक पहुंचा दी गई।

जानकारी के अनुसार 20 से 25 दिन पूर्व अंचल अधिकारी चुनाराम हेम्ब्रम के निर्देश पर सीआई राजेंद्र यादव की उपस्थिति में वॉटरवेज की 90 डिसमिल भूमि की मापी कराई गई थी। उस दौरान उनके द्वारा उक्त भूमि को अपना बता उस पर वर्षों से ठेला और गुमटी के माध्यम कई तरह की दुकान चला रहे दुकानदारों को बलपूर्वक हटा दिया गया था। उसके बाद से मुक्त भूमि खाली पड़ी हुई थी। वॉलीबॉल खेल के लिए स्थल पर गाड़े गए नेट के खंभे को कबाड़े जाने से नाराज हुए मुखिया प्रतिनिधि ने कहा कि मैं पूरी तरह जान रहा था कि यह भूमि वॉटरवेज की है। उन्होंने कहा कि गांव के युवकों के कहने पर वॉलीबॉल खेल के लिए उक्त स्थल पर नेट के साथ बांस के दो खंभे गड़वाए थे। वहीं प्रमुख प्रतिनिधि घूरबीगण बैठा ने प्रतिक्रिया देते कहा कि अंचल कर्मियों के द्वारा उक्त भूमि की मापी कर जब अपना बता दिया गया है तो वह किसी दूसरे की कैसे हो सकती है। उनके द्वारा अगर गलत भी हुआ होगा तो दस्तावेज के आधार पर पुनः भूमि की मापी की जा सकती है। मामले में सीआई राजेंद्र यादव ने बताया कि गुरुवार को अंचल अधिकारी के निर्देश पर मेरे अलावा अंचल के कई कर्मियों द्वारा बाजार समिति के खाता 1506 की भूमि की मापी की जा रही थी। मापी की प्रक्रिया पूरी नहीं होने पर शाम होते ही हम सभी अपने-अपने घर लौटकर चले आये। उन्होंने कहा कि वॉटरवेज की भूमि को पूरी तरह हम लोगों द्वारा अतिक्रमण मुक्त करा लिया गया है। उक्त भूमि पर किसी व्यक्ति विशेष द्वारा अगर दखल कब्जा या पिल्लड़ भी गाड़ा गया होगा तो वह बिल्कुल रूप से अवैध है। दीपावली व छठ पूजा के बाद सभी लोगों से दस्तावेज की मांग की जाएगी। उसके अनुसार अग्रेतर करवाई की जाएगी। जानकारी मिलते ही अठारहा समूह के लोगों से जानकारी हासिल की तो उनके द्वारा मामले पर गलती महसूस करने का काम किया गया है। वहीं अंचल अधिकारी चुनाराम हेंब्रम ने बताया कि किसी के द्वारा अवैध कब्जा कर लेने या पिल्लड़ गाड़ देने से उसकी भूमि नहीं हो जाती है। उन्होंने कहा कि पर्व के बाद दस्तावेज के आधार पर उसका सत्यापन करने का काम किया जाएगा।

## झामुमो ने 20सूत्री अध्यक्ष पर लगाये गंभीर आरोप

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अभिजीत किशोर पासवान तथा उपप्रमुख देवदत प्रसाद आर्य ने प्रेसवार्ता आयोजित कर 20 सूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक पर कई गंभीर आरोप लगाए। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अभिजीत किशोर पासवान ने कहा कि राजेश कुमार रजक द्वारा मनरेगा योजना, वित्त जिला परिषद फंड से कई योजनाओं को निजी लाभ के उद्देश्य से अपने तथा सगे संबंधियों के नाम से कराया गया है, जो अभी तक धरातल पर नहीं है। इसके अलावे अपने पिता, बहन तथा खुद के नाम से प्रधानमंत्री आवास ले लिया, जो सरासर गलत है। इसके बावजूद इन सब पर पर्दा डालने के लिए जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान पर गलत बयान देते फिर रहे हैं। साथ ही बताया उनकी भाभी आभा रानी प्रमुख है। ग्रामीणों व जनप्रतिनिधि किसी भी समस्या को लेकर प्रमुख आभा रानी से बात करते हैं तो राजेश रजक द्वारा आपत्ति जनक भाषा का प्रयोग किया जाता है। ग्रामीण तथा जनप्रतिनिधि प्रमुख के पास समस्या लेकर नहीं जायेंगे तो किसके पास जायेंगे। इस दौरान झामुमो के देवबंद गुप्ता, राकेश कुमार, सियाराम, रिंकू बैठा, जन्नत हुसैन आदि उपस्थित थे। वहीं 20 सूत्री अध्यक्ष खरौंधी राजेश कुमार रजक ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि उन लोगों ने जो आरोप लगाये हैं वे सरासर गलत हैं। योजना कोई भी कर सकता है, जबकि यह योजना 5 साल पुरानी है। जिप सदस्य धर्मराज पासवान के भाई बसंत पासवान के नाम चंदनी मुख्य पथ से दहवा नदी घाट तक योजना कैसे की जा रही है। हमारी लोकप्रियता से जिप सदस्य धर्मराज पासवान तथा उनके सहयोगी घबरा गए हैं। जानबूझ कर इन लोगों द्वारा जनता का काम बाधित करने का प्रयास किया जा रहा है।



## शहर को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाने की ली शपथ

**मझिआंव।** नगर पंचायत परिसर में शुक्रवार को सभी कर्मियों ने सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने की शपथ ली। साथ ही इस कार्य में शहरवासियों से सहयोग की अपील की गई। मौके पर स्वच्छता प्रभारी राकेश कुमार सिन्हा, नजीर अमित कुमार पाठक, कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार, अनूप तिवारी, नगर प्रबंधक जितेश कुमार, विकास कुमार सिंह तथा नगर पंचायत के सभी कर्मी उपस्थित थे।

## पंचायतों को यक्ष्मा मुक्त बनाने को लेकर टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार सिंह की अध्यक्षता में पंचायतों को यक्ष्मा मुक्त बनाने को लेकर टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व में किये गये कार्यो की समीक्षा की गईा। जिला से आये एसडीपीएस जितेंद्र कुमार ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को यक्ष्मा से पीड़ित पाये जाने पर मुफ्त इलाज के साथ-साथ पोषण के लिये 500 रुपये प्रतिमाह दिया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पंचायत में 1000 व्यक्तियों में से 50 व्यक्तियों का यक्ष्मा जांच करने का विभाग द्वारा मापदंड निर्धारित किया गया है। उपाधीक्षक डॉ गोखुल प्रसाद ने कहा कि यक्ष्मा से पीड़ित रोगियों का इलाज सभी सरकारी अस्पतालों में निशुल्क दवा सहित उपलब्ध है, जिसका लगातर छह माह तक सेवन करने से यक्ष्मा मुक्त हो सकते हैं। बैठक में प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, प्रखंड कार्यालय के प्रधान सहायक अनिल कुमार, अनुमंडलीय अस्पताल के प्रधान लिपिक राजेश कुमार, ट्रॉमा सेंटर के लिपिक विपेश राज तमांग, एसएसटी सुनील कुमार, एसटीएल एस अनिमेष राज, डीपीपी नुरुल्लाह अंसारी आदि उपस्थित रहे।



**पहल** सांसद ने किया तीन कालीकरण सड़कों व एक पुल निर्माण कार्यों का शिलान्यास

# वाजपेई के संकल्प को आगे बढ़ा रहे हैं मोदी : बीडी राम

**नवीन मेल संवाददाता। कांडी**

प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत तीन कालीकरण सड़कों व एक पुल निर्माण का शिलान्यास पलामू सांसद बीडी राम व भाजपा युवा नेता मुन्ना चंद्रवंशी व जिला पार्षद नेहा कुमारी ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को किया। 18.37 करोड़ रुपये की लागत से 20.22 किलोमीटर लंबी तीन सड़कों का निर्माण कार्य होना है, जबकि 3.21 करोड़ की लागत से एक उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कार्य होना है। सोहगाड़ा मोड़ से गरदाहा मोड़ तक 5 किमी 650 मीटर लंबी व 12 फीट 4 इंच चौड़ी जिसकी लागत राशि 4 करोड़ 54 लाख, मोखापी मोड़ से कांडी लम्बाई 8 किमी 850 मीटर, चौड़ाई 18 फीट, लागत 9 करोड़ 42 लाख व मरहटिया से बेलहथ तक लंबाई 5 किमी 720 मीटर, चौड़ाई 12 फीट 4 इंच, लागत 4 करोड़ 41 लाख रुपये से तीन सड़कों का निर्माण होगा। उक्त सभी सड़कें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बननी हैं। तीनों सड़कों का निर्माण कार्य स्वस्तिक इंटर प्राइजेज के तत्वधान में होना है। वहीं पंडी नदी पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण होगा, जिसकी लंबाई 44 फीट, चौड़ाई 18 फीट, लागत3 करोड़ 21 लाख है। यह पुल नंदनी इंटर प्राइजेज बनाएगी।



मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामलला दुबे, अंजनी सिंह, सूर्यदेव मेहता, सत्येंद्र चौबे, श्यामसुंदर शर्मा, पारस चौबे, मुखिया ललित बैठा, छोटन उपाध्याय, पूर्व मुखिया कृष्णा दास, पप्पू पांडेय, राजेन्द्र पांडेय, मुन्ना चौबे, गोरख साह, पुष्परंजन पांडेय सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे। मोखापी मोड़ पर कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए पलामू सांसद बीडी राम ने कहा कि भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने सभी गांवों को मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की शुरुआत की थी। उन्होंने कहा कि उनके इसी संकल्प को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगे बढ़ा रहे हैं। भाजपा नेता ईश्वर सागर चंद्रवंशी, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि दिनेश कुमार, सत्येंद्र चौबे, भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामलला दुबे आदि ने भी सभा को संबोधित किया। मौके पर विजय कुमार चौबे, सतीश चौबे, अजय मेहता, सुनील राम, रामबली मेहता, राहुल पासवान, शिव कुमार साह, सुभाष पांडेय, कुंडल सिंह, भीम कुमार रवि सहित एक दर्जन से अधिक लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

## इलाज के दौरान अध्यापक की मौत, शिक्षा जगत में शोक

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**



प्रखंड के स्तरोन्नत उच्च विद्यालय डोल के सहायक अध्यापक मानदेव राम का शुक्रवार की सुबह इलाज के दौरान रांची में निधन हो गया। इसकी खबर मिलते ही शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई। पिछले तीन माह से गंभीर बीमारी से पीड़ित मानदेव राम रांची में इलाजरत थे। उनके निधन से प्रखंड के स्तरोन्नत उच्च विद्यालय चिनिया, मध्य विद्यालय रानीचेरी, मध्य विद्यालय चिरका, मध्य विद्यालय बिलैतीखैर, स्तरोन्नत उच्च विद्यालय डोल सहित कई विद्यालयों में शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने 2 मिनट का मौन धारण कर शोक संवेदना व्यक्त की तथा ईश्वर से आत्मा के शांति के लिए प्रार्थना की। मौके पर शिक्षक अरुण कुमार मेहता, बृजेंद्र पांडे, उपेंद्र प्रसाद, जयशंकर प्रसाद, रंजीत यादव, मिथिलेश प्रसाद यादव, प्रभु नारायण, समीर कुमार, तनवीर अंसारी, देव कुमार प्रसाद, राजेश राम, मोबिन अख्तर, नरेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

## गागर में सागर

### दिवगंत पूर्व मुखिया के परिजनों को वर्तमान मुखिया ने की आर्थिक मदद

**कुंदा।** प्रखंड अंतर्गत नवादा पंचायत के दिवंगत पूर्व मुखिया बिगन गंझु के परिजनों को पंचायत के सहायक अध्यापक, आंगनबाड़ी सेविका व वर्तमान मुखिया भरत यादव ने संयुक्त रूप से श्राद्ध कार्यक्रम को लेकर आर्थिक सहयोग किया। ज्ञात हो की पूर्व मुखिया की मौत विगत 30 अक्टूबर को आकस्मिक रूप से हो गई थी। उनके परिवार के दैनिय आर्थिक स्थिति को देखते हुए मुखिया के नेतृत्व में पंचायत के लोगों ने आर्थिक सहयोग किया है। दिवंगत ईमानदार व साफ छवि के थे।

### गिद्धौर में कोलवाहन हुआ दुर्घटनाग्रस्त

**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चतरा-हजारीबाग मुख्य पथ में बांय मोड़ के समीप शुक्रवार को अनियंत्रित कोलवाहन हाइवा सड़क के किनारे झाड़ी में घुस गया। हालांकि वाहन पलटने से बच गया और चालक बाल बाल बच गया। बताया गया की कटकमसांडी में कोयला डंप कर वापस केरेडाडी जा रहा था वाहन। इसीबीच बांय मोड़ के समीप अनियंत्रित हो सड़क के किनारे झाड़ी में घुस गया।मालूम हो कि आए दिन चतरा-हजारीबाग मुख्य पथ पर कोलवाहन हाइवा का इस तरह दुर्घटनाग्रस्त होना आम घटना हो गई है। ऐसे में सड़क किनारे बसे गांव वाले कोलवाहन हाइवा के परिचलन से दहस्ता में रहते हैं।

### बिरहोर टोला में ट्रैक्टर से बैटरी की चोरी

**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र के जपुआ गांव के बिरहोर टोला में खड़े ट्रैक्टर से अज्ञात चोरों ने बैटरी की चोरी कर फरार हो गए। घटना बीते गुरुवार की रात की है। ट्रैक्टर मालिक ऊपर टोला निवासी उपेंद्र दांगी ने बताया कि बीते गुरुवार शाम ड्राइवर बीडीओ बिरहोर ने ट्रेक्टर अपने घर पास खड़ा किया था। शुक्रवार की सुबह देखा तो ट्रैक्टर में बैटरी नहीं है ट्रैक्टर मालिक ने बताया कि ट्रैक्टर से बैट्रीक की चोरी होने की घटना क्षेत्र में कई बार हो चुकी है।

### बरवाडीह में आपके द्वार कार्यक्रम 24 से

**बरवाडीह।** हेमंत सरकार के चार वर्ष पूरे होने पर प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों की समस्याओं के निदान के लिए 24 नवंबर से 28 दिसंबर तक पंचायत वार कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने बताया कि प्रखंड के केचकी पंचायत में 24 नवंबर, पोखरी कला पंचायत में 25 नवंबर, बेतला में 28 नवंबर, बरवाडीह पंचायत मुख्यालय में 29 नवंबर, मंगरा पंचायत में 1 दिसंबर, छेंचा पंचायत में 2 दिसंबर, खूरा पंचायत में 4 दिसंबर, मोरवाई में 6 दिसंबर को, उकामड़ में 8 दिसंबर को, कुचिला में 11 दिसंबर को, छिपादोहर में 13 दिसंबर को, कैड़ पंचायत में 15 दिसंबर को, लात पंचायत में 18 दिसंबर को, हारातु पंचायत में 20 दिसंबर को, चुंगरू पंचायत में 22 दिसंबर को ग्राम सभा आयोजित होगी।

### उपविकास आयुक्त ने सवारी वाहनों का बस स्टैंड में ठहराव का दिया निर्देश

**बालूमाथ।** जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने जिला परिषद की मासिक बैठक में बालूमाथ मुख्य मार्ग स्थित थाना चौक के पास निरंतर लगने वाली सड़क जाम की समस्या रखी थी। इसको लेकर जिला उप विकास आयुक्त ने थाना प्रभारी एवं अंचलाधिकारी को बस पड़ाव बालूमाथ में अनधिकृत रूप से लंबे समय से खड़े वाहनों को एक सप्ताह के अंदर हटाते हुए बस पड़ाव में ही बसों का ठहराव कराने निर्देश दिया है।

### मंदिर निर्माण समिति की हुई बैठक

**बालूमाथ।** आदर्श नगर मंदिर निर्माण समिति की बैठक मंदिर परिसर में स्वामी शेषणारायनचार्य महाराज की उपस्थिति में देवेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा और रुद्र यज्ञ के आयोजन का निर्णय लिया गया। यज्ञ अगले साल 2 मार्च से 9 मार्च तक होगा। बैठक में रामजी सिंह, रति गंझू, धनुषधारी गंझू, प्रदीप गंझू, लालजीत गंझू, निर्मल सिन्हा, शैलेश सिंह, शंभू प्रसाद सिन्हा, अवधेश भगत, गजेंद्र चौबे, संजय प्रसाद, ललन सिंह, लवकेश सिंह, विकाश गर्ग, विजय कुमार, जितेंद्र सिन्हा, चंद्रभूषण मिश्र, रविंद्र प्रसाद, रामकुमार गुप्ता, रामदर्शन तिवारी, घनश्याम गंझू, रंजीत साव, अजित ओझा, अनिल कुमार, जगनारायण पाठक, चंदन कुमार, विनोद साहू आदि उपस्थित रहे।

### राजद में शामिल होने पर रघुपाल सिंह को पार्टी कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

**बरवाडीह।** मनिका विधानसभा के भाजपा के पूर्व प्रत्याशी रघुपाल सिंह का राजद की सदस्यता ग्रहण करने पर राजद प्रखंड अध्यक्ष आदित्य कुमार यादव ने कहा कि रघुपाल सिंह के राष्ट्रीय जनता दल में शामिल होने से मनिका विधानसभा ही नहीं पूरे पलामू प्रमंडल में पार्टी मजबूत होगी। सिंह को बधाई देने वालो में जिला शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद यादव, जिला महासचिव नेशार अहमद, जिला सचिव जगनारायण माली, प्रखंड अध्यक्ष आदित्य कुमार यादव, प्रखंड महासचिव रविंद्र प्रसाद सोनी, प्रखंड महासचिव सम्मीउल्हा अंसारी, महासचिव मुन्नी चंद्रवंशी, महासचिव शंकर यादव, सचिव संजय कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष अयोध्या प्रसाद यादव, दलित प्रकोष्ठ के अध्यक्ष उमेश कुमार रवि, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष मुसरत अली, नन्हकु सिंह, चरकु सिंह विनय सिंह, गुलजार खां, असरफ खां, आंनद कुमार यादव आदि शामिल हैं।

# चतरा जिले में धनतेरस पर शहर से लेकर प्रखंड तक गुलजार रहे बाजार

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा/मयूरहंड/इटखोरी/प्रतापपुरः** चतरा जिले में धनतेरस पर शुक्रवार को शहर से लेकर प्रखंड तक बाजार गुलजार रहे। सुबह से देर शाम तक दुकानों में लोगों की भीड़ रही। दो पहिया व चार पहिया वाहन के शोरूम में भी भारी भीड़ उमड़ी व बड़ी संख्या में विभिन्न कंपनियों के दो पहिया वाहन जिला मुख्यालय के अलावे प्रखंडों के शोरूम में बिके। साथ ही बाजार में इलेक्ट्रॉनिक्स व बर्तन दुकानों में भी जमकर खरीदी हुई। धनतेरस पर सुबह से ही बाजार में बड़ी संख्या में लोग खरीदी करने पहुंचने लगे थे।



खासकर ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग प्रखंड व जिला मुख्यालय के बाजार पहुंचे थे। किराने की दुकानों से लेकर कपड़े की दुकानों पर भी भीड़ देखी गई। इटखोरी प्रखंड मुख्यालय में धनतेरस को लेकर बाजार में चहल-पहल रही, लोगों ने धनतेरस के शुभ अवसर पर धातु समेत कई वस्तुओं की खरीदारी की। वहीं मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र के करमा व मयूरहंड बाजार में जमकर खरीदारी की गई। धनतेरस पर कुछ लोगों ने अपने घर के लिए विशेष खरीदारी की, तो कुछ लोगों ने झाडू की खरीदारी की। धनतेरस को लेकर बाजार में अच्छी खासी खरीदारी होने से दूकानदारों के चेहरों पर लंबे समय बाद खुशी देखने को मिली।

## लक्ष्मी पूजा को लेकरा बेलहर में बनाया जा रहा भव्य पंडाल



**नवीन मेल संवाददाता। पत्थलगड़ा** पत्थलगड़ा प्रखंड के बरवाडीह पंचायत अंतर्गत बेलहर गांव में लक्ष्मी पूजा को लेकर भव्य पूजा पंडाल स्थानीय कारीगरों द्वारा बनाया जा रहा है। ज्ञात हो कि लक्ष्मी पूजा समिति बेलहर के द्वारा लगातार पांच वर्षों से ल्चमी पूजा का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष आकर्षक पूजा पंडाल निर्माण करने के साथ लाईट से सजाया जा रहा है। बेलहर युवाओं द्वारा इस पूजा को प्रारंभ किया गया है। दीपावली के दिन माता लक्ष्मी की पूजा के बाद माहा प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

# धनतेरस पर बाजार में मनी दिवाली

## खूब बिके गहने व वाहन, देर रात तक होती रही खरीदारी, पुलिस प्रशासन रहा अलर्ट

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा/मनिका/बारियातु** धनतेरस पर शुक्रवार को चंदवा में बीते साल से अधिक का कारोबार हुआ। दो पहिया वाहन, इलेक्ट्रॉनिक्स, बर्तन, सर्राफा, मोबाइल फोन और मिठाई के प्रतिष्ठानों में खूब भीड़ उमड़ी। बाजार में करीब डेढ़ से दो करोड़ रुपये का कारोबार होने का अनुमान लगाया जा रहा है। भारी भीड़ के चलते देर रात तक बाजार में खरीदारी होती रही। पुलिस भी बाजार में किसी भी अनहोनी को रोकने के लिए अलर्ट थी। धनतेरस में अकेले ऑटो मोबाइल्स सेक्टर में करीब एक करोड़ रुपये का व्यापर हुआ। करीब 100 दो पहिया वाहनों की बिक्री हुई है। इस बार बाजार पर लक्ष्मी मेहरबान रही है। त्योहारों के दिनों में बात चाहे सर्राफा दुकानों की हो या फिर होजरी की। बर्तन की दुकान हो या फिर किराना की, हर जगह धनवर्षा हो रही है। खासकर इलेक्ट्रानिक सामान के व्यवसायी इस अनोखे अवसर को भुनाने में कोई कोताही नहीं बरत रहे। मोबाइल, टीवी, म्यूजिक सिस्टम आदि की दुकान पर भी ग्राहकों की भीड़ देखी गई। संभावित मांग के मद्देनजर दुकानदारों ने खास रेंज के सामान मंगा रखे हैं। दीपोत्सव के पहले दिन ही बाजार में करीब दो करोड़ से ज्यादा का कारोबार होने से व्यापारी खुश दिखे। बाजार में दोपहर से ही ग्राहकों का आवागमन शुरू हो गया था। ऑटो मोबाइल्स और सराफा बाजार में पहले से बुकिंग हो चुकी थी। इसलिए लोगों ने मुहूर्त के अनुसार डिलीवरी ली।




**ऑनलाइन खरीदारी भी :** भीड़ से बचने के लिए कई लोगों ने ऑनलालन बेवसाइटों से घर बैठे खरीदारी की। ऑललाइन खरीदारी करने वाले अनेक लोग मायूस भी हुए, क्योकिं समय पर उनकी डिलीवरी नहीं आई।

**शहर में लगीं पटाखा दुकानें :** शहर के विभिन्न दुकानों में लगे पटाखा बाजार में शुक्रवार को खरीदारों की भीड़ देखी गई। धनतेरस पर लोगों ने भी जमकर पटाखों की खरीदारी की गई। पटाखों का ही लगभग एक लाख का कारोबार का अनुमान है।

### क्या कहते हैं दुकानदार

पूजा ज्वेलर्स के संचालक सचिन कुमार बताते हैं कि पिछले वर्ष की तुलना इस वर्ष अधिक ग्राहक आए और लोगों की डिमांड भी बढ़ी है। बाजार में उछाल आना व्यापारियों के लिए शुभ संकेत है। मून इलेक्ट्रॉनिक के मो एहतेशाम आलम कहते हैं कि इस बार युवाओं में इलेक्ट्रॉनिक गैजेट को लेकर क्रेज था। देर शाम तक ग्राहक आते रहे। वहीं मनिका में धनतेरस पर शुक्रवार को लोगों ने बर्तन, जेवर, कपड़े, मिठाइयों आदि की खरीदारी की। सुबह से ही बाजारों में लोग बड़ी संख्या में पंहुचने लगे। मनिका में इससे पहले इस दिन इतनी भीड़ नहीं देखी गई थी। वहीं बारियातु प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार टांड में धनतेरस के अवसर पर बाजार में खरीदारी जोरों पर की गई। प्रखंड की सभी 9 पंचायतों अमरवाडीह, सिबला, टोटी, बलुभांग, साल्वे, फूलसु, डाढा, गोनीया पंचायत के बारियातु बाजार पहुंचे। धनतेरस के अवसर पर खूब खरीदारी की गई। शुक्रवार व सोमवार को बारियातु में साप्ताहिक बाजार लगता है। लोगों ने भी झाड़ू, बर्तन, पूजा सामग्री आदि उपयोगी सामान की खरीदारी की गई।

## होमगार्ड कार्यालय के मुंशी व सहयोगी 3 हजार घूस लेते एसीबी के हत्थे चढ़े

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा** होमगार्ड कार्यालय चतरा के मुंशी अनुज प्रधान व सहयोगी होमगार्ड उपेंद्र कुमार दास को एसीबी की टीम ने 3000 रुपये घूस के साथ शुक्रवार को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार मुंशी व सहयोगी ड्यूटी देने के नाम पर अवैध रुपये की वसूली करता था। दोनों ने प्रमोद कुमार यादव से ड्यूटी देने के लिए 3000 रुपये घूस मांगा था। इसके बाद प्रमोद ने एसीबी को सूचना दी, तो एसीबी टीम ने जांचोपरांत दोनों को जाल बिछा कर 3000 रुपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर हजारीबाग ले गई है। उक्त कार्रवाई एसीबी के डीएसपी विमलेश त्रिपाठी के नेतृत्व में की गई।

### ड्यूटी देने के नाम पर होमगार्ड से करता था अवैध वसूली

## चमातू में लक्ष्मी पूजा की तैयारी अंतिम चरण में



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ** प्रखंड मुख्यालय स्थित चमातू ग्राम के पहाड़ी मंदिर परिसर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लक्ष्मी पूजा धूमधाम से मनाई जाएगी। समिति अध्यक्ष चेतलाल रामदास ने बताया कि मां लक्ष्मी, कार्तिक, गणेश भगवान के भव्य पंडाल पूजा के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन 13 नवंबर को रात्रि में राज्य के विशेष चर्चित कलाकारों द्वारा किया जाएगा, जिसकी तैयारी अंतिम चरण में है। पूजा समिति में उपाध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद, संतोष कुमार, मिथुन साहू, सचिव त्रिवेणी प्रसाद, उपसचिव रामानुज कुमार, राजेंद्र राम, कोषाध्यक्ष खुशियाल साव, संयोजक सुरेंद्र साव, पूजा प्रभारी समीर साव, संरक्षक खुशियाल साव, कामेश्वर राम ( उप प्रमुख बालूमाथ) ईश्वर साव, तामेश्वर साव, शिवनारायण यादव जलेश्वर साव आदि शामिल हैं।

# आगामी त्योहारों को लेकर पुलिस प्रशासन की तैयारियों की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** काली पूजा, दीपावली और छठ महापर्व के दौरान शांति, सामाजिक सौहार्द और विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी जिलों में प्रभारी पदाधिकारी के रूप में भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय पुलिस सेवा के पुलिस पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया है। लातेहार जिले में प्रभारी पदाधिकारी के रूप में भारतीय प्रशासनिक सेवा से भोर सिंह यादव व भारतीय पुलिस सेवा से अनुरंजन किस्पोट्टा को प्रतिनियुक्त किया गया है। इसी क्रम में जिले के प्रभारी पदाधिकारी भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आगामी त्योहारों के दौरान विधि व्यवस्था संधारण के लिए जिले के अधिकारियों के साथ बैठक की गई, जिसमें प्रशासनिक व पुलिस विभाग की तैयारियों की गहन समीक्षा की गई। बैठक में प्रभारी पदाधिकारी द्वारा सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आपसी समन्वय स्थापित करते हुए राज्य सरकार की गाइडलाइंस का पालन कराते हुए आगामी त्योहारों को संपन्न करना सुनिश्चित करें। कहा कि किसी प्रकार की भी छोटी से छोटी घटनाओं की सूचना तत्काल वरीय पदाधिकारियों को देने की बात कही गई।

### आपसी समन्वय स्थापित कर सरकार की गाइडलाइंस का पालन कराने पर जोर

बैठक में उपायुक्त हिमांशु मोहन ने बताया कि त्योहारों को देखते हुए सभी संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों के साथ-साथ पुलिस पदाधिकारी, सशस्त्र बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। वहीं वाहनों की सघन जांच करने तथा ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने विधि व्यवस्था संधारण के लिए थाना स्तर पर सभी आवश्यक तैयारी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने जानकारी देते कहा कि दीपावली पर्व के अवसर पर पटाखों की बिक्री करने वाले दुकानों को लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। साथ ही अपनी दुकान पर अग्निशमन उपकरण रखें तथा अपनी-अपनी दुकानों के आगे दो ड्रम पानी और भारी मात्रा में बालू और बाल्टी की व्यवस्था करेंगे। छठ घाटों की ससमय साफ-सफाई, छठ घाट में डेंजर जोन चिन्हित करने, बेरिकेडिंग करने का निर्देश दिया गया। साथ ही माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वाले असामाजिक तत्वों के साथ सख्ती से पेश आने की बात कही। आगे उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जाएगी। सोशल मीडिया पर किसी तरह की अफवाह फैलाई जाती है, तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साइबर सेल 24 घंटे सोशल मीडिया की निगरानी कर रहा है। बैठक में उप विकास आयुक्त ने छठ पूजा के दौरान क्या-क्या सावधानी बरतनी है और सरकार के क्या दिशा-निर्देश है, इससे भी सभी को अवगत कराया।

## एसआरसीसी ने आरसीसी को 3 विकेट से दी शिकस्त



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** लातेहार जिला क्रिकेट संघ की ओर से आयोजित स्कूल क्रिकेट लीग में ग्रुप बी का छठा मैच एसआरसीसी बालूमाथ बनाम आरसीसी चंदवा के बीच खेला गया। आरसीसी चंदवा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में सभी विकेट खोकर 117 रन बनाए। पवन कुमार ने 30 रन का योगदान दिया। एसआरसीसी बालूमाथ की ओर से शिवांश तथा प्रिंस ने तीन-तीन विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसआरसीसी बालूमाथ ने 17वें ओवर में 7 विकेट खोकर 117 रन बनाकर मैच जीत लिया। आरसीसी की ओर से प्रिंस यादव ने 3 विकेट चटकाए। अंपायर आनंद सिंह तथा अर्णव सिंह थे, जबकि स्कोरिंग रौनक दुबे ने की। वहीं पर्यवेक्षक श्रवण महलि थे। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार फेयरलेश फाइटर के मो. अर्शलन को मैच पर्यवेक्षक श्रवण महली द्वारा दिया गया। मौके पर संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह, प्रकाश सिंह उपस्थित थे।

### स्कूल क्रिकेट लीग : ग्रुप बी के छठे मैच में शिवांश बने मैन ऑफ द मैच

## आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर बीडीओ ने बैठक कर तय किया पंचायतवार कार्यक्रम

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** झारखंड सरकार के दिशा निर्देश पर 15 नवंबर से आयोजित होने वाले आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर पत्थलगड़ा प्रखंड सभागार में शुक्रवार बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता बीडीओ मोनी कुमारी व संचालन बीपीओ राजेश्वर कुमार ने किया। जिसमें आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रखंड के सभी पंचायत सचिवालय में आयोजन के तिथि का निर्धारण किया गया। पहले दिन 15 नवंबर को नावाडीह डमौल पंचायत, 17 को बरवाडीह पंचायत, 21 को सिंघानी पंचायत, 23 को नौनगांव पंचायत एवं 25 नवंबर को मेराल पंचायत भवन में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में अबुआ आवास, जन्म प्रमाण पत्र, वृद्धावस्था पेंशन, विकलांग पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आधार कार्ड बनाने, बैंक खाता खुलवाने सहित सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का शिविर में सभी आवेदनों का निष्पादन किया जाएगा। मौके पर मुखिया संदीप कुमार सुमन, राधिका देवी, कंचन देवी, कुमारी संगीता सिन्हा, पंचायत सचिव मोहम्मद असलम, सुरेश साव, लखन यादव, राकेश प्रसाद कम्प्यूटर आपरेटर, राजन कुमार आदि उपस्थित थे।

**कवायद** बीते वर्ष के साथ इस वर्ष ली गई फीस पंजी की जांच की

# बीईईओ ने किया स्कूलों का निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** जिला शिक्षा अधिकारी प्रिंस कुमार के निर्देश पर प्रखंड में संचालित निजी विद्यालय की मनमानी फीस बढ़ोतरी के मामले की चल रही जांच के तहत शुक्रवार को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागेंद्र कुमार ने प्रखंड में संचालित कई निजी विद्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान बीते वर्ष के साथ इस वर्ष ली गई फीस पंजी की जांच की गई। जांच के दौरान जहां कई विद्यालयों द्वारा उपलब्ध कराई गई रिपोर्ट की कई बिंदुओं पर जांच की की गई। इस दौरान सख्त निर्देश दिया गया कि कोई भी निजी विद्यालय सरकार की गाइडलाइंस से बाहर जाकर फीस बढ़ोतरी नहीं करेगा। उन्होंने नियम संगत बीते वर्ष से मात्र 10 प्रतिशत प्रतिशत ही फीस बढ़ोतरी करने का निर्देश दिया। इस दौरान प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने सभी निजी विद्यालयों को छठ तक किसी भी हालत में मनमानी फीस को घटा कर पुरानी फीस की रसीद और नये में ली गई फीस की रसीद की रिपोर्ट जमा करने का आदेश दिया, जिसका पालन नहीं करने पर विद्यालय के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा करने की चेतावनी दी। जानकारी हो कि जिप सदस्य संतोषी शेखर ने निजी स्कूलों द्वारा मनमानी फीस बढ़ोतरी का मामला जिला परिषद की बैठक में उठाया गया था। इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने मामले की स्वयं जांच करते हुए सभी निजी विद्यालयों को नियम संगत फीस लेने का निर्देश दिया था।



## नहीं रहे आरएनएम कॉलेज हंटरगंज के पूर्व प्राचार्य प्रो. अजय सिंह, शोक की लहर



**चतरा।** आरएनएम कॉलेज हंटरगंज के पूर्व प्राचार्य सह सदर प्रखंड क्षेत्र के कमात गांव निवासी प्रो. अजय कुमार सिंह नहीं रहे। शुक्रवार दोपहर लगभग 1:00 बजे उनका निधन हो गया। प्रो. अजय सिंह पिछले कुछ माह से बीमार चल रहे थे। उनका इलाज वेल्लोर के अस्पताल में चल रहा था। वेल्लोर से लौटने के क्रम में रांची के आसपास रास्ते में ही उनका निधन हो गया। दिवंगत अपने पीछे भरापुरा परिवार छोड़कर गए हैं। इनके बड़े पुत्र चंद्रकांत कमल चतरा कॉलेज में प्रोफेसर हैं। जबकि छोटे पुत्र सूर्यकांत कमल चतरा जिले के पत्रकार हैं। प्रो . अजय सिंह के असमय निधन की सूचना के बाद शिक्षा जगत में शोक की लहर है। उनके पैतृक गांव कमात में भी शोक की लहर है। दिवंगत के पुत्र चंद्रकांत कमल व पत्रकार सूर्यकांत कमल ने बताया कि शनिवार सुबह उनके पैतृक गांव कमात में अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## भाजपा का रघुपाल पर पलटवार कहा उनके जाने का असर नहीं



**नवीन मेल संवाददाता। मनिका** प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजधानी यादव एवं कार्य समिति सदस्य महेश सिंह की अध्यक्षता में प्रेस कांफ्रेंस कर मनिका विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी रघुपाल सिंह के राजद का दामन थामने पर कहा गया कि इससे भाजपा को कोई फर्क नहीं पड़ेगा। पिछले चुनाव में भाजपा को 58,000 से ऊपर मिले वोट को रघुपाल सिंह अपना वोट समझने की गलती न करें। रांची में राजद का दामन थामने के बाद रघुपाल सिंह ने भाजपा पर प्रहार करते हुए कहा था कि भाजपा से अब आदिवासियों का मोहभंग हो रहा है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा के नेताओं ने कहा कि रघुपाल सिंह जिस पार्टी को आदिवासियों का मुंह भंग होने की बात कर रहे हैं उसी पार्टी ने उनको सिंबल देकर चुनाव लड़वाया था। भाजपा के नेताओं ने दावा करते हुए कहा कि मनिका विधानसभा क्षेत्र से रघुपाल सिंह के अलावा किसी भी भाजपा नेता ने राजद का दामन नहीं थामा है। मौके पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष रामधारी सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य महेश सिंह, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष सतनारायण प्रसाद, मीडिया प्रभारी पंकज यादव, संदीप उरांव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### अवैध शराब के विरुद्ध हुई कार्रवाई तेज

**लोहरदगा।** एसपी हारीश बिन जमां के निर्देश के बाद जिले के अलग अलग थाना क्षेत्र में पुलिस अलर्ट मोड में ढाबे और होटलों में छापेमारी कर रही है। अवैध शराब बिक्री के मामले में सदर थाना और सेन्हा थाना क्षेत्र के कई होटलों पर करवाई की गई। पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर होटल और ढाबे पर पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री को लेकर ताबड़तोड़ छापेमारी की, जिसमें शहरी क्षेत्र के आधा दर्जन होटलों में छापेमारी कर शराब बरामद की गई। वहीं सेन्हा थाना क्षेत्र में भी छापेमारी कर बीयर बरामद की गई। वहीं शराब परोसने के मामले में दो होटल संचालकों को गिरफ्तार किया गया। इस छापेमारी अभियान में सेन्हा थाना पुलिस को 13 पीस बीयर बरामद हुई। वहीं सदर थाना पुलिस को 44 पीस बीयर, 1 दर्जन लीकर और 1000 से ज्यादा खाली बोतल बरामद की गई। जानकारी के अनुसार लोहरदगा एसपी हारिस बिन जमां के निर्देश के बाद लोहरदगा जिले के सभी थाना क्षेत्र में पुलिस प्रशासन अवैध शराब की बिक्री को लेकर कार्रवाई में जुटी है। पुलिस की चल रही कार्रवाई में लगातार सफलता मिल रहा है। शहर से लेकर पहाड़ी क्षेत्र के गांव तक में शराबी के विरुद्ध कार्रवाई जारी है। लोहरदगा उत्पाद अधीक्षक अनिल शर्मा ने जिला वासियों से अवैध शराब की बिक्री कीरोकथाम के लिए उत्पाद विभाग को गुप्त सूचना देने की अपील करते हुए कहा कि लोग अवैध शराब बिक्री करने में न लगे। वैसी कुछ सूचना होती है तो विभाग तक पहुंचाएं। अवैध शराब बिक्री से राजस्व को नुकसान होता है।

### प्रश्नमंच में ज्योति प्रिया बनी विजेता

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य पर धरती आबा प्रश्नमंच प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में सभी प्रश्न भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी और उपलब्धियां से पूछे गए। कक्षा 11वीं के भगवान बिरसा मुंडा सदन से ज्योति प्रिया कुजूर प्रतियोगिता की विजेता बनी। दूसरा स्थान तिलकामांझी सदन से किरण कुमारी और तीसरा स्थान फूलों-झानो सदन से अनाया सिंह ने प्राप्त किया। दर्शक दीर्घा से प्रश्नचक्र में पुरस्कार जीतने वालों में अभय साहू, नितेश उरांव, पलक कुमारी, अजय उरांव, रितु कुमारी एवं रंजीत टोप्पो शामिल हैं। प्रश्नकर्ता की भूमिका प्रीति कुमारी गुप्ता और निर्णायक की भूमिका चेतना प्रिया तथा टाइम कीपर की भूमिका कविता कुमारी ने निभाई। सभी विजेताओं को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### 'बालकों का सर्वांगीण विकास हमारा लक्ष्य'

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में विद्यालय स्तरीय विद्वत परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कृपा प्रसाद सिंह ने कहा कि बालकों का सर्वांगीण विकास करना ही हमारा प्रथम कर्तव्य है। शिक्षा एवं अनुशासन तथा समय के सदुपयोग से ही इसे प्राप्त किया जा सकता है। समाज एवं राष्ट्र के कल्याण के नियमित बालकों का सर्वांगीण विकास आवश्यक है। हमें बच्चों को संस्करवार बनाना है। अभिभावक संपर्क की निरंतर आवश्यक है। नवीन शैक्षणिक पैटर्न का विकास करना है। पाठ्यक्रम के अनुरूप चलना है तथा पैटर्न का विकास करना है। बच्चों को समझ कर पढ़ना है। अधिगम पर ध्यान देना है। बच्चों को इस तरह समझ कर पढ़ना है कि बच्चे स्वयं प्रश्न का निर्माण कर सकें। शिक्षा में राष्ट्रीयता के भाव का समावेश हो स्वाध्याय आवश्यक हो शिक्षा के प्रति एवं बालकों के विकास के निमित्त अभिभावक सक्रिय रहे। शिशु के सुलेख पर विशेष ध्यान देना चाहिए। बच्चों को प्रेम एवं प्रोत्साहन समय-समय पर देते रहना चाहिए। गृह कार्य की पूर्णता पर ध्यान अवश्य दें। शिशु के प्रति पैनी निगाह रखें। आचार्य की वाणी में मधुरता हो शिशु के मनोभाव का आदर करें। कॉपी की जांच सही रूप से हो। समाज के सभी वर्ग के लोगों को शिक्षा से जोड़ना चाहिए। बैठक में राम विलास सिंह, विपिन कुमार दास, नंदकिशोर साहू, गणेश प्रसाद साहू, सरिता जायसवाल, शिव शंकर सिंह, अशोक कुमार सिंह एवं त्रिलोचन साहू उपस्थित थे। बालक बालिका व्यक्तित्व विकास के अंतर्गत भैया लोगों के लिए पगड़ी बांधो प्रतियोगिता एवं बहनों के लिए रंगोली एवं दीप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पगड़ी बांधो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कक्षा पंचम के भैया अंश राज सिंघल द्वितीय स्थान पर कक्षा पंचम के भैया सिद्धार्थ शर्मा एवं तृतीय स्थान पर कक्षा पंचम के भैया लक्ष्य कुमार रहे। इसी क्रम में रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बहन बहन पायल कुमारी, पलक मेहता दीक्षा कुमारी, दिव्या उरांव द्वितीय स्थान पर बहन दिव्या उरांव, अमृता कुमारी, इशिका कुमारी, पूर्णिमा कुमारी एवं तृतीय स्थान पर वहां तृषा जायसवाल, प्राची सोनी, आस्था पांडे, चंचल कुमारी रही। इसी क्रम में दीप सजाओ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर माही कुमारी, सिद्धि शर्मा, सिद्धि वर्मा, कीर्ति रानी द्वितीय स्थान पर अंशु भगत, जागृति कुमारी, पल्लवी गुप्ता, शिवानी सिंह एवं तृतीय स्थान पर आयुषी सिंह, पलक कुमारी, अनन्या कुमारी ने स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के सभागार में गीत संगीत का कार्यक्रम हुआ एवं भगवान बिरसा मुंडा को भी याद किया गया। सभी प्रतिभागी भैया बहनों को पुरस्कृत किया गया। आचार्य नंदकिशोर साहू एवं गणेश साहू ने दिवाली पर प्रकाश डाला। बच्चों को आतिशबाजी से सावधानी बरतने की बात की गई।

### बाजारों की शोभा देखते ही बन रही थी, लोगों ने सुबह से ही खरीदारी की, जो देर रात तक जारी रही

# धनतेरस पर जमकर बरसा धन, जेवर-बर्तन खूब बिके

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

धनतेरस पर शुक्रवार को स्थानीय बाजारों की शोभा देखते बन रही थी। बड़ी संख्या में लोगों ने सुबह से ही अपने सामर्थ्य और रुचि के अनुरूप खरीदारी की। ज्वेरलरी शोप, बर्तन और सजावट की दुकानो में सर्वाधिक भीड़ रही। देर रात्रि तक स्थानीय बाजार में खरीदारी होती रही। चांदी के सिक्के जिनके दोनों ओर गणेश तथा लक्ष्मी बने हैं, के साथ चांदी की देवी देवताओं की मूर्तियों की भी खूब बिक्री हुई। धनतेरस पर औसतन लोहरदगा जिले में लगभग दस करोड़ रुपये का कारोबार होने का अनुमान व्यापारियों और जानकार लोगों ने लगाया है।

वाहन, मोबाइल, टैबलेट, लैपटाप की खरीदारी इस वर्ष सर्वाधिक रही। साधन संपन्न किसान ट्रैक्टर खरीदगी के लिए बुकिंग कई दिन पहले कर चुके थे। चांदी का सिक्का 850 रुपये का मूल्य बिका, गणेष लक्ष्मी की प्रतिमाओं की भी खूब बिक्री हुई। धनतेरस पर बाजार में ब्रांडेड हीरा जड़ित आभूषणों की बिक्री में अन्य वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष तेजी दर्ज की गई। जेवरातों के अतिरिक्त लोग सोने चांदी की बिस्किट, सिक्के व गणेष लक्ष्मी की मूर्तियों की भी खरीदारी की। कपड़ों की दुकानों में भी भीड़ देखी गई। सजावट की दुकानों मे बड़ी संख्या में लोगों ने खरीददारी की। धनतेरस बाजार में स्टील बर्तन 350 रुपये से 5000 रुपये प्रति किलो के भाव बिका। गणेष लक्ष्मी की मूर्तियां 150 रुपये से 1000 रुपये पर बिकी। इलेक्ट्रोनिक दुकानों में घरेलू उपयोग में आनेवाले संसाधनों की बिक्री पर आकर्शक छूट होने से इनकी बिक्री बढ़ गई। वहीं आभूषण में तकरीबन जिले में तीन करोड़ रुपये की खरीदारी की गई। लक्ष्मी गणेश के सिक्के, पुराने सिक्के, सोने के सिक्के तथा हीरे के भी आभूषणों की बिक्री खूब रही। वहीं टू व्हीलर, थ्री व्हीलर, फोर व्हीलर की चार से 5 करोड़ की खरीदारी हुई! बर्तनों की भी लोगों ने 75 लाख की खरीदारी की। वहीं झाड़ू भी 20 से 25 लाख की खरीदारी हुई। इलेक्ट्रॉनिक आइटम भी एक करोड़ की बिकी।





#### शोरूमों में साइकिल, दो पहिया, चार पहिया वाहनों की खूब हुई बिक्री, नए-नए मॉडलों की ओर आकर्षित हो रहे हैं खरीदार

धनतेरस पर इस बार साइकिल समेत दोपहिया व चार पहिया वाहनो की जमकर बिक्री हुई। इस बार दो पहिया व चार पहिया वाहनों की खरीदी पिछले वर्ष की तुलना में अधिक हुई। इस बार बाजारों में कई नए-नए वाहनों के मॉडल है जिस कारण लोगों का आकर्षण रहा। खास तौर पर युवा वर्ग अपनी पसंद की दो पहिया वाहन खरीदें। इस बार सैकड़ों दो पहिया व दर्जनों चार पहिया वाहनों की खरीदी होने के बाद आटो मोबाइल व्यवसायियों में काफी उत्साह बना हुआ है। उधर विभिन्न तरह की स्कीमें दो पहिया व चार पहिया वाहनों पर दी जा रही है जिससे ग्राहकों को भी काफी लाभ हो रहा है और यही वजह है कि धनतेरस पर भी इस बार सैकड़ो वाहन खरीदे गए। आटो मोबाइल कंपनियों द्वारा वाहन चालकों को हाथों हाथ ऋण देने के साथ ही कई आकर्षक उपहार भी देने की योजना शुरू की है। आटो मोबाइल कंपनियों के संचालकों ने बताया कि बुकिंग के अनुसार वाहनो को ग्राहको को उपलब्ध कराया गया। वहीं दोपहिया वाहनों की बिक्री में इस बार इजाफा हुआ है। युवा वर्ग अपनी मनपसंद दो पहिया वाहन खरीदते नजर आए। बजाज, होंडा, यामाहा, हीरो, टीवीएस आदि बाईक की खूब बिक्री हुई। वाहनो के शोरूम में ग्राहकों की भीड़ सुबह से देर शाम तक रही।

#### पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था

**सेन्हा।** धनतेरस के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रही। पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां के निर्देशानुसार धनतेरस त्यौहार पर थाना प्रभारी ने ग्राहकों की भीड़ के मद्देनजर थाना क्षेत्र के विभिन्न ज्वेलरी तथा बड़ी दुकानों में सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया था। थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम किया गया है ताकि शांति और सौहार्द के साथ त्योहार संपन्न हों।

# अनियमितता नहीं बर्दाश्त, ईमानदारी से दायित्व का निर्वहन करें अधिकारी

### मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने विभिन्न योजनाओं का औचक निरीक्षण कर कहा

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने शुक्रवार को लोहरदगा जिले के प्रखंड कैरो, कूडू के विभिन्न ग्रामों का दौरा कर सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पीएचडी विभाग द्वारा चलाई जा रही हर घर नल योजना में अनियमितता पाई, जिसमें कनेक्शन पाइप की क्वालिटी, गैलवेनाइस स्टैंड की क्वालिटी, एवं बोरिंग प्वाइंट आदि में त्रुटि पाई और संबंधित पदाधिकारियों को कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

कैरो प्रखंड अंतर्गत हनहट टोंगरी टोला में जिला परिषद द्वारा की जा रही पेयजल आपूर्ति योजना में काफी गड़बड़ी पाते हुए उन्होंने कनीय अभियंता को फटकार लगाई और कहा जल्द इसे दुरुस्त किया जाए अन्यथा सभी पर कार्रवाई की जाएगी। जांच के दौरान सख्त नजर आए मंत्री ने सभी पदाधिकारियों को दायित्व निर्वहन के साथ ईमानदारी से कार्य करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में कैरो प्रखंड अंतर्गत ग्राम हनहट में विधायक मद से निर्मित पड़हा भवन का उद्घाटन किया। कहा कि धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक केंद्र, आदिवासी कला संस्कृति को बचाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। आगे भी ग्रामों के विकास के लिए आधारभूत संरचना के साथ-साथ आदिवासी संस्कृति, कला एवं परंपरा को संरक्षित करने का प्रयास करते रहेंगे। क्षेत्र में अखड़ा निर्माण, धुमकुडिया भवन निर्माण, पड़हा भवन का निर्माण करवाया जा रहा है, जिससे आदिवासी संस्कृति, धरोहर और सभ्यता को बढ़ाया जा सके। मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, एक्जीक्यूटिव इंजिनियर पीएचईडी अनूप कुमार हंसदा, बीडीओ रामप्रवेश साहू, कनीय अभियंता नवनीत भगत, कनीय अभियंता श्यामबिहारी यादव राममोहन उरांव, शत्रुघ्न उरांव, इंतेखाब आलम, असदुल्लाह आलम, नाजिम अहमद, सनाउल्लाह सना, विशाल डुंगडुंग, असलम अंसारी, विजय एक्का, दीपक यादव, सतीश यादव, प्रदीप महली, सुमन उरांव, ऐनुल अंसारी, कमरूल इस्लाम, अवधेश उरांव, इकबाल खान, सुशील उरांव, वारिस अंसारी, सूरज मुंडा आदि उपस्थित थे।



## विद्या मंदिर में जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में जनजातीय गौरव दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। अतिथियों का परिचय प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कराया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष विनोद राय, सचिव अजय प्रसाद, आचार्य सुरेश्वर कुजूर मौजूद थे। विद्यालय की बहनों द्वारा आदिवासी करमा गीत, जतरा नृत्य तथा कई आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि विनोद राय ने बिरसा मुंडा के जीवनी पर प्रकाश डाला।

### दीया बनाओ, दीया सजाओ प्रतियोगिता आयोजित

**कुडू।** कुडू स्थित गुरुकुल एकेडमी मे दीया बनाओ, दिया सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में स्कूल के सभी बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम में सचिव अनुराधा आनंद अरमाना, जेबा, दीपशिखा, कोमल, सफरिन, साहिल खान सहित स्कूल प्रबंधन का अहम योगदान रहा।


## नाम परिवर्तन

मैं, ज्योति देवी पति मनोज प्रसाद ग्राम-राजहारा कोठी, पो.- राजहारा कोइलवरी, थाना- नावाबाजार, जिला- पलामू का निवासी हूं। मैं घोषणा करती हूं कि मेरे पति के सैन्य दस्तावेज में भूलवश मेरा नाम ज्योति दर्ज हो गया है। जो कि आरमी नम्बर 10406700-पी लांश नायक मनोज प्रसाद मेरे पति हैं। मेरे पति के सैन्य दस्तावेज में मेरा नाम ज्योति से ज्योति देवी किया जाये। मैं ज्योति देवी के नाम से ही जानी एवं पहचानी जाती हूं।

**शपथ पत्र संख्या : 55/ दिनांक : 06/11/2023**


# माता-पिता संग सम्मानित हुई अल्पना शैली

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

एमएल अग्रवाल एसवीएम इंटर कॉलेज में शुक्रवार को राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर पर मेडल जीतने वाले छात्र-छात्राओं का अभिनंदन समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि आरएसएस के नगर संघचालक पुष्कर महतो, समिति के उपाध्यक्ष विनोद राय, सचिव अजय प्रसाद, अभिभावक नरेश कुमार एवं राखी उरांव और महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने संयुक्त रूप से इसका शुभारंभ किया। हाल ही में नेशनल एथलेटिक्स बेतिया बिहार से भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीतकर आई कक्षा 11वीं की छात्रा अल्पना शैली उरांव को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। उनके माता-पिता क्रमशः राखी उरांव एवं नरेश कुमार को भी अंग वस्त्र और उपहार भेंट कर मंच पर सम्मानित किया गया। इसके अलावा राष्ट्रीय एथलेटिक्स में ऊंची कूद में सुजल बाखला और 6 किलोमीटर क्रॉस कंट्री दौड़ एवं 3000 मीटर दौड़ में सहभागिता निभाने वाले छात्र रोहित उरांव को भी उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके पूर्व रजरप्पा में संपन्न क्षेत्रीय एथलेटिक्स में भी मेडल जीतने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।




**Government of India**
**Ministry of Social Justice and Empowerment**
**Department of Empowerment of Persons with Disabilities (Divayangjan)**
**5th Floor, Pt. Deendayal Antyodaya Bhawan, CGO Complex, Lodhi Road, New Delhi-110003**

**Scholarship for Students with Disabilities (Divyangjan) for the year 2023-24**

Department of Empowerment of Persons with Disabilities provides an opportunity to Students with Disabilities (Divyagjan) for availing scholarship under the schemes viz. Pre-matric, Post-matric, Top Class Education and National Overseas Scholarship for the year 2023-24.

**2. Instructions for applicants:**

(i) Applicants are advised to apply online for Pre-Matric, Post Matric and Top Class Education Schemes on the website of National Scholarship Portal at www.scholarships.gov.in (a link to the site is also available atwww.depwd.gov.in) or Mobile App of National Scholarship Portal. Applications for National Overseas Scholarshipscheme are received offline.

(ii) Details of the schemes including eligibility criteria and instructions for filling up the applications are available at www.depwd.gov.in.

(iii) Applicants are advised to provide correct information while applying for scholarships.

**3. Timeline for application:**

(i) Applications for National Overseas Scholarship are received offline throughout the year.

(ii) National Scholarship Portal is open for students' registration for applying for the scholarship schemes as per details below:

| | | |
|---|---|---|
| Last date for submission of online applications on National Scholarship Portal for Fresh scholarship (firsti. time applicants) and renewal scholarship (applicants who got scholarships in the year 2023-24) | i. Pre-Matric Scholarship | **30.11.2023** |
| | ii. Post Matric Scholarship<br>iii. Top Class Scholarship | **31.12.2023** |

**Note:** Slots for Pre-Matric, Post-Matric and Top Class schemes include fresh as well as renewal cases. Fresh cases will be considered only against the left over slots after processing all the renewal cases. Thus, mere fulfilling the eligibility criteria will not entitle grant of scholarship due to fixed number of slots in a year.

**4. Eligibility criteria:**

i. Scholarships are open for Nationals of India.

ii. A person with benchmark disability i.e. having not less than 40% disability, and having a disability certificate issued by the competent medical authority.

iii. Scholarship for studying in any class will be available for only one year. If a student has to repeat a class,

iv. V.he/she would not get scholarship for a second (or a subsequent) year. A scholarship holder under this scheme will not avail any other scholarship/stipend. No scholarship will be paid to the students under this scheme from the date he/she accepts any other scholarship/stipend

v. Unique Disability Identity (UDID) or UDID enrolment number along with Disability Certificate ismandatory for availing benefits under any of the Scholarship schemes.

vi. Applicants may have to undergo Aadhaar based biometric authentication to avail the Scholarship

vii. For National Overseas, Applicant must have Fifty five per cent (55%) marks or equivalent grade in relevant Master's Degree or Bachelor's Degree.

**cbc 38117/12/0039/2324**


**कार्यक्रम** जिला स्तरीय बैठक-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम में बोले उपायुक्त

# वन अधिकार का लाभ सामुदायिक रूप में लिया जाय

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

कार्यालय समेकित जनजाति विकास अभिकरण लोहरदगा की ओर से वन अधिकार अधिनियम को लेकर शुक्रवार को नगर भवन में जिला स्तरीय बैठक-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि वन अधिकार का लाभ सामुदायिक रूप में लिया जाए। यह जो सही मायने में इसके हकदार हैं उन्हें मिलना चाहिए।



उपायुक्त ने कहा कि आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम नवंबर और दिसंबर में सभी पंचायतों आयोजित किया जाएगा। आप सभी जनप्रतिनिधि, प्रखंड पदाधिकारी, अंचल अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में जनता को राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करें। लोहरदगा जिला में यह कार्यक्रम 24 नवंबर से प्रारंभ होगा जो 29 दिसंबर तक चलेगा। अगर किसी क्षेत्र में सड़क, पुल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, विद्यालय आदि बुनियादी संरचना में किसी प्रकार की समस्या है या आवश्यकता है तो उससे संबंधित आवेदन इसमें प्राप्त किया जा सकता है। इसी प्रकार राजस्व विभाग से संबंधित म्युटेशन के आवेदन या सक्सेसन म्युटेशन से संबंधित अन्य आवेदन इस अभियान में प्राथमिकता के तौर पर लिये जाएंगे। साथ ही, अन्य विभागों की योजनाओं से संबंधित भी आवेदन लिये जाएंगे।

उपायुक्त ने कहा कि सरकार ने अबुआ आवास योजना प्रारंभ की है। इसमें वैसे जरूरतमंद लोगों को जोड़ा जाएगा जिन्हें बीते कई वर्षों में भी आवास मिला है। इसमें वैसे जरूरतमंदों की पहचान कर इस सूची में शामिल किया जाए। वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार ने कहा कि वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत वनाधिकार समिति का गठन किया जाना है। वन अधिकार का लाभ प्रथम चरण में वर्ष 2009 से 2012 तक, द्वितीय चरण में वर्ष 2015 से 2018 तक दिया गया। अब सरकार तीसरा चरण प्रारंभ कर रही है। इसमें व्यक्तिगत पट्टा और सामुदायिक पट्टा जाएगा। लाभुकों के चयन में सावधानी बरतना अति आवश्यक चरण है। इसमें ग्रामसभा की भूमिका अहम है। वनाधिकार समिति में उक्त गांव के 50 प्रतिशत व्यस्क सदस्य भाग लेंगे जिनमें 10 से 15 सदस्यों का चयन किया जाएगा। इसमें दो तिहाई अनुसूचित जनजाति वर्ग के सदस्य होंगे। अनुसूचित जनजाति वर्ग के सदस्य नहीं होने पर एक तिहाई महिला सदस्य होना आवश्यक है। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, समेत जिला परिषद अन्य सदस्यों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों आदि ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में किस्को के जिप सदस्य संदीप कुमार, सेन्हा की जिप सदस्य राधा तिर्की, प्रखंड प्रमुख, मुखिया, वन क्षेत्र पदाधिकारी, सभी वनरक्षी, सभी वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष/सचिव, सभी पंचायत सचिव आदि शामिल हुए।

# पाक ने जेल में बंद 80 मछुआरों को किया रिहा



**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान सरकार ने बृहस्पतिवार को गुजरात के विभिन्न इलाकों के निवासी 80 मछुआरों को एक जेल से रिहा किया जिसके बाद गुजरात सरकार की एक टीम उन्हें लेने के लिए पंजाब पहुंची। अवैध विदेशी प्रवासियों और नागरिकों को देश से निकालने के लिए पाकिस्तानी सरकार के मौजूदा अभियान के तहत भारतीय मछुआरों को रिहा किया गया है। रिहा होने के बाद सभी मछुआरे भारत आकर अपने परिवारों के साथ दिवाली का त्योहार मनाएंगे। अवैध विदेशी प्रवासियों और नागरिकों को देश से निकालने के लिए पाकिस्तानी सरकार के मौजूदा अभियान के तहत भारतीय मछुआरों को रिहा किया गया है। कराची में जेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारतीय मछुआरों को भारी सुरक्षा के बीच अल्लामा इकबाल एक्सप्रेस ट्रेन से रवाना किया गया है और वे कल लाहौर पहुंचेंगे जहां से उन्हें वाघा सीमा पर भारतीय अधिकारियों को सौंप दिया जाएगा। ईधी वेलफेयर ट्रस्ट के फैसल ईधी ने कहा कि ज्यादातर भारतीय मछुआरे गरीब पृष्ठभूमि से हैं और वे घर लौटने को लेकर बहुत खुश हैं।

## ग्लोबल बाजार में चीनी के दाम 12 साल के उच्च स्तर पर पहुंची

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में चीनी की कीमत 28 सेंट प्रति पाउंड से बढ़कर 12 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई हैं। भारत से निर्यात में भारी गिरावट और ब्राजील में लॉजिस्टिक दिक्कतों के कारण चीनी की सप्लाई में कमी देखी जा रही है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में चीनी की कीमत लगातार कई सालों के उच्चतम स्तर पर पहुंच रही है। अंतर्राष्ट्रीय चीनी संगठन द्वारा अनुमानित 15-दिवसीय औसत कीमत हाल के हफ्तों में 26 सेंट से ऊपर रही है। भारत ने चीनी पर निर्यात प्रतिबंध बढ़ा दिया है। यहां भाव बढ़ने के बाद ऐसा किया गया है। सरकार चाहती है कि कीमत नियंत्रण में रहे, खासकर त्योहारी सीजन के दौरान। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चीनी उत्पादक देश है और निर्यात में कटौती का असर वैश्विक बाजार पर पड़ता है। भारत ने मिलों को 2022-2023 सीजन के दौरान केवल 6.2 मिलियन टन चीनी निर्यात करने की अनुमति दी थी, जो 30 सितंबर को खत्म हुआ। देश में इस साल 2018 के बाद से सबसे कमजोर मानसून देखा गया है और चालू सीजन में गन्ने के उत्पादन में गिरावट की आशंका है।

### धनतेरस के दिन भी बाजार की हुई फीकी ओपनिंग

# शुरू में गिरावट के खुला सेंसेक्स-निफ्टी




**एजेंसी। नई दिल्ली**

शुक्रवार धनतेरस का त्योहार है और इस दिन निवेशक नई खरीदारी करना पसंद करते हैं। शेयर बाजार में भी नई खरीदारी देखी जाती है लेकिन आज बाजार की ओपनिंग में इस त्योहार का उत्साह नहीं दिखा है। घरेलू शेयर बाजार की शुरूआत गिरावट के साथ ही हुई है और इसका असर सेंसेक्स-निफ्टी के कारोबार में देखा जा रहा है। आज के कारोबार की ओपनिंग देखें तो बाजार हल्की गिरावट के साथ खुला है। बीएसई का सेंसेक्स 76.09 अंक यानी 0.12 फीसदी की गिरावट के साथ 64,756 के लेवल पर खुला है। एनएसई का निफ्टी 43.45 अंकों या 0.22 फीसदी की गिरावट के साथ 19,351 के लेवल पर खुला है। बैंक निफ्टी में आज गिरावट देखी जा रही है और ये 125 अंकों की गिरावट के साथ 43537 के लेवल के करीब कारोबार कर रहा है। सेंसेक्स के 30 में से 13 शेयरों में ही आज तेजी देखी जा रही है जबकि 17 शेयरों में गिरावट के साथ कारोबार देखा जा रहा है। सेंसेक्स के टॉप गेनर्स में एचडीएफसी लाइफ 1.38 फीसदी, पावरग्रिड 1.33 फीसदी, अडानी पोर्ट्स 0.80 फीसदी, एसबीआई लाइफ 0.74 फीसदी, ओएनजीसी 0.67 फीसदी और अडानी पोर्ट्स 0.40 फीसदी की तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं। एएसई के निफ्टी में 50 में से 13 शेयरों में उछाल देखी जा रही है जबकि 37 शेयरों में गिरावट के साथ कारोबार देखा जा रहा है। सबसे ज्यादा 1.39 फीसदी की तेजी एचडीएफसी लाइफ में है, पावरग्रिड 1.24 फीसदी, ओएनजीसी 0.65 फीसदी, एसबीआई लाइफ 0.57 फीसदी और टेक महिंद्रा 0.48 फीसदी की उछाल दर्ज की जा रही है।

## ग्रे मार्केट में टाटा का जलवा, निवेशकों बढ़ी दिलचस्पी

**नई दिल्ली।** इन दिनों ग्रे मार्केट में टाटा समूह के शेयर छाए हुए हैं। प्रस्तावित आईपीओ की खबरों के बाद ग्रे मार्केट में टाटा टेक का प्रीमियम पहले से चढ़ा हुआ है। अभी उसके बाद टाटा कैपिटल के शेयरों में ग्रे मार्केट में तेजी देखी जा रही है। ईटी की एक रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी गई है। ईटी की रिपोर्ट बताती है कि अनलिस्टेड मार्केट (जिसे ग्रे मार्केट भी कहा जाता है) में टाटा कैपिटल के शेयरों का भाव अभी 400 से 425 रुपये चल रहा है। ग्रे मार्केट में इस शेयर की एंट्री छह महीने पहले हुई थी। अभी इस शेयर में इन्वेस्टर्स खासी दिलचस्पी दिखा रहे हैं। इस कारण ग्रे मार्केट में टाटा समूह की म्यूचुअल फंड व लेंडिंग यूनिट के शेयर के भाव तेज चल रहे हैं। अगस्त में तो एक समय टाटा कैपिटल के शेयरों का भाव 500 रुपये तक पहुंच गया था। ग्रे मार्केट के हिसाब से टाटा कैपिटल की मौजूदा वैल्यू 1.5 लाख करोड़ रुपये के स्तर को पार कर चुकी है।


## कार्यालय: असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा।

**सूचना**

अपर मुख्य सचिव, स्वा0 चि0 शि0 एवं प0 क0 विभाग, झारखंड सरकार का पत्रांक 33(5)ब, योजना दिनाँक 25.05.2023 के आलोक में जिला चतरा के आदिम जनजाति समुदाय (PVTG) बाहुल्य ग्रामों के निवासियों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के निमित्त "चलन्त ग्राम क्लीनिक" के संचालन हेतु आयुश चिकित्सकों एवं चिकित्सा सहायकों की सेवा प्राप्त करने हेतु जिला स्तर पर Walk-In-Interview दिनाँक 18.10.2023 को अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित की गयी थी। इससे संबंधित विज्ञापन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के पत्राक 634 दिनाँक 11.10.2023 PR 309029 Health Med Edu and Family Welfare (23-24)_D को विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया था। उक्त निर्धारित Walk-In- Interview में निम्नांकित अभ्यर्थी को योगदान हेतु आमंत्रित किया जाता है ।

1. आयुश चिकित्सा हेतु– क. डॉ0 अमृता कुमारी, पिता–श्री मदन सिंह।
   ख. डॉ0 वेद प्रकाश, पिता–श्री विजय प्रसाद सिंह।
2. चिकित्सा सहायक हेतु– क. श्रीमती पूर्णिमा लक्ष्मी, पिता/पति–श्री अशोक कुमार दांगी।
   ख. श्री भरत कुमार पंडित, पिता–श्री टेकनारायण प्रजापति।

अतएव निदेशित किया जाता है कि सूचना प्रकाशित तिथि के एक सप्ताह के अंदर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में योगदान करना सुनिश्चित करेंगे।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा।

PR 311174 Health Med Edu and Family Welfare(23-24)D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज

Email Id-rwdpalamu@gmail.com, eerwdpalamu@gmail.com, Phone No.-06562357595

पत्रांक.................. दिनांक......................

**पेस विज्ञिप्त**

**PR No.-309320**

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज के अधीन अल्पकालीन ई0 निविदा संख्या–03/2023–24/EE/RWD/DALTONGANJ, दिनांक 16.10.2023 के द्वारा आमंत्रित निविदाओं को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है ।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।

PR.NO.311125 Rural Development(23-24):D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज ।

Email Id-rwdpalamu@gmail.com, eerwdpalamu@gmail.com, Phone No.-06562357595

पत्रांक.................. दिनांक......................

**प्रेष विज्ञिप्त**

**PR No.-309318**

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज के अधीन अल्पकालीन ई0 निविदा संख्या–04/2023–24/EE/RWD/DALTONGANJ, दिनांक 16.10.2023 के द्वारा आमंत्रित निविदाओं को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है ।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।

PR 311124 Rural Development(23-24)D

## कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू।

(समाज कल्याण शाखा)

Email ID - dswopalamau@gmail.com

**–: आम सूचना :–**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सामाजिक कुरीति निवारण योजना के तहत 'सामूहिक विवाह एवं अंतिम संस्कार' हेतु विभाग के द्वारा अनुदान राशि प्राप्त है। उल्लेखनीय है कि सामूहिक विवाह सम्पन्न कराने वाले आयोजनकर्ता को प्रति जोड़े के लिए रु0–2,000.00 (दो हजार) मात्र एवं अंतिम संस्कार या लावारिश शव का अंतिम संस्कार हेतु रु0–2,000.00 (दो हजार) मात्र प्रति शव की दर से अनुदान राशि देय है।

अतः उपरोक्त कार्यक्रम सम्पादन करने वाले गैर सरकारी संस्था/आयोजनकर्ता जिला समाज कल्याण कार्यालय, पलामू में प्रस्ताव/आवेदन समर्पित करें।

नोट :– नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर एवं जिले के आधिकारिक वेबसाइट– www.palamu.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
पलामू।

PR 311158 District(23-24)D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा

(E-MAIL ID – midloh632@gmil.com)
अनाबद्ध निधि योजना के अन्तर्गत)

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या F2-18 वर्ष 2023–24

पत्रांक ............................/ दिनांक ............................................/

1. विभाग का नाम — जल संसाधन (लघु सिंचाई) विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची।
2. विज्ञापन दाता का नाम — कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि — दिनांक 16.11.2023 से 24.11.2023 (कार्यालय अवधि में)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय — दिनांक 25.11.2023 अपराह्न 3.00 बजे
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय — दिनांक 25.11.2023 अपराह्न 3.30 बजे
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान — कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।
7. निविदा प्राप्ति एवं निविदा खोलने का स्थान — कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।
8. कार्य का विवरण

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र की मूल्य (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | ग्राम – बोंगा मे सरना स्थल से धनकुमार महतो के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | किस्को | 561600.00 | 1250.00 | 11300.00 | दो माह |

निविदा की शर्तें WWW. jharkhand.Gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।

PR 311176 Lohardaga(23-24)D

## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक....................../ **आम–सूचना** दिनांक....................

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत सभी धृतिधारकों को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड नगरपालिका सम्पत्ति कर (निर्धारण, संग्रहण और वसूली) नियमावली 2011 के धारा 13 उपधारा 13.1 के अन्तर्गत प्रत्येक धृति के मालिक जिन्होंने अबतक अपनी धृति का कर निर्धारण नहीं किया है वैसे धृतिधारकों की यह जिम्मेदारी होगी कि वे किसी मांग सूचना की प्रतीक्षा किए बिना अपने धृति के धृतिकर का स्वकर निर्धारण कर उसका भुगतान नगर निगम को जल्द से जल्द करना सुनिश्चित करें।

अतः उक्त के आलोक में सभी धृतिधारकों को सूचित किया जाता है कि धृतिधारक अपना–अपना घोषणा/स्वकर निर्धारण कर 15 दिनों के अन्दर करना सुनिश्चित करंगे अन्यथा बाध्य होकर झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 एवं झारखण्ड नगरपालिका सम्पत्ति कर (निर्धारण, संग्रहण और वसूली) 2013 के सुसंगत धाराओं के तहत् नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

नगर आयुक्त–सह–प्रशासक,
मेदिनीनगर नगर निगम

PR311134 (District)23-24*D

## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक....................../दिनांक....................

**आम–सूचना**

आगामी दीपावली एवं छठ पूजा को देखते हुए मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत स्वच्छता एवं विधि व्यवस्था को बनाये रखने हेतु सभी फूल, माला विक्रेताओं एवं गन्ना विक्रेताओं से अनुरोध किया जाता है कि आप सभी शिवाजी मैदान में अपना स्टॉल लगायें, जिससे कि नगर निगम क्षेत्र को त्योहार के समय में साफ–सफाई एवं व्यवस्थित रखा जा सके।

शहर को स्वच्छ बनाये रखने में आपका सहयोग अपेक्षित है।

ह0/–
नगर प्रबंधक, स्वच्छ भारत मिशन शाखा,
मेदिनीनगर नगर निगम।

PR.NO.311148 District(23-24):D

## कार्यालय, सहायक निबंधक, सहयोग समितियॉ

गढ़वा अंचल, गढ़वा-सह-संचालन पदाधिकारी

**निर्वाचन/विशेष आम सभा कार्यक्रम की सूचना**

अधोहस्ताक्षरी के आदेश ज्ञापांक 294 दिनांक 10.10.2023 के द्वारा करूई पैक्स लि0 की कार्यकारिणी समिति के गठन प्रयोजनार्थ निर्वाचन/विशेष आम सभा का निम्न कार्यकम निर्धारित किया गया है। पैक्स का अपना कोई कार्यालय/भवन नहीं है। अतः निर्वाचन/विशेष आम सभा का निम्न सभी कार्यकम टडहे पंचायत के पंचायत सचिवालय भवन में सम्पन्न होगा। पैक्स के कार्यकारिणी समिति के पदों की संख्या अध्यक्ष सहित 14(चौदह) है,जिसमें कार्यकारिणी समिति के 50(पच्चास) प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित है,जो इस प्रकार है –अध्यक्ष (अनारक्षित)– 01(एक), कार्यकारिणी सदस्य (अनारक्षित)– 07(सात), कार्यकारिणी सदस्य (अनारक्षित महिला ) – 04(चार) एवं कार्यकारिणी सदस्य (अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति की महिला) – 02(दो)।

निर्वाचन/विशेष आम सभा का कार्यकम

| क | कार्यकम | तिथि | समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| क | नामांकन दाखिल करने | 22.11.2023 | पूर्वा0 10.00वजे के अप0 2.00 बजे तक | पंचायत सचिवालय टडहे |
| ख | नामांकन पत्रों की जॉच | 22.11.2023 | अप0 2.00 बजे से अप0 3.00 बजे तक | पंचायत सचिवालय टडहे |
| ग | नामांकन की सूची का प्रदर्शन | 22.11.2023 | अप0 3.00 बजे के पश्चात् | पंचायत सचिवालय टडहे |
| घ | नामांकन पर आपतियॉ करने | 23.11.2023 | पूर्वा0 10.00वजे के अप0 12.00 बजे तक | पंचायत सचिवालय टडहे |
| ड. | आपत्तियों के निष्पादन | 23.11.2023 | अप0 12.00 बजे से 2.00 बजे तक | पंचायत सचिवालय टडहे |
| च | विधिमान्य नामांकन की सूची का प्रदर्शन | 23.11.2023 | अप0 3.00 बजे तक | पंचायत सचिवालय टडहे |
| छ | नामांकन की वापसी | 24.11.2023 | पूर्वा0 10.00वजे के अप0 12.00 बजे तक | पंचायत सचिवालय टडहे |
| ज | वापसी,यदि कोई हो,के पश्चात् नामांकन की सूची का प्रदर्शन | 24.11.2023 | अप0 1.30 बजे | पंचायत सचिवालय टडहे |
| झ | चिन्हों के आबंटन | 24.11.2023 | अप0 2.00 बजे से 3.00 बजे तक | पंचायत सचिवालय टडहे |
| | विशेष आम सभा / निर्वाचन की स्थिति में | 02.12.2023 | पूर्वा0 10.00वजे के अप0 2.00 बजे तक | पंचायत सचिवालय टडहे |
| | मतगणना एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा | 02.12.2023 | मतदान के उपरांत | पंचायत सचिवालय टडहे |

नोट :– करूई पैक्स लि0 के कार्यकारिणी समिति के गठनार्थ दिनांक 20.10.2023 को निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची के सदस्य उक्त कार्यकम के अनुसार नामांकन दाखिल करने एवं निर्वाचन/विशेष आम सभा (मतदान)के कार्यकम में भाग लेने हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चिन्हित फोटो युक्त पहचान पत्र अनिवार्य रूप से साथ में लाना सुनिश्चित करेंगे।

सहायक निबंधक, स0स0
गढवा अंचल–सह–
संचालन पदाधिकारी, गढवा

PR 311190 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department (23-24)_D

## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू।

(आपदा प्रबंधन शाखा)

**अपील**

दीपावली के दौरान शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर पटाखे छोड़े जाते हैं। दीपावली के दौरान आग दुर्घटना जैसे हादसों से बचने के लिये निम्नलिखित सुरक्षा निर्देशों का पालन अवश्य करें .....

**क्या करें**

- पटाखों को ज्वलनशील पदार्थो एवं बच्चो की पहुँच से दूर रखें।
- पटाखे जलाते समय कम से कम 1 मीटर की दूरी पर खड़े हों।
- सम्भावित आग से बचाव के लिए पानी से भरी बाल्टियों एवं कम्बल तैयार रखें।
- पटाखे जलाते वक्त जूता या चप्पल अवश्य पहनें।
- अगर कोई व्यक्ति जल जाता है तो उसके शरीर के जले हुए हिस्से को तुरन्त पानी मे डूबायें, उसके बाद उस स्थान पर कोई मलहम लगा दें। यदि जलन ज्यादा गम्भीर हो तो पीड़ित को तुरन्त अस्पताल ले जाएं।
- आग से अधिकतम सुरक्षा के लिए सूती कपड़ों का प्रयोग करें।
- दीपावाली के दौरान धुएं से प्रदूषण बढ़ जाने के कारण श्वास रोगियों को विशेष सावधानी रखने की जरुरत है।
- कम उम्र के बच्चों को पटाखा जलाते समय उनके साथ रहें। उन्हें पटाखा जलाने का सुरक्षित तरीका बताएं।
- आजकल बाजार में कम कीमत और नकली पटाखों की कोई कमी नही है, इसलिए हमेश अच्छे ब्राण्ड वाले पटाखे ही खरीदें।
- रात को 10.00 बजे से पहले ही पटाखे जलायें।

**क्या न करें**

- कभी भी भीड़ वाले जगह, संकरी गलियों अथवा घरों के अन्दर पटाखे न जलायें।
- कभी भी बच्चों को अकेले पटाखे न जलाने दें।
- किसी भी स्थिति मे अधजले पटाखे को देबारा जलाने की कोशिश न करें।
- सड़क पर कभी भी पटाखे न जलायें, क्योंकि इससे कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है।
- पटाखे जलाते समय अपने चेहरे को उसके सामने न ले जायें।
- किसी भी तरह से पटाखो को हाथ से पकड़ कर जलाने की कोशिश कदापि न करें।
- पटाखे जलाते समय ज्यादा ढीले कपड़े न पहने, क्योकि इससे आग पकड़ने की सम्भावना बढ़ जाती है।
- पटाखों के साथ कोई छेड़–छाड़ अथवा खुद से बनाने का प्रयास न करें।
- रॉकेट जैसे पटाखों को जलाते समय यह ध्यान रखें की ऊपर या आस–पास कोई पेड़, घर विषेष कर झोपड़ियां, दीवार आदि न हों।
- किसी भी प्रकार की दुर्घटना की स्थिति में अफरा–तफरी न मचाएं। ऐसी स्थिति में शान्ति एवं संयम से काम लें।
- रात को 10.00 बजे से लेकर सुबह 6.00 बजे तक पटाखें न जलायें।
- सार्वजनिक स्थानों पर पटाखा न जलायें।

किसी भी इमरजेंसी की स्थिति में पुलिस सहायता के लिये 100, अग्नि शमन सहायता के लिये 101, एम्बुलेंस की सहायता के लिये 102 एवं कन्ट्रोल रुम के लिये 06562–231589 नम्बर पर सम्पर्क करें।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, पलामू द्वारा जनहित में जारी।

ह0/
उपायुक्त, पलामू

PR.NO.311187 Palamu(23-24):D

## झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)

एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:- **134/2023-24** दिनांक :-09.11.2023

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-LAT-08 / 2023-24 | महुआडांड़ | 1 पोटमाडीह से आर०ई०ओ० रोड चटकपुर तक पथ का सुदृढ़करण कार्य (ल० – 1.500 कि०मी०) | 1491.801 | चौदह करोड़ ईक्यानवें लाख अस्सी हजार एक सौ रू० मात्र | 09 महीना |
| | | महुआडांड़ | 2 बेलटोली से डुमरडीहा भाया परहाटोली तक पथ का सुदृढ़करण कार्य (ल० – 2.300 कि०मी०) | | | |
| | | महुआडांड़ | 3 पी०डब्लू०डी० रोड रामपुर से शास्त्रीचौक महूआडांड़ भाया बिरसा चौक तक पथ का सुदृढ़करण कार्य (ल० – 1.200 कि०मी०) | | | |
| | | महुआडांड़ | 4 मिरगी पी०डब्लू०डी० रोड से चटकपुर तक पथ का सुदृढ़करण कार्य (ल० – 2.500 कि०मी०) | | | |
| | | महुआडांड़ | 5 बांसकरचा से सरनाडीह तक पथ का सुदृढ़करण कार्य (ल० – 3.000 कि०मी०) | | | |
| | | महुआडांड़ | 6 L053-तमबोली से तिसिया तक पथ का सुदृढ़करण कार्य (ल० – 5.000 कि०मी०) | | | |
| | | महुआडांड़ | 7 ग्राम बोहटा से मैनाडीह भाया साले पारीस तक पथ का सुदृढ़करण कार्य (ल० – 4.700 कि०मी०) | | | |
| | | महुआडांड़ | 8 L053-जोरी से मेढ़ारी भाया भीतरीकोना तक पथ का सुदृढ़करण कार्य (ल० – 2.000 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि:–**14.11.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– **22.11.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।**
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– **22.11.2023 .अपराह्न 5.30 बजे।**
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धुर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ..............................

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची

PR 311167 Rural Work Department(23-24)#D

ज्ञान की बात

**सर पे जब जिम्मेदारियों का बोझ होता है तो हिसाब से रहना पड़ता है, बहुत कुछ सुनना पड़ता है और बहुत कुछ सहना पड़ता है।**

**- अज्ञात**



# सराहनीय प्रयास

***झारखंड*** में खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार कमर कस चुकी है। यही कारण है कि वह सरकारी नौकरियों में विशेष आरक्षण के प्रावधान किये हैं। जिसके तहत जल्द ही कई खिलाड़ी पीजीटी शिक्षक के रुप में दिखाई पड़ेंगे। पीजीटी शिक्षक बनने के लिए खिलाड़ियों के लिए जो झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा अहर्ता निर्धारित की गई है उसके तहत शैक्षणिक योग्यता के अलावे अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी अथवा उनसे संबंधित फेडरेशन द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में मेडल जीतने वाले खिलाड़ी शामिल होगें। इस आरक्षण के मिल जाने से राज्य के कई होनहार खिलाड़ी इसका लाभ लेगें। यह सरकार का सराहनीय प्रयास है।

**महिला एशियन चैपियंस ट्रॉफी हॉकी महासंग्राम का आयोजन रांची में होने की वजह से यहां के लोगों में खेल के प्रति एक नयी चमक देखने को मिल रही है। यह चमक यह बताता है कि यहां का कोई खिलाड़ी अभाव व गरीबी की वजह से इससे वंचित नहीं रह सकता है। जैसा कि देखा गया है कि उधार के जूते पहनकर लड़कियां दौड़ लगाई व सबको पीछे छोड़ दी।**

जानकारी के मुताबिक खेल कोटा के लिए निर्धारित इस कड़े प्रावधान की वजह से सरकारी नौकरियों के लिए निकलने वाले विज्ञापन में अभ्यर्थियों की कमी देखी जाती है। यदि अभ्यर्थी आवेदन भी करते हैं तो उसमें सफलता की प्रतिशत कम होती है। ऐसे में देखना होगा कि पीजीटी शिक्षकों के लिए ली गई इस प्रतियोगिता परीक्षा में कितने खिलाड़ी चयनित हो पाते हैं। ऐसे में खेल के प्रति लोग आकर्षित होगें। साथ ही इस पहल से गरीब व प्रतिभान खिलाड़ियों के दिन बहुरने की संभावना है। महिला एशियन चैपियंस ट्रॉफी हॉकी महासंग्राम का आयोजन रांची में होने की वजह से यहां के लोगों में खेल के प्रति एक नयी चमक देखने को मिल रही है। यह चमक यह बताता है कि यहां का कोई खिलाड़ी अभाव और गरीबी की वजह से इससे वंचित नहीं रह सकता है। जैसा कि देखा गया है कि उधार के जूते पहनकर लड़कियां दौड़ लगाई और सबको पीछे छोड़ दी। यह जुनून यह बतलाता है कि खेल के प्रति ग्रामीण क्षेत्रों में काफी लगाव है। अब राज्य सरकार खेल को बढ़ावा देने की दिशा में काफी आगे बढ़ चुकी है। आरक्षण का लाभ मिल जाने के बाद आने वाले दिनों में कई खिलाड़ियों का चयन होगा,वहीं खेल के प्रति रूझान भी बढ़ेगा। ऐसे में सरकार को चाहिए कि वह इस दिशा में और कोई ठोस रणनीति बनाये। ताकि प्रतिभावान खिलाड़ियों को एक बेहतर मंच मिल सके। पीजीटी में चयन हो जाने के बाद यही शिक्षक छात्रों को मैदान के लिए तैयार करेगें। एक प्रकार से वहां का माहौल पूरी तरह से बदल जायेगा। इसके सकारात्मक परिणाम आने वाले दिनों में देखने को मिलेगें। ऐसी उम्मीद की जा सकती है। राज्य सरकार के इस सकारात्मक और सरहानीय पहल की हर ओर प्रशंसा होनी चाहिए। लेकिन हाल के दिनों में यह देखा जाता है कि अच्छे कार्य की तारीफ की जगह आलोचना होती है। यह सही नहीं है। जनसरोकार से जुड़ी समस्याओं के निराकरण की दिशा में सभी दल और समाज के प्रबुद्ध वर्ग को आगे आने की जरूरत है। तभी हमारी बगिया की महक से देश महकेगा। ऐसे में राज्य के विकास के लिए सभी की एकजुटता जरूरी है। सरकार किसी की भी हो,विकास के नाम पर हम सब एक हैं। इसी परिकल्पना को मूर्त्तरूप देने की जरूरत है।

# प्यार व इंसानियत रूपी दीयों की कतारें लगायें





ललित गर्ग

***दीपावली*** एक लौकिक पर्व है। यह आत्मज्योति जगाने एवं भीतर की दुनिया को उज्वल बनाने का पर्व है, इसलिये दीपों की कतारें लगाकर केवल बाहरी अंधकार को ही नहीं, बल्कि भीतरी अंधकार को मिटाने के जतन करने होंगे। हम भीतर में धर्म का दीप जलाकर मोह और मूर्च्छा के अंधकार को दूर कर सकते हैं। भीतर की शुद्धि के अपने मायने हैं। लव ऑर एबव की संस्थापक और हीलर क्रिस्टी मैरी शेल्डन कहती हैं, 'जितना हम अपनी बुरी आदतों की सफाई करते हैं, उतना ही अच्छा महसूस करते हैं। भीतर की अच्छी ऊर्जा का प्रवाह हमारे आसपास पर भी अच्छा असर डालता है।' इसी सोच के साथ हमें दीपावली को कोरा भौतिक ही नहीं, आध्यात्मिक स्वरूप देना होगा। झोपड़ियों के अंधकार को मिटाने श्रीराम आयेंगे- गीत की पंक्तियों के अनुरूप घर-घर में श्रीराम की प्रतिष्ठा कर दीपावली को अर्थपूर्ण बनाये। जीवन को अध्यात्म के दीपों से रोशनीमय बनाने के लिये जरूरी है कि हम सबसे अधिक स्वयं से स्वयं का साक्षात्कार करें। जबकि अक्सर हम अपनी ही अनदेखी करते हैं। ऐसे में कभी-कभी खुद का हाल-चाल पूछना, फालतू विचारों और गिले-शिकवों की रद्दी को हटाकर दिल और दिमाग को हल्का और शांत करना खुद को नई शक्ति से भरपूर करना है। भीतर की शुद्धि का एक मतलब यह भी है कि हम दूसरों को गलत ठहराने की जगह अपनी गलती ढूंढ़ें। उसमें सुधार करें। लेखक एडमंड एमबाइका मानते हैं कि अपनी सफलता और खुशी के लिए केवल हम जिम्मेदार हैं, कोई और नहीं। अपने रोज के सही कामों से हम खुद को ही खुश करते हैं।' इसलिये दीपावली एक शुरूआत है अच्छे बनने, अच्छा करने एवं अच्छा सोचने की। दीपावली के मौके पर सभी आमतौर से अपने घरों की साफ-सफाई, साज-सज्जा और उसे संवारने-निखारने का प्रयास करते हैं। उसी प्रकार अगर भीतर चेतना के आँगन पर जमे कर्म के कचरे को बुहारकर साफ किया जाय, उसे संयम से सजाने-संवारने का प्रयास किया जाय और उसमें आत्मा रूपी दीपक की अखंड ज्योति को प्रज्वलित कर दिया जाय तो मनुष्य शाश्वत सुख, शांति एवं आनंद को प्राप्त हो सकता है। केवल बाहर की साफ-सफाई से काम नहीं चलता। भीतर के कोनों में जमी गंदगी और जालों को भी हटाना होता है। कारण कि गंदगी जितनी भी तहों के बीच क्यों ना दबी हो, देर-सवेर बाहर आती ही है। दीपावली जैसे शक्ति का असली उत्सव, अपने भीतर की बगिया में उग आई कंटीली झाड़ियों को हटाकर ही मनाया जा सकता है। कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप पूजा-पाठ करते हैं या नहीं। मंदिर जाते हैं या नहीं। मायने इस बात के हैं कि आप खुद को और दूसरों को क्या समझते हैं। इंसानियत के दर्शन को कितनी तवज्जो देते हैं। बौद्ध गुरु दलाई लामा कहते हैं, 'मंदिर की जरूरत नहीं है, ना ही भारी-भरकम जटिल दर्शन की। मेरा दिल और दिमाग ही मेरे मंदिर हैं और करुणा मेरा दर्शन।' दीपों की कतारें दीपावली का शाब्दिक अर्थ ही नहीं, वास्तविक अर्थ है। कतारों के लिए निरंतरता जरूरी है। और निरंतरता के लिए नपा-तुला क्रम। दीप जब कतार में होते हैं, तो आनंद का सूचक बन जाते हैं। जैसे कोई मूक उत्सव हो- जगर-मगर उजाले का। उजालों की पंक्तियां उल्लास का द्योतक हैं। दीप होते

**लव ऑर एबव की संस्थापक और हीलर क्रिस्टी मैरी शेल्डन कहती हैं, 'जितना हम अपनी बुरी आदतों की सफाई करते हैं, उतना ही अच्छा महसूस करते हैं। भीतर की अच्छी ऊर्जा का प्रवाह हमारे आसपास पर भी अच्छा असर डालता है।'**

**इन दिनों**

ही प्रेरक हैं। एक बाती, अंजुरी-भर तेल और राह-भर प्रकाश। जितना सादा दीपावली का दीपक होता है, उससे सादा कुछ नहीं हो सकता। माटी ने ज्यों पक-जमकर, बाती के बीज से ज्योत पल्लवित की हो। यह विजय पताका कार्तिक अमावस्या के अंधेरे की पूरी रात दूर रखती है। दीपावली की रात को हर दीप रोशनी की लहर बनाता है, उजालों के समन्दर में अपना योगदान देता है। ठीक ऐसा ही उजाला भीतर भी हो। शेक्सपियर की चर्चित पंक्ति है- 'अगर रोशनी पवित्रता का जीवन रक्त है तो विश्व को रोशनीमय कर दो/ जगमगा दो और इसे जी-भरकर बाहुल्यता से प्राप्त करो।' शेक्सपियर ने यह पंक्ति चाहे जिस संदर्भ में कही हो, पर इसका उद्देश्य निश्चित ही पवित्र था और अनेक अर्थों को लिए हुए यह उक्ति सचमुच में जीवन व्यवहार की स्पष्टता के अधिक नजदीक है। दीपावली का पर्व और उससे जुड़े रोशनी के दर्शन का भी यह उद्घोष है। रोशनी! उत्सव का प्रतीक, खुशी के इजहार करने का प्रतीक है, आत्मा को उजालने का द्योतक है, सफलता की प्रतीति है। अगर हम इस सोच को गहराई में डुबो लें तो ये सूक्तियां हमारे जीवन की रक्त धमनियां बन सकती हैं और उससे उत्तम व्यवहार की रश्मियां प्रस्फुटित हो सकती है। उन रश्मियों की निष्पत्तियां के स्वर होंगे- 'सदा दीपावली संत की आठों पहर आनन्द', 'घट-घट दीप जले', 'दीये की लौ सूरज से मिल जाये'। दीपावली का सम्पूर्ण पर्व एक ऊर्जा है, एक शक्ति है, एक आत्मज्योति है, एक प्रकार की गति है। एक सत्य से दूसरे सत्य की ओर अनवरत, अनिरुद्ध गति ही दीपावली की जीवंतता है। जीवन के अनेक अनुभवों का समवाय है दीपावली। एक अनुभूति से दूसरी अनुभूति तक की यात्रा में जो दीपावली के विलक्षण एवं अद्भुत क्षणों की गति है, वही जीवन की वास्तविकता है। जीवन एक यात्रा है, सतत यात्रा। ठीक इसी तरह दीपावली भी एक यात्रा है, एक प्रस्थान है, कुछ नया पाने की, अनूठा करने की, भीतर संसार को समृद्ध बनाने की। उजालों का स्वागत करें। दीपावली की रात भारत भूमि पर आसमान उतर आता है। ज्यों आकाश में तारे टिमटिमाते हैं, सो उस रात धरा पर दिये टिमटिमाते हैं। दीपावली पर रोशनी का परचम बुलंद किये हौसलेमंद दिये ज्यों तम के सामने डट जाते हैं, वह एक कालजयी ऐलान है विजय का। इस विजय को पाने एवं मोह का अंधकार भगाने के लिए धर्म का दीप जलाना होगा। जहाँ धर्म का सूर्य उदित हो गया, वहाँ का अंधकार टिक नहीं सकता। एक बार अंधकार ने ब्रह्माजी से शिकायत की कि सूरज मेरा पीछा करता है। वह मुझे मिटा देना चाहता है। ब्रह्माजी ने इस बारे में सूरज को बोला तो सूरज ने कहा-मैं अंधकार को जानता तक नहीं, मिटाने की बात तो दूर, आप पहले उसे मेरे सामने उपस्थित करें। मैं उसकी शक्ल-सूरत देखना चाहता हूँ। ब्रह्माजी ने उसे सूरज के सामने आने के लिए कहा तो अंधकार बोला-मैं उसके पास कैसे आ सकता हूँ? अगर आ गया तो मेरा अस्तित्व ही समाप्त हो जायेगा। समाज में उजाला फैलाने के लिये इंसान के अंदर इंसानियत होना जरूरी है। जिस तरह दीप से दीप जलता है, वैसे ही प्यार देने से प्यार बढ़ता है और समाज में प्यार और इंसानियत रूपी उजालों की आज बहुत जरूरत है। जीवन के ह्रास और विकास के संवादी सूत्र हैं- अंधकार और प्रकाश। अंधकार स्वभाव नहीं, विभाव है।

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुने माता छिन्नमस्तिका की कथा*

***सर्वप्रथम*** आपसे साँझा करना चाहूंगा की माँ छिन्नमस्तिका के बारे में जानना माँ को जान लेना नहीं है । इसे अपने मन में बिठा लें तो साधना का मार्ग हमेशा खुला रहता है अन्यथा अपना ही अहम की (मैं तो जानता हूँ। सबसे बड़ी बाधा बन जाता है और साधना के पथ पर कोई गति संभव नहीं हो पाती । मूलाधार चक्र में कुंडलिनी (कुंडली मारकर बैठे सर्प ) शक्ति का मूर्त रूप है मां छिन्नमस्तिका। कुंडलिनी जागरण से सम्बंधित अनेक साधनाओं में से एक साधना है माँ छिन्नमस्ता को प्रसन्न करना । चित्र में माँ को अपना ही खून पीते दिखाया गया है जो की इस तथ्य को दर्शाता है की माँ अपना ही रक्त पीकर सबल रहती है । ठीक इसी प्रकार जीवों में विराजमान कुंडलिनी शक्ति उनके स्वयं के रक्त से ही पोषित होती है। कुंडलिनी शक्ति जाग्रत होने पर माया का प्रभाव क्षीण हो जाता है, संभवतः यही कारण है की माँ को निर्वस्त्र दिखाया गया है। देवी के पाओं के नीचे कामदेव तथा रति हैं जो काम ऊर्जा का प्रतीक हैं। यही काम ऊर्जा ऊधर्वगामी होने पर ही प्रज्ञा रुपी कमल खिलता है और साधक अपनी असीम सम्भावनों को उपलब्ध होता है । धन्य है यह धरती जहाँ अहम ब्रह्मास्मि, अनलहक, शिवोहम जैसी घोषणाएं अनेकों बार हुई। माँ छिन्नमस्तिका को प्रचंड चंडिका के रूप में भी जाना और पूजा जाता है। पौराणिक धर्म ग्रंथों मार्कंडेय पुराण व शिव पुराण में उल्लेखित है की जब माँ छिन्नमस्तिका ने चंडी का रूप धरकर राक्षसों का संहार किया और दैत्यों को परास्त कर देवों को अभय का वरदान दिया तो चारों दिशाएं माँ के जयघोष से गूँज उठी।

**(क्रमशः)**

# सकारात्मक छवि के साथ समग्र विकास का अभियान



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

***मुख्यमंत्री*** योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के समग्र विकास का अभियान चला रहे हैं। उनके कार्यकाल में उत्तर प्रदेश की सकारात्मक छवि कायम हुई है। योगी आदित्यनाथ पूरे प्रदेश का भ्रमण भी करते हैं। चालू परियोजनाओं की समीक्षा करते हैं। पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं का लोकार्पण करते हैं। नई परियोजनाओं का शिलान्यास भी करते हैं। उनकी यात्राओं में यह एजेंडा प्रमुख होता है। कार्यक्रमों में सनातन चिंतन के प्रति उनकी आस्था की भी अभिव्यक्त होती है। उन्होंने काशी में कहा कि सनातन धर्म कृति के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने वाला धर्म है। किसी के उत्तम कार्य के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने वाला महान धर्म सनातन धर्म है। सनातन धर्म हमें हमेशा अपने पूर्वजों, अपनी परम्परा और समाज के लिए योगदान देने वाले महापुरुषों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने की प्रेरणा देता है। सनातन धर्म की परम्परा में अन्नदान के अनेक उदाहरण हमारे सामने हैं। अन्नदान की महत्ता को एक भारतीय से ज्यादा और कोई नहीं समझ सकता। योगी आदित्यनाथ ने पूज्य भाईजी अन्न क्षेत्र का औपचारिक उद्घाटन भी किया। उन्होंने कहा कि श्री हनुमान प्रसाद पोद्दार स्मृति सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित दृष्टिबाधित विद्यालय में अन्न क्षेत्र का शुभारम्भ होना एक सुखद अनुभूति करने वाला क्षण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिव्यांगजन और समाज को एक नई दृष्टि दी है। आज केंद्र और राज्य सरकार द्वारा दिव्यांगजन के कल्याण के लिए अनेक कार्यक्रम व अभियान चलाये जा रहे हैं। योगी आदित्यनाथ विकास कार्यों, कानून-व्यवस्था एवं दीपावली के आयोजन की तैयारियों की विस्तृत एवं गहन समीक्षा की है। उन्होंने पावर कॉर्पोरेशन को आगामी त्योहारों व मांगलिक कार्यक्रमों के दौरान बिजली की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है। वो जनपद मीरजापुर में दो सौ करोड़ करोड़ रुपये से अधिक और प्रयागराज में करीब सवा तीन हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर चुके हैं। अमेठी के त्रिशुंडी औद्योगिक क्षेत्र में एसएलएमजी बेवरेजेज के बॉटलिंग प्लांट का उद्घाटन कर चुके हैं। यह बॉटलिंग प्लांट प्रदेश सरकार की इन्वेस्टमेंट पॉलिसी का हिस्सा है। विंध्यवासिनी धाम में भव्य विंध्य कॉरिडोर का निर्माण कराया जा रहा है। मीरजापुर में मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय भी प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री कह चुके हैं कि प्रदेश सरकार शीघ्र ही जनपद अमेठी के लिए दो हजार करोड़ रुपये के नये निवेश के प्रस्ताव लेकर आने वाली है। महत्वपूर्ण यह भी है कि कानपुर से झांसी के मध्य अड़तीस हजार एकड़ भूमि पर एक नये औद्योगिक शहर को बसाने की हलचल तेज हो चुकी है। अब तक पैंतीस हजार एकड़ भूमि अर्जित की जा चुकी है। झांसी-बुन्देलखंड औद्योगिक विकास क्षेत्र के प्रथम फेज में अड़तीस हजार एकड़ भूमि में विभिन्न कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया गया है। करीब डेढ़ वर्ष बाद प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन होगा। महाकुंभ की तैयारी पहले ही शुरू हो चुकी है। योगी आदित्यनाथ प्रयागराज में तैंतीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कर चुके हैं। सोनभद्र और मीरजापुर में अनुसूचित जाति जनजाति से जुड़े लोगों को जमीन के पट्टे युद्धस्तर पर दिये जा रहे हैं। जनपद प्रयागराज और चित्रकूट में कोल

**किसी के उत्तम कार्य के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने वाला महान धर्म सनातन धर्म है। सनातन धर्म हमें हमेशा अपने पूर्वजों, अपनी परम्परा और समाज के लिए योगदान देने वाले महापुरुषों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने की प्रेरणा देता है।**

**विकास**

जनजाति से जुड़े लोगों को आवास उपलब्ध कराये जा चुके हैं। शेष बचे लोग, जो पात्रता की श्रेणी में आते हैं, सरकार ने उनके लिए आवास के लिए धनराशि की व्यवस्था की है। सरकार के गठन के बाद तीस लाख फर्जी राशन कार्ड पकड़े गये। पिछली सरकारों ने इन गरीबों को राशन से भी वंचित करके रखा था। वर्तमान सरकार वंचितों के जीवनस्तर को ऊंचा उठाने का कार्य कर रही है। इसके अंतर्गत अनेक योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। गरीबों तक शत-प्रतिशत लाभ पहुंचना शुरू हो चुका है। **(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

**फोटो की दुनिया**



फेसबुक वॉल से

**कोई कुछ भी बोले स्वयं को शांत रखो, क्योंकि धूप कितनी भी तेज हो समुद्र को नही सुखा सकती।**

# नरक से मुक्ति का मार्ग दीपदान



योगेश कुमार गोयल

***भारत*** में कार्तिक कृष्ण पक्ष में पांच पर्वों का जो विराट महोत्सव मनाया जाता है, उसकी श्रृंखला में सबसे पहले पर्व धनतेरस के बाद दूसरा पर्व आता है 'नरक चतुर्दशी'। कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाये जाने वाले पर्व 'नरक चतुर्दशी' के नाम में 'नरक' शब्द से ही आभास होता है कि इस पर्व का संबंध भी किसी न किसी रूप में मृत्यु अथवा यमराज से है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन यमराज का पूजन करने तथा व्रत रखने से नरक की प्राप्ति नहीं होती। दीपावली से ठीक एक दिन पहले मनाये जाने वाले इस पर्व की तिथि को लेकर लोगों के मन में भ्रम की स्थिति है कि यह पर्व 11 नवंबर को मनाया जायेगा या 12 नवंबर को। दरअसल कई स्थानों पर यह पर्व इस बार दीपावाली के साथ 12 नवंबर को ही मनाये जाने का उल्लेख है लेकिन हिन्दू पंचांग के अनुसार कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि इस बार 11 नवंबर 2023 को दोपहर 1 बजकर 57 मिनट पर शुरू होगी और अगले दिन 12 नवंबर को दोपहर 2 बजकर 44 मिनट पर इसका समापन होगा। ऐसे में यह पर्व 11 नवंबर को ही मनाया जायेगा। इस दिन सायं 5 बजकर 29 मिनट से लेकर 8 बजकर 7 मिनट तक दीपदान का शुभ मुहूर्त है। इस पर्व को 'नरक चौदस', 'रूप चतुर्दशी', 'काल चतुर्दशी' तथा 'छोटी दीवाली' के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन मृत्यु के देवता यमराज और धर्मराज चित्रगुप्त का पूजन किया जाता है और यमराज से प्रार्थना की जाती है कि उनकी कृपा से हमें नरक के भय से मुक्ति मिले। इसी दिन रामभक्त हनुमान का भी जन्म हुआ था और इसी दिन वामन अवतार में भगवान विष्णु ने राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगते हुए तीनों लोकों सहित बलि के शरीर को भी अपने तीन पगों में नाप लिया था। हनुमान जयंती वैसे तो चैत्र मास की पूर्णिमा को मनाई जाती है, लेकिन उत्तर भारत के कई भागों में यह दीवाली से एक दिन पहले भी मनाई जाती है। यम को मृत्यु का देवता और संयम का अधिष्ठाता देव माना गया है। नरक चतुर्दशी के दिन सूर्योदय से पहले उठकर स्नान करना शुभ माना गया है और सायंकाल के समय यम के लिए दीपदान किया जाता है। आशय यही है कि संयम-नियम से रहने वालों को मृत्यु से जरा भी भयभीत नहीं होना चाहिए। इस दिन सूर्योदय से पहले स्नान करने का आशय ही आलस्य का त्याग करने से है और इसका सीधा संदेश यही है कि संयम और नियम से रहने से उनका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा और उनकी अपनी साधना ही उनकी रक्षा करेगी। नरक चतुर्दशी मनाये जाने के संबंध में एक मान्यता है कि इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने प्राग्ज्योतिषपुर के राजा 'नरकासुर' नामक अधर्मी राक्षस का वध किया था और ऐसा करके उन्होंने न केवल पृथ्वीवासियों को बल्कि देवताओं को भी उसके अत्याचारों से मुक्ति दिलाई थी। उसके आतंक से पृथ्वी के समस्त शूरवीर और सम्राट भी थर-थर कांपते थे। अपनी शक्ति के घमंड में चूर नरकासुर शक्ति का दुरुपयोग करते हुए स्त्रियों पर भी अत्याचार करता था। उसने 16,000 मानव, देव एवं गंधर्व कन्याओं को बंदी बना रखा था। देवों और ऋषि-मुनियों के अनुरोध पर भगवान श्रीकृष्ण ने सत्यभामा के सहयोग से नरकासुर का संहार किया था और उसके बंदीगृह से 16,000 कन्याओं को मुक्ति दिलाई थी। नरकासुर से मुक्ति पाने की खुशी में देवगण और पृथ्वीवासी बहुत आनंदित हुए और उन्होंने यह पर्व मनाया। माना जाता है कि तभी से इस पर्व को मनाये जाने की परम्परा शुरू हुई। धनतेरस, नरक चतुर्दशी तथा दीपावाली के दिन दीपक जलाये जाने के संबंध में एक मान्यता यह भी है कि इन दिनों में वामन भगवान ने अपने तीन पगों में सम्पूर्ण पृथ्वी, पाताल लोक, ब्रह्माण्ड व महादानवीर दैत्यराज बलि के शरीर को नाप लिया था और इन तीन पगों की महत्ता के कारण ही लोग यम यातना से मुक्ति पाने के उद्देश्य से तीन दिनों तक दीपक जलाते हैं तथा सुख, समृद्धि एवं ऐश्वर्य की प्राप्ति के लिए मां लक्ष्मी का पूजन करते हैं।

**हनुमान जयंती वैसे तो चैत्र मास की पूर्णिमा को मनाई जाती है, लेकिन उत्तर भारत के कई भागों में यह दीवाली से एक दिन पहले भी मनाई जाती है। यम को मृत्यु का देवता और संयम का अधिष्ठाता देव माना गया है।**

**दीपदान**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# कंजक्टिवाइटिस की समस्या से हो गए हैं परेशान तो अपनाएं ये घरेलू उपाय

बदलते मौसम में इंफेक्शन का खतरा भी बढ़ जाता है। इस बदलते मौसम में कई लोगों को आंख आना यानी कंजक्टिवाइटिस की समस्या भी होती है। कंजक्टिवाइटिस होने पर आंखों में चुभन का एहसास होता है। ऐसे में इन उपायों को कर आप इस समस्या से राहत पा सकते हैं। बदलते मौसम में इंफेक्शन का खतरा भी बढ़ जाता है। इस बदलते मौसम में कई लोगों को आंख आना यानी कंजक्टिवाइटिस की समस्या भी होती है। इसमें आंखें लाल दिखाई देने लगती हैं और आंखों में खुजली, पानी निकलना और जलन जैसी समस्याएं होती हैं। इस दौरान आंखों में सूजन आ जाती है। आंखों में लालिमा होने के कारण इसको पिंक आई भी कहा जाता है। बता दें कि कंजक्टिवाइटिस एक प्रकार का संक्रमण है, जो आपकी आंखों की बाहरी परत और पलक के अंदर होता है। कंजक्टिवाइटिस होने पर आंखों में चुभन का एहसास होता है। ऐसे में आज हम आपको इस आर्टिकल के जरिए आंख आने की समस्या से राहत पाने के लिए कुछ घरेलू उपाय बताने जा रहे हैं।

## आंखें आने पर क्या करें

आंख आने पर बोरिक एसिड फायदेमंद होता है। इसके लिए आप एक चम्मच बोरिक एसिडो एक कप पानी में मिलाएं। फिर इस पानी से अपनी आंखों को धोएं या फिर कॉटन की मदद से आंखों को साफ करें। बता दें कि बोरिक एसिड में एंटी फंगल के गुण पाए जाते हैं। जिससे आंखों में इंफेक्शन का खतरा कम होता है। गेंदे के फूल का पानी भी आंख आने पर फायदा करता है। इसके लिए दो चम्मच सूखे गेंदे के फूल को एक कप गर्म पानी में मिलाएं। फिर इसको ठंडा होने पर छान लें। अब इस पानी से अपनी आंखों को धोएं। इससे भी आपको राहत मिलेगी। आंख आने पर आप टी बैग्स का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। कुछ समय के लिए चाय के बैग को फ्रिज में रखें और फिर इन्हें आंखों पर लगाकर रखें। दिन में दो से तीन बार ऐसा करें। इसके अलावा आप ग्रीन टी और कैमोमाइल टी बैग से भी आंखों की सिकाई कर सकते हैं। आपको बता दें कि धनिया भी आंख आने की समस्या को काफी हद तक कम कर सकती है। आंख आने पर ताजी धनिया को पानी में उबाल लें। फिर पानी ठंडा होने पर उसे छान ले और इस पानी से अपनी आंखों को धोएं। इससे आंखों की लालिमा और सूजन काफी हद तक कम हो सकती है।

## आंख आने का कारण क्या है

**बैक्टिरीयल कंजक्टिवाइटिस :** बता दें कि यह संक्रमण Staphylococcal या streptococcal bacterir से होता है। साफ-सफाई का ध्यान ना रखना और किसी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने पर भी इसके होने की संभावना होती है। यह संक्रमण एक आंख से दूसरी आंख में भी फैल सकता है। इस बैक्टिरीयल कंजक्टिवाइटिस में पीले रंग का गाढ़ा पानी निकलता है।

**वायरल कंजक्टिवाइटिस :** यह जुकाम से जुड़े संक्रामक वायरस के कारण होता है। जब कोई व्यक्ति संक्रमण वाले किसी अन्य व्यक्ति की खांसी व छींक के संपर्क में आता है, तो वायरल कंजक्टिवाइटिस होता है। इस संक्रमण के होने से आंखों में लालिमा, सूजन, ठंड लगना और फ्लू आदि के लक्षण दिखाई देते हैं। यह एक आंख से शुरू होकर 1 या 2 दिन में दूसरी आंख में फैल जाता है।

**एलर्जिक कंजक्टिवाइटिस :** यह संक्रमण उन लोगों में होने की संभावना होती है, जिनको मौसम में एलर्जी होती है। जब व्यक्ति किसी ऐसी चीज के संपर्क में आता है, जिससे उसको एलर्जी है, तो इस एलर्जी के रिएक्शन में उसको एलर्जिक कंजक्टिवाइटिस हो सकता है। इस संक्रमण के होने पर आंखों में सूजन होने के साथ आंसू आने लगते हैं। एलर्जिक कंजक्टिवाइटिस दोनों आंखों में एक साथ होता है।

# शरीर में कैंसर की पहली स्टेज पर दिखाई देते हैं ऐसे लक्षण

बहुत सारे लोग कैंसर को जानलेवा बीमारी मानते हैं। बता दें कि कुछ मामलों में कैंसर के शुरूआती लक्षण नहीं दिखते हैं, तो वहीं कुछ मामलों में यह लक्षण दिखते हैं। ऐसे में कैंसर के प्रति हर व्यक्ति में अवेयरनेस होनी जरूरी है। कैंसर एक जानलेवा बीमारी मानी जाती है। कैंसर होने के पीछे की वजह जल्दी डायग्नोज न होना है। शुरूआती दौर में कैंसर के कोई लक्षण उभरकर सामने नहीं आते हैं। लेकिन जब इसके लक्षण दिखाई देते हैं, तब तक काफी देर हो चुकी होती है। हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो कुछ मामलों में कैंसर के शुरूआती लक्षण नहीं दिखते हैं, तो वहीं कुछ मामलों में यह लक्षण दिखते हैं। ऐसे में कैंसर के प्रति हर व्यक्ति में अवेयरनेस जरूरी है। आपको बता दें कि कैंसर की बीमारी तब होती है, जब हमारे शरीर में कोशिकाएं असामान्य रूप से बढ़ने और विभाजित होने लगती हैं। हांलाकि कैंसर यदि पहली स्टेज में हो तो मरीज स्वस्थ हो जाता है। लक्षण एक-दूसरे से अलग होते हैं। कैंसर के लक्षणों के बारे में हर व्यक्ति को जानकारी होनी चाहिए। ताकि समय रहते लक्षणों को पहचानकर डॉक्टर की सलाह पर इलाज शुरू किया जा सके।



### तंबाकू और धूम्रपान है कैंसर का बड़ा कारण

वर्तमान समय में धूम्रपान करना युवाओं में एक स्टेटस सिबल बन रहा है, लेकिन लोगों को यह समझ नहीं आ रहा है कि धूम्रपान कर वह खुद को बीमारी के काफी करीब लेकर जा रहे हैं। ना सिर्फ लड़के बल्कि लड़कियां भी धूम्रपान करने को स्टेटस सिंबल मान कर चलते हैं। हल्ड के मुताबिक देश में 10 फीसदी लड़कियां धूम्रपान कर रही हैं। इसके अलावा देश का 15 से 35 वर्ष तक के युवा धूम्रपान का अधिक सेवन कर रहे हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि देश में रोजाना पांच हजार से अधिक बच्चे धूम्रपान का सेवन कर रहे हैं। वहीं 35 से 40 फीसदी लोग किसी ना किसी रूप में धूम्रपान का सेवन कर रहे हैं।

### कैंसर की लक्षण

शरीर का वजन अचानक कम होना या बढ़ जाना
पाचन संबंधी समस्या, कब्ज या दस्त होना
ज्यादा थकान और कमजोरी महसूस होना
घाव ठीक होने में ज्यादा समय लगना
जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द
त्वचा के रंग में बदलाव होना
आवाज बदल जाना
त्वचा में गांठ बनना
कैंसर से बचाव के उपाय

### 40 के बाद कराए जांच

बता दें कि उम्र बढ़ने के साथ कैंसर होने की संभावना भी बढ़ती जाती है। इसलिए 40 की उम्र के बार से हर साल में एक बार अपना स्वास्थ्य परीक्षण जरूर करवाना चाहिए। स्वास्थ्य परीक्षण में कैंसर जांच को भी शामिल करना चाहिए। क्योंकि इस गंभीर बीमारी के प्रति जागरुकता रखने से आप इस बीमारी को आसानी से हरा सकते हैं।

### हेल्दी खाना

कैंसर के खतरे को कम करने के लिए संतुलित खाना बेहद जरूरी है। आपको अपनी डाइट में हरी सब्जियां, फल, पौष्टिक भोजन और लाल मांस को शामिल करना चाहिए। बता दें कि फलों व सब्जियों में कई तरह के विटामिन्स, मिनरल्स और एंटीऑक्सिडेंट पाए जाते हैं। जो कैंसर जैसी गंभीर बीमारी को रोकने में सहायक होते हैं।

### एक्सरसाइज

स्तन और पेट के कैंसर के खतरे को कम करने के लिए अपनी डेली लाइफ में एक्सरसाइज को जरूर शामिल करें। कोशिश करें कि रोजाना कम से कम 30 मिनट के लिए मॉड्रेट एक्टिविटी जरुर करें। इसके लिए आप साइकिल, तैराकी व वॉक आदि कर सकते हैं। फिजिकल तौर पर स्वस्थ रहने से कैंसर का खतरा काफी हद तक कम होता है।

### धूम्रपान

कैंसर से होने वाली मौतों में से करीब आधी मौतें धूम्रपान व तंबाकू का सेवन करने से होती हैं। धूम्रपान अनावश्यक मौतों का सबसे बड़ा वैश्विक कारण है। इसलिए कैंसर से बचाव करने के लिए धूम्रपान का सेवन नहीं करना चाहिए।

### ना करें शराब का सेवन

शराब के दुरुपयोग के चलते ब्रेस्ट, कोलोन और लिवर कैंसर सहित कई तरह के कैंसर का खतरा बढ़ता है। शराब का सेवन करने से ना सिर्फ कैंसर बल्कि अन्य बीमारियां होने का जोखिम भी रहता है।

❖ अनन्या मिश्रा

# जीते-जागते कब्रिस्तान



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त',
मो. नं. 73 8657 8657

देशभर में पहुंचे हुए लोग पहुंचे हुए शौक पालते हैं। मसलन घर में कुत्ता-बिल्ली पालते हैं और वृद्धाश्रमों में बड़े-बूढ़े। कुत्ते-बिल्ली दिखने और लगने में बड़े क्यूट होते हैं जबकि बड़े-बूढ़े बड़े बोरिंग और पकाऊ। घर में डॉगी पालने के ठाठ होते हैं और बड़े-बूढ़ों को साथ में रखने से किच-किच होती है। सुबह-शाम जहां-तहां जब देखो तब पक-पक करते रहते हैं। डॉगी और किटी का गोद में बैठना, पीठ पर चढ़ना और पैरों को चाटना कितना सुहाता है। वहीं बूढ़ों के मुंह लगना तो दूर उनके नजदीक जाना भी कितना डिस्गस्टिंग होता है। छीः-छीः ऐसे लोगों का साथ में रखना मतलब घर आने वाले लोगों के सामने नाक कटाने के बराबर है। इसीलिए ऐसे लोगों के लिए वृद्धाश्रम ही ठीक होते हैं।

दोनों को पालने के अपने अलग-अलग फायदे हैं और दोनों की देखभाल में भी काफी अंतर होता है। किंतु इन्हें जानवर कहने की भूल बिल्कुल मत करना। बल्कि डॉगी की देखभाल में जहां अधिक समय देना होता है, वहीं, किटी की देखभाल में कम समय लगता है। वहीं बूढ़ों को पालने में जमीन-आसमान भी कर दें तब भी त्रिशंकु बनकर लटकना पड़ता है। द यंग जनरेशन फॉर प्रिवेंशन ऑफ ओल्ड पिपुल के मुताबिक, इंसान के बच्चों से भी डॉगी या किटी के बच्चे बड़े प्यारे लगते हैं। बूढ़े तो खूसड़ लगते हैं। ऐसे में जरूरी है कि अगर आपके घर में किटी के बच्चे यानी किटन हैं, तो उन्हें थपकी दे-देकर सुलाइए। कोशिश करें कि किटन को ज्यादा बाहर भी लेकर न जाएं। दरअसल, बाहर ले जाने से किटन को कई तरह की बीमारियां लग सकती हैं। बूढ़ों को बाहर रखो या भीतर कुछ फर्क नहीं पड़ता क्योंकि उनके होने न होने का कोई मतलब नहीं है। इसीलिए ऐसों के लिए वृद्धाश्रम ही सही जगह होती है। वहां एक जैसे लोग घुमा-फिरा के एक जैसी बातें करते हैं, क्योंकि उनकी समस्या एक जैसी होती है। देखभाल किसी भी डॉगी-किटन के लिए बेहद जरूरी है। ऐसे में जरूरी है कि उन्हें डॉक्टर के पास ले जाएं और उनकी देख-रेख करें। बूढ़ों का क्या है। जितना जीना था जी लिया, अब तो उनके मरने की बारी है। उनकी देखभाल करना मतलब दवादारू में पैसे बेकार करने के बराबर है। किटी को दिन में चार बार खाना देना चाहिए। यदि आपके घर में डॉग और बिल्ली दोनों हैं, तो ध्यान रखें कि, बिल्ली को डॉग का खाना खिलाने से बचें। ऐसे में जरूरी है कि उसे हमेशा बिल्लियों वाला खाना ही खिलाएं। बूढ़ों का क्या जूठन भी चल जाएगा। नहीं भी देंगे तो कुछ कहने वाले थोड़े न है। वैसे भी जो बूढ़े बन जाते हैं उन्हें सिर्फ सुनने की आदत डाल लेनी चाहिए। अच्छी साफ-सफाई डॉगी-किटी के लिए बेहद जरूरी होती है। बूढ़ों के लिए सफाई की जरूरत नहीं होती है। क्योंकि उनके बच्चे बूढ़ों की पूरी तरह से सफाई करने के सारे इंतजाम करके रखते हैं। जब भी बिल्ली के शरीर से बदबू आने लगे, तब आप उसे ठंडे पानी से नहला सकते हैं। बता दें कि, गर्म पानी बिल्ली के शरीर को नुकसान पहुंचा सकता है। इसके अलावा बिल्ली के बालों को रोज ब्रश करना चाहिए। इससे टूटे बाल निकल जाएंगे और घर में फैलने से भी बच जाएंगे। मैं आपको यह सब इसलिए बता रहा हूं कि आजकल वृद्धाश्रमों की संख्या बढ़ती जा रही है। बहुत जल्द कब्रिस्तान की समस्या से निजात पा सकते हैं क्योंकि अब जीवित कब्रिस्तानों की संख्या आज के एकल परिवारों ने बढ़ाकर रख दी है।

# शरीर को डिटॉक्स रखने के लिए डेली रुटीन में शामिल करें ये योगासन

हमारे शरीर में कई सारे विषाक्त पदार्थ बनते हैं। जिनका शरीर से बाहर निकलना जरूरी होता है। अगर यह आपके शरीर के अंदर ही रह जाते हैं। तो किडनी, फेफड़ा, लिवर और दिल को नुकसान पहुंचा सकती है। शरीर को डिटाक्स करने के लिए आप ये योगासन कर सकते हैं। हमारे शरीर में कई सारे विषाक्त पदार्थ बनते हैं। जिनका शरीर से बाहर निकलना जरूरी होता है। अगर यह आपके शरीर के अंदर ही रह जाते हैं, तो किडनी, फेफड़ा, लिवर और दिल को नुकसान पहुंचा सकती है। हांलाकि शरीर खुद ही विषाक्त पदार्थों को बाहर निकाल देता है। लेकिन कुछ कमजोर अंग गंदगी की सफाई ढंग से नहीं हो पाती है। शरीर में टॉक्सिन बढ़ने से शारीरिक अंग कमजोर होने लगते हैं। साथ ही समय से पहले ढीली त्वचा, कमजोरी, सफेद बाल और बुढ़ापे के लक्षण दिखाई देने लगते हैं।

आपको बता दें कि शरीर की सफाई के लिए मुख्य रूप से 5 अंग काम करते हैं। इन पांच अंगों में किडनी, फेफड़े, आंत, लिवर और स्किन है। बता दें कि स्वस्थ रहने के लिए शरीर का डिटॉक्स होना जरूरी है। शरीर को डिटॉक्स करने के लिए आप योगा की मदद ले सकते हैं।



**अधोमुख श्वानासन :** सूर्य नमस्कार के सात आसनों में अधोमुख श्वानासन है। इस आसन को करने से आपका शरीर आगे की तरफ झुकता है। जिससे शरीर में रक्त संचार बेहतर होने लगता है। इस योग से बॉडी के कई भाग स्ट्रेच होते हैं। इस योग की गिनती स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज में की जाती है।

**कैसे करें अधोमुख श्वानासन :** इस आसन को करने के लिए सबसे पहले मैट पर खड़े हो जाएं। फिर दोनों हाथों को ऊपर की तरफ ले जाएं और बाजुओं को एकदम सीधा कर लें। अब अपने शरीर को आगे की तरफ झुकाएं, घुटनों को मोड़े और दोनों हाथों को जमीन से लगाएं। इस दौरान हाथों और पैरों के बीच दूरी होना जरूरी है। इस आसन को करते समय एड़ियों को उपर उठाने का प्रयास करें।

**भारद्वाजासन :** भारद्वाजासन को करने से शरीर में लचीलापन बढ़ने लगता है। इस आसन को रोजाना करने से शरीर डिटॉक्स होने के साथ ही फिट भी रहती है। भारद्वाजासन को करने से शरीर की मांसपेशियां खिंचने लगती है, जिससे कई रोगों से शरीर को छुटकारा मिल जाता है।

### कैसे करें भारद्वाजासन

भारद्वाजासन को करने से सबसे पहले मैट पर बैठ जाएं। फिर सुखासन मुद्रा में बैठकर आंखें बंद कर लें। इसके बाद दाहिने हाथ से बाएं घुटने को छुएं और बाएं हाथ से दाहिए घुटने को छूने की कोशिश करें। इस आसन को शुरूआत में 30 सेकण्ड से एक मिनट तक रहने का प्रयास करें। एक बार करने के बाद दूसरी बार में बांए हाथ से दांए घुटने का पकड़ें। इस आसन को करते समय गर्दन को पीछे की ओर मोड़ लें।

**नौकासन :** शरीर को डिटॉक्स करने के लिए आप अपने डेली रूटीन में नौकासन योग को शामिल करें। इससे मांसपेशियों की ऐंठन और पैरों में होने वाला दर्द कम होता है।

**ऐसे करें नौकासन :** इस आसन को करने के लिए मैट पर सीधे लेट जाएं। फिर दोनों बाजुओं को टांगों से सटा लें। इसके बाद धीरे धीरे ऊपर की तरफ उठें और बाजुओं को सीधा कर लें। अब अपने दोनों पैरों को ऊपर की तरफ उठाएं। इस दौरान पैर एकदम सीधे होने चाहिए।

## सूडोकु नवताल- 6880

✱✩✩✩✩ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6879 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

## दैनिक पंचांग

**11 नवम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | तुला में | वृश्चिक | 06.41 ब.से |
| चंद्र | कन्या में | धनु | 08.57 बजे से |
| मंगल | तुला में | मकर | 11.02 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | कुंभ | 12.49 बजे से |
| गुरु | मेष में | मीन | 14.22 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | मेष | 15.52 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृष | 17.32 बजे से |
| राहु | मीन में | मिथुन | 19.30 बजे से |
| केतु | कन्या में | कर्क | 21.44 बजे से |
| | | सिंह | 00.00 बजे से |
| राहुकाल 9.00 से 10.30 बजे तक | | कन्या | 02.12 बजे से |
| | | तुला | 04.23 बजे से |

**शनिवार** 2023 वर्ष का 315 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** कार्तिक (दक्षिण भारत में आश्विन) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** त्रयोदशी 13.58 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** चित्रा 01.47 बजे रात्र को समाप्त। **योग** प्रीति 16.58 बजे को समाप्त। **करण** वणिज 13.58 बजे तदनन्तर विष्टि 02.26 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.3 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 17° 17' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871794 **जूलियन दिन** 2460259.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** रवि उस्सानी **तारीख** 26 **विशेष** मास शिवरात्रि, हनुमान पूजा, काली चौधस।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7942

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | ■ | 4 | 5 |
| | ■ | 6 | | ■ | 7 | 8 | ■ | |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | ■ | 12 | 13 | |
| ■ | | ■ | 14 | | 15 | ■ | | ■ |
| 16 | | | | ■ | 17 | | | |
| ■ | | ■ | 18 | 19 | | ■ | | ■ |
| 20 | | 21 | ■ | | ■ | 22 | | 23 |
| | ■ | 24 | 25 | ■ | 26 | | ■ | |
| 27 | | ■ | | ■ | | ■ | 28 | |

**बाएँ से दाएँ**

1. ध्वज, पताका-2
4. वहम, संदेह-2
6. दलहन-2
7. खाली, रिक्त-2
9. रसूल, अल्लाह-3
12. अभिनेत्री मुनमुन सेन की पुत्री का सिर्फ नाम-3
14. सिवाय, बगैर-3
16. इराक की राजधानी-4
17. समधी की पत्नी-4
18. पीसना, महीन करना-3
20. उष्ण, गर्म-3
22. उत्तम, विष्णु अवतार-3
24. परत, तह-2
26. खेती-2
27. अधर, होठ-2
28. ताऊ की पत्नी, बड़ी मां-2

**ऊपर से नीचे**

1. जल प्रपात-3
2. आईल-2
3. हूर, अप्सरा-2
5. सूक्ति, वाणी, शबद-3
6. पिता के पिता-2
8. स्टार, सितारा-2
10. रोचक, सुंदर, मनोहारी-5
11. शीतलता, मुठभेड़-2
13. सतरंगा, शंकर धनुष-5
14. सिर्फ एक, एकमात्र-3
15. हवस, कामेच्छा-3
19. लाख-2
20. जहर, विष-3
21. आनंदित, मनमौजी-2
22. मुनि, साधू-2
23. अच्छाई, सदशयता-3
25. सुरक्षा-2
26. कीड़ा, कीट-2

### शब्द पहेली -7941 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | जी | स | स | ■ | ग | ब | रु | ■ |
| न | भ | ■ | ज | ■ | र | ■ | त | ह |
| जा | ■ | ■ | ग | र | ज | ना | ■ | ल |
| रा | ह | त | ■ | स्म | ■ | म | ह | क |
| ■ | ■ | र | ज | ■ | गां | ची | ■ | ■ |
| ज | न | क | ■ | खा | ■ | न | स | ल |
| मी | ■ | श | ब | न | म | ■ | ■ | ह |
| न | म | ■ | हा | ■ | ज | ■ | जो | र |
| ■ | त | ल | ना | ■ | मा | लि | श | ■ |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा।

**वृष राशि :** परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है।

**मिथुन राशि :** विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें।

**कर्क राशि :** पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से कार्य सफल होगें। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**सिंह राशि :** दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा।

**कन्या राशि :** रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**तुला राशि :** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं।

**वृश्चिक राशि :** कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा।

**धनु राशि :** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं।

**मकर राशि :** शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

**कुंभ राशि :** विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते हैं।

**मीन राशि :** क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती है। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेगी। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# जनकल्याण योजनाओं से दीपावली पर आज देश का हर घर है रोशन : पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दीपावली के त्योहार पर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से देश के हर घर के रोशन होने का दावा करते हुए कहा है कि उन्हें इस बात से बहुत संतोष है। माईगव इंडिया द्वारा एक्स पर मोदी सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, मुद्रा योजना, आयुष्मान भारत योजना, डिजिटल इंडिया और स्टार्टअप इंडिया जैसी कई योजनाओं की उपलब्धियों को लेकर पोस्ट किए गए वीडियो पर रिप्लाई करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पोस्ट कर कहा, मुझे बहुत संतोष है कि दीपावली के त्योहार पर जनकल्याण की हमारी योजनाओं से



आज देश का हर घर रोशन है।

इससे पहले प्रधानमंत्री ने देशवासियों को धनतेरस की बधाई देते हुए लोगों से वोकल फॉर लोकल अभियान से जुड़ने का आग्रह करते हुए कहा, आइए इस दिवाली को 140 करोड़ भारतीयों की कड़ी मेहनत के बारे में बनाएं। यह उद्यमियों की रचनात्मकता और अथक भावना के कारण है कि हम वोकल फॉर लोकल हो सकते हैं और भारत की प्रगति को आगे बढ़ा सकते हैं। यह त्योहार आत्मनिर्भर भारत का सूत्रपात करे!

प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को धनतेरस की बधाई देते हुए शुक्रवार सुबह एक्स पर पोस्ट कर कहा, देश के मेरे सभी परिवारजनों को आरोग्य एवं सुख-समृद्धि के प्रतीक पर्व धनतेरस की बहुत-बहुत बधाई। मेरी कामना है कि भगवान धन्वंतरि की कृपा से आप सभी सदैव स्वस्थ, संपन्न और प्रसन्न रहें, जिससे विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा मिलती रहे।

## प्रधानमंत्री, अमित शाह व अनुराग ठाकुर ने दी धनतेरस की शुभकामनाएं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और सूचना एवं प्रसारणमंत्री अनुराग ठाकुर ने पिछले कुछ माह से त्योहारों की उमंग में डूबे देशवासियों को धनतेरस की शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री ने ईश्वर से कामना की है कि लोग सदैव स्वस्थ और संपन्न रहें। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर कहा है, 'देश के मेरे सभी परिवारजनों को आरोग्य एवं सुख-समृद्धि के प्रतीक पर्व धनतेरस की बहुत-बहुत बधाई। मेरी कामना है कि भगवान धन्वंतरि की कृपा से आप सभी सदैव स्वस्थ, संपन्न और प्रसन्न रहें, जिससे विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा मिलती रहे।' इस पावन पर्व पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 'एक्स' पर कहा है, ' समस्त देशवासियों को धनतेरस की हार्दिक शुभकामनाएं। धनतेरस का यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख, संपन्नता और सौभाग्य लाए।' केंद्रीय सूचना एवं प्रसारणमंत्री अनुराग ठाकुर ने 'एक्स' पर कहा है, ' धनतेरस के पावन पर्व की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। मां लक्ष्मी की कृपा से आपके जीवन में सुख-शांति-समृद्धि का का वास हो। भगवान धन्वंतरि की कृपया से आप आरोग्यवान हों। यही प्रार्थना है।' पौराणिक मान्यता के अनुसार आयुर्वेद के प्रवर्तक श्री धन्वंतरि, भगवान विष्णु के अवतार हैं। इनका पृथ्वीलोक में अवतरण समुद्र मंथन के समय हुआ। दीपावली से दो दिन पूर्व भगवान धन्वंतरि का अवतरण धनतेरस के रूप में मनाया जाता है।

# भारत की एक इंच भूमि पर भी कोई कब्जा नहीं कर सकता : अमित शाह

**एजेंसी। देहरादून**

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जब तक हमारे आईटीबीपी और सेना के जवान सीमा पर तैनात हैं तब तक भारत की एक इंच भूमि पर भी कोई कब्जा नहीं कर सकता। अब हिम वीरांगनाएं भी देश की सीमा की सुरक्षा में कंधे से कंधा मिलाकर शामिल हो रही हैं। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को उत्तराखंड के देहरादून में भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के 62वें स्थापना दिवस समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया। इस दौरान अमित शाह ने जवानों के लिए सेल्फ सस्टेनेबल एनर्जी बिल्डिंग और दुर्गम क्षेत्रों में स्थित बीओपी (बॉर्डर ऑब्जरवेशन पोस्ट) पर सब्जियों, दवाओं और अन्य जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति के लिए ड्रोन का ई-लोकार्पण किया। गृह मंत्री ने आईटीबीपी के 147 शहीदों पर बनी फ्लिप बुक को भी लांच किया। इस अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और आईटीबीपी के महानिदेशक सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। अमित शाह ने कहा कि देशवासी जब दीपावली के अवसर पर अपने घर में दिया जलाते हैं, तब वे एक दिया सीमा पर तैनात हमारे वीर जवानों के लिए भी जलाते हैं। देश की 130 करोड़ जनता पूरे दिल से वीर जवानों के त्याग, बलिदान, साहस और शौर्य का सम्मान करती है। देश की जनता चैन की नींद सोती है क्योंकि हमारे वीर जवान अपने जीवन के स्वर्णिम वर्ष सरहद पर देश की सुरक्षा के लिए समर्पित करते हैं। हिमवीरों का त्याग, सेवा और बलिदान अनमोल है और पूरा देश इसे नमन करता है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आज आईटीबीपी का स्थापना दिवस है और हमारे हिमवीरों ने पिछले 62 वर्षों से शौर्य, दृढ़ता और



कर्मनिष्ठा के ध्येय वाक्य के साथ भारत की दुर्गम सीमाओं को सुरक्षित रखने का काम किया है। उन्होंने कहा कि माइनस 45 डिग्री तापमान में देश की अग्रिम सीमा पर चौकन्ना रहकर उसकी सुरक्षा करना और जरूरत पड़ने पर सर्वोच्च बलिदान देने से भी पीछे ना हटना, आईटीबीपी की परंपरा रही है। आईटीबीपी 62 साल पहले 7 वाहिनियों के साथ शुरू हुआ। आज एक लाख हिमवीरों, 60 वाहिनियों, 17 प्रशिक्षण केन्द्रों, 16 सेक्टर, 5 फ्रंटियर और 2 कमांड मुख्यालयों के साथ एक मजबूत बल के रूप में उभर कर आया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हिमवीरों की मांग को ध्यान में रखते हुए केन्द्र सरकार ने वायुयान और रेल में सेना की तर्ज पर देश के केन्द्रीय सशस्त्र पुलस बलों का भी कोटा तय कर दिया है। गृह मंत्री शाह ने कहा कि खेलों के क्षेत्र में भी आईटीबीपी की भागीदारी बहुत बढ़ गई है, जो बहुत अच्छी बात है। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी 36 लाख से ज्यादा वृक्ष इतने दुर्गम क्षेत्र में लगाए हैं। उन्होंने सभी जवानों से वृक्षों को अपने साथ जोड़ने को कहा, जिससे ना सिर्फ उनके मन में बहुत बड़ा बदलाव और संवेदनशीलता आएगी, बल्कि वृक्ष के पालन पोषण के साथ होने वाला जुड़ाव जवानों के मन में भी बहुत बड़ा परिवर्तन करेगा। ये 36 लाख पौधे 5 साल में बड़े वृक्ष बनेंगे और देश के साथ-साथ पूरे विश्व के पर्यावरण को भी शुद्ध करेंगे।

उन्होंने कहा कि हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने वाइब्रेंट विलेज प्रोजेक्ट के माध्यम से एक नए कांसेप्ट को देश के सामने रखा है। पहले सीमा पर स्थित गांव को देश का अंतिम गांव कहा जाता था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने वहां जाकर कहा कि यह अंतिम नहीं, बल्कि देश का पहला गांव है। प्रधानमंत्री मोदी ने सीमा पर बसे गांवों की आबादी को न केवल सस्टेन करने, बल्कि उसमें वृद्धि करने और वहां देश के अन्य हिस्सों जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने की अप्रोच के साथ वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम बनाया है। मोदी सरकार ने इस कार्यक्रम के पहले चरण में 19 जिलों में 46 ब्लॉक के 662 गांवों के लिए 4800 करोड़ रुपये के बजट से बिजली, सड़कें, रोजगार, स्किल डेवलपमेंट, शिक्षा और स्वास्थ्य की व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने का काम किया है।

अमित शाह ने कहा कि देश की सीमाओं की सुरक्षा हिमवीरों की जिम्मेदारी है, लेकिन अगर ये सीमावर्ती गांव खाली हो जाएंगे तो इस काम में बहुत दिक्कतें आएंगी। आने वाले 1 साल में 168 अनकनेक्टेड गांव सड़क, बिजली, दूरसंचार और स्वास्थ्य सेवाओं से भी जुड़ जाएंगे। सीमाओं पर सुविधाओं के विकास के बिना देश सुरक्षित नहीं रह सकता।

## गागर में सागर

### कश्मीर घाटी के कई स्थानों पर एसआईए की छापेमारी जारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की विशेष जांच एजेंसी (एसआईए) ने आतंकी फंडिंग मामले में कश्मीर घाटी के कई स्थानों पर छापेमारी की। छापेमारी फिलहाल जारी है। शुक्रवार सुबह पुलिस और सीआरपीएफ के साथ एसआईए की टीमें बारिश और बर्फबारी के बीच कश्मीर घाटी के विभिन्न स्थानों पर पहुंची। इस दौरान एसआईए की टीमें कश्मीर घाटी के श्रीनगर, अनंतनाग और पुलवामा जिलों में छापेमारी कर रही हैं। एजेंसी के एक अधिकारी ने कहा कि छापेमारी पूरी होने के बाद विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

### मुंबई के बांद्रा वर्ली सी लिंक हादसे में 3 की मौत, छह घायल



**मुंबई।** मुंबई में बांद्रा वर्ली सी लिंक पर टोल प्लाजा पर एक एसयूवी ने कतार में खड़े कम से कम 10 वाहनों को टक्कर मार दी जिसमें दो महिलाओं सहित तीन लोगों की मौत हो गई। मुंबई पुलिस ने शुक्रवार को ये जानकारी दी। हादसा गुरुवार रात करीब 10.45 बजे हुआ। गुरुवार को एक तेज रफ्तार टोयोटा इनोवा ने बीडब्ल्यूएसएल के बांद्रा साइड में टोल पोस्ट को पार करने का इंतजार कर रही कारों में टक्कर मार दी, जिससे कई लोग घायल हो गए, जिनमें तीन गंभीर रूप से घायल हो गए।

### करंट लगने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

**उदयपुर।** राजस्थान में उदयपुर जिले के लसाड़िया क्षेत्र की ढिकिया ग्राम पंचायत के बोडफला गांव में करंट लगने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम शार्ट सर्किट से घर में करंट फैल जाने के बाद उसकी चपेट में आने से औंकार मीणा उनकी पत्नी भमरी, पुत्र देवीलाल और पुत्री मांगी की मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया। इस घटना के बाद गांव में मातम छा गया।

# मप्र में मोदी, शाह नड्डा और खड़गे, राहुल प्रियंका के हाथ में चुनाव प्रचार की कमान

**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश में चुनाव प्रचार लगभग अंतिम दौर में पहुंच गया है। दोनों प्रमुख राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने प्रचार की कमान संभाल ली है। इन बड़े नेताओं की रैलियां, रोड शो का दौर जारी है और एक दूसरे पर तीखे और करारे प्रहार किये जा रहे हैं। राज्य की 230 विधानसभा सीटों के लिए एक चरण में 17 नवंबर को मतदान होना है। बहुमत के लिए 116 सीटों पर जीत जरूरी है और वर्तमान हालात में दोनों राजनीतिक दल इस आंकड़े को पार करने के लिए जोर लगाए हुए हैं। वैसे तो राज्य की अधिकांश सीटों पर मुकाबला सीधा है, मगर कई सीटें ऐसी



हैं जहां बहुजन समाज पार्टी, समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी मुकाबले को त्रिकोणीय बनाए हुए हैं।

बात भाजपा की करें तो राष्ट्रीय नेतृत्व के तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा धुआंधार जनसभाएं किया जा रहे हैं। उनके निशाने पर सीधे तौर पर दिग्विजय सिंह के कार्यकाल के 10 साल और केंद्र में मनमोहन सिंह सरकार के 10 साल हैं। सभी नेता जहां कांग्रेस काल में सड़क, बिजली, पानी की दुर्गति की चर्चा कर रहे हैं, वहीं देश के मान और सम्मान की भी बात कर रहे हैं।

दूसरी ओर कांग्रेस के प्रचार की कमान पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे संभाले हुए हैं। कांग्रेस सीधे तौर पर भाजपा की नीतियों और शिवराज सरकार के 18 साल के शासनकाल में प्रदेश के बिगड़े हाल की चर्चा तो कर रहे हैं, साथ में हमले भी जारी हैं। महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार को बड़ा मुद्दा बनाया गया है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि राज्य के दोनों दलों के नेता सक्रिय हैं और जनता को अपने वादों और सरकार की सफलताओं की कहानी सुना रहे हैं। वहीं राष्ट्रीय नेतृत्व देशव्यापी मुद्दों पर चर्चा कर मतदाताओं को लुभाने की कोशिश में लगे हैं। यह तो मतदाताओं पर निर्भर है कि वह किसकी बात पर भरोसा करते हैं। फिलहाल मुकाबला कड़ा है और रोमांचक भी। राज्य में प्रचार का मुख्य चेहरा कांग्रेस का कमलनाथ व भाजपा का शिवराज सिंह चौहान है।

## एनआईए ने लॉरेंस बिश्नोई-बीकेआई से जुड़े 4 आरोपियों के खिलाफ तीसरी चार्जशीट दायर की

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एनआईए ने बीकेआई और लॉरेंस बिश्नोई संगठित आपराधिक गिरोह से जुड़े लोगों के संबंध में चार लोगों के खिलाफ तीसरी चार्जशीट दायर की है। एनआईए के एक प्रवक्ता ने कहा कि एजेंसी ने दरमन सिंह उर्फ दरमनजोत



काहलों, परवीन वाधवा उर्फ प्रिंस, युद्धवीर सिंह उर्फ साधु और विकास सिंह के खिलाफ शुक्रवार को आतंकवाद संबंधी गतिविधियों में उनकी संलिप्तता के महत्वपूर्ण विवरण के साथ चार्जशीट दायर की। उन पर यूए (पी) अधिनियम की कई धाराओं के तहत आतंक की लहर फैलाने के लिए आपराधिक साजिश रचने का आरोप लगाया गया है। अधिकारी ने कहा कि दरमन जोत सिंह कनाडा स्थित भगोड़े लखबीर सिंह उर्फ लांडा, प्रतिबंधित आतंकी संगठन बीकेआई और बिश्नोई आतंक व अपराध सिंडिकेट के बीच प्रमुख संपर्कों में से एक है। अधिकारी ने कहा, "अमेरिका से संचालित करते हुए दरमनजोत सिंह भारत में खपत के लिए पाकिस्तान से आने वाली सीमा पार से हथियारों, विस्फोटकों और ड्रग्स या हेरोइन की तस्करी सहित कई आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल रहा है।" जबकि वाधवा बिश्नोई आतंकी सिंडिकेट के सहयोगियों में से एक है और आतंकी गिरोह के सदस्यों के बीच महत्वपूर्ण जानकारी के प्रसार में मुख्य भूमिका निभाता था। अधिकारी ने कहा, जांच से संकेत मिला है कि वह संचार चैनलों के समन्वय में सहायक था, जिससे गिरोह के सदस्यों, यहां तक कि विभिन्न जेलों में बंद लोगों के बीच सहज बातचीत संभव हो सकी।

### अयोध्या दीपोत्सव के दौरान एक सौ रुपये देकर आप भी जला सकते हैं दिया

**लखनऊ।** योगी सरकार हर साल की तरह इस बार भी अयोध्या के दीपोत्सव को दिव्य और भव्य बनाने की तैयारी कर रही है। इस बार 21 लाख दीये जलाकर पर्यटन विभाग विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी कर रहा है। इसके साथ ही पर्यटन विभाग व अयोध्या जिला प्रशासन ने इस बार एक नया प्रयास भी किया है। इसके तहत आप भी घर बैठे दीपोत्सव का हिस्सा बन सकते हैं। एप के माध्यम से आप घर बैठे अयोध्या में एक से लेकर 51 दीयों तक दान देकर उन्हें रोशन कर सकते हैं। एक दीप के लिए जहां आपको 101 रुपये खर्च करने होंगे तो वहीं, 11 दीयों के लिए 251 रुपये, 21 के लिए 501 रुपये और 51 दीयों के लिए 1100 रुपये ऑनलाइन दे सकते हैं।

## FILMY हलचल

### दूसरी बार मां बनेंगी 'अनुष्का शर्मा' बेबी बंप के साथ का वीडियो वायरल

**बॉलीवुड** की पॉपुलर एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा और भारतीय बल्लेबाज



विराट कोहली हमेशा चर्चा में रहते हैं। इस बीच एक खबर आई कि अनुष्का दूसरी बार प्रेग्नेंट हैं। इस खबर पर अभी तक विराट और न ही अनुष्का ने कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया दी है। एक्ट्रेस के दूसरी बार प्रेग्नेंट होने की चचाओं के बीच बेंगलुरु के एक होटल में दोनों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें एक्ट्रेस का बेबी बंप साफ नजर आ रहा है। अनुष्का शर्मा और विराट कोहली का यह वीडियो इंस्टाग्राम पर पैपराजी पेज पर शेयर किया गया है। इस वीडियो में विराट कोहली ने अपनी पत्नी का हाथ पकड़े हुए है और अनुष्का अपने बेबी बंप के साथ चलती नजर आ रही हैं। वीडियो वायरल होने के बाद दोनों के फैंस ने इस जोड़ी की जमकर तारीफें करनी शुरू कर दी हैं। इस वायरल वीडियो में अनुष्का शर्मा ने काले रंग की शिफ्ली ड्रेस पहनी हुई है। वीडियो के कमेंट सेक्शन में, नेटिजन्स ने ...तो अनुष्का विश्व कप मैच देखने नहीं आ रही है, अनुष्का सौ फीसदी गर्भवती हैं, दोनों एक साथ बहुत अच्छे लग रहे है।

### अभिनेत्री नेहा बग्गा और रेस्टी कंबोज ने शिमला में रचाई शादी



'मेरा दिल की लाइफलाइन' और 'बानी-इश्क दा कलमा' जैसे धारावाहिकों में अपनी भूमिकाओं के लिए मशहूर लोकप्रिय टीवी अभिनेत्री नेहा बग्गा ने अपने मंगेतर रेस्टी कंबोज से शिमला में एक भव्य शादी समारोह में शादी रचाई। नेहा ने इंस्टाग्राम पर अपने जीवनसाथी के साथ अपनी कई तस्वीरें पोस्ट कीं। शादी में करीबी दोस्त और परिवार के लोग शामिल हुए। अपनी जिंदगी के सबसे खास दिन पर नेहा वाकई बेहद प्यार में डूबी हुई थीं और उन्होंने पेस्टल रंग के लहंगे के साथ ज्वैलरी पहनी थी। एक-दूसरे की प्यार भरी निगाहों में खोए दोनों लवबर्ड्स फोटो खिंचवाते हुए एक-दूसरे को देख रहे थे।

### मनोज मुंतशिर ने माना 'आदिपुरुष' की कहनी लिखने में हुई सबसे बड़ी गलती

**प्रभास** और कृति सेनन स्टारर 'आदिपुरुष' जून में रिलीज हुई थी। इस फिल्म के डायलॉग्स और ग्राफिक्स बेहद विवादित थे। जिससे निमार्ताओं को दर्शकों के गुस्से का सामना करना पड़ा था। फिल्म के लेखक मनोज मुंतशिर ने माना कि कहानी लिखने में उनसे गलती हुई। मीडिया को दिए इंटरव्यू में मनोज ने कहा, 'हां, मैंने लिखने में 100 फीसदी गलती की है। मैं इतना असुरक्षित व्यक्ति नहीं हूं कि यह कह कर अपने लेखन कौशल का बचाव करूंगा कि मैं अच्छा लिखता हूं। मैं सौ फीसदी



गलत हूँ। लेकिन उस गलती के पीछे मेरा कोई बुरा इरादा नहीं था। मेरा किसी भी धर्म को ठेस पहुंचाने और भगवान राम को बदनाम करने या हनुमानजी के बारे में बुरा बोलने का बिल्कुल भी इरादा नहीं था। मैं ऐसा करने के बारे में सोचूंगा भी नहीं। हां, मुझसे गलती हुई। अब से मैं बहुत सावधान रहूँगा। फिल्म को लेकर हुए विवाद का आपकी निजी जिंदगी पर क्या असर पड़ा? पूछने पर मनोज ने कहा, 'मैं इंसान हूं.. पत्थर नहीं.. लाश नहीं.. हर चीज मायने रखती है। जब आप पर आरोप लगते हैं, लोग बुरा-भला कहते हैं, दुख होता है। लेकिन आपको इसका सामना करना सीखना होगा। मैंने कभी नहीं सोचा था कि लोग इस तरह की प्रतिक्रिया देंगे। यह फिल्म बहुत अच्छे इरादे से बनाई गई थी।

## वार्ता : राजनाथ सिंह-लॉयड ऑस्टिन ने भारत-अमेरिका साझेदारी को बताया महत्वपूर्ण

# भारत-अमेरिका के रिश्तों को लगे नए पंख

### उभरती चुनौतियों का समाधान करने के लिए साथ काम करने को तैयार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत और अमेरिका के बीच 5वीं टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय वार्ता शुक्रवार को हैदराबाद हाउस में हुई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वार्ता में रक्षा को भारत-अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभों में से एक बताया। अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कहा कि भारत और अमेरिका समान लक्ष्य खोजें और तत्काल वैश्विक चुनौतियों का सामना करते हुए दोनों देशों के लोगों के लिए काम करें। अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन



और अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन इस वार्ता के लिए दिल्ली पहुंचे हैं। लॉयड ऑस्टिन का स्वागत 09 नवंबर को नई दिल्ली पहुंचने पर पालम तकनीकी क्षेत्र में तीनों सेनाओं के गार्ड ऑफ ऑनर के साथ किया गया था। वार्ता से पहले राजनाथ सिंह ने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन का स्वागत किया और कहा कि भारत-अमेरिका के संबंधों में मजबूती बढ़ रही है।

टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय संवाद में अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्वतंत्र, खुला और नियम-आधारित हिंद प्रशांत सुनिश्चित करने के लिए भारत-अमेरिका साझेदारी को महत्वपूर्ण बताया। राजनाथ सिंह कहा कि आपकी भारत यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब भारत और अमेरिका पहले से कहीं अधिक करीब हैं। उन्होंने कहा कि हम उस साझेदारी के लिए अमेरिका के साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं, जो उभरती चुनौतियों का समाधान कर सके। रक्षा हमारे द्विपक्षीय संबंधों के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभों में से एक है।

अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कहा कि भारत और अमेरिका ने पिछले वर्ष में रक्षा साझेदारी बनाने में 'प्रभावशाली लाभ' हासिल किया है। इससे हमें शांति और स्थिरता के लिए मिलकर और भी अधिक योगदान करने में मदद मिलेगी। उन्होंने इसे महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि भारत और अमेरिका विचारों का आदान-प्रदान करके समान लक्ष्य खोजें और तत्काल वैश्विक चुनौतियों का सामना करते हुए दोनों देशों के लोगों के लिए काम करें। ऑस्टिन ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के सामने अमेरिका और भारत की साझेदारी यह पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है।

# शहर में दिवाली का बाजार सजा पटाखों की जमकर हो रही बिक्री



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। दीपों का पर्व दीपावली शुरू हो गया है। लोग पहले से ही पटाखों का मजा लेने लगे हैं। इस पर्व को लेकर बच्चों काफी उत्साह देखा जा रहा है। हर घरों उत्सव का माहौल है। चौक-चौराहों पर तरह के मिट्टी के खिलौने बिकने लगे हैं। बच्चों की टोली खिलौने खरीदने के लिए अपने माता-पिता के साथ घूम रहे हैं। दीयों का खूब बिक्री हो रही है। इस त्योहार को लेकर सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किये गये हैं। दिवाली में पटाखों की खूब बिक्री होती है। इसे लेकर पटाखों का बाजार सज गया है। पर्यावरण की सुरक्षा को देखते हुए पटाखा कंपनियों ने बाजार में नन पॉल्यूशन वाले पटाखों की रेंज पेश की है। लोग भी ऐसे ही पटाखे पसंद कर रहे हैं। बाजार में हर वर्ग के लिए पटाखों की पूरी रेंज है। लोगों को अधिक परेशान न होना पड़े, इसके लिए फैमिली पैक पटाखे से लेकर हर प्रकार के पटाखे मिल रहे हैं। बाजार में कई प्रकार के पटाखे उपलब्ध हैं। इनमें कलर कोटी अनार, कलर स्मोक, रोलर कॉस्टर से लेकर मल्टी शॉट की पूरी रेंज उपलब्ध है। यही नहीं, बाजार में हेलीकॉप्टर, पॉप पॉप पेंसिल, फायर बर्ड, कलर बटरफ्लाई, मैट्रिक्स पेंसिल आदि उपलब्ध है। बच्चों के लिए छोटे अनार, चिटपुट, चकरी आदि की बिक्री हो रही है।

**30 से लेकर 120 मल्टी शॉट खास :** बाजार में 30, 60, 100 और 120 शॉट के पटाखे मिल रहे हैं। इसकी कीमत 650 रुपये से लेकर 2,600 रुपये तक है। बाजार में 10,000 वाला कलर चटाई भी है। एक बार इसमें आग लगाने पर यह लगातार देरी तक बजेगा, जिसकी कीमत 5,500 रुपये है। बाजार में कोरनेशन, अनिल आनंदा, बालाजी, चंदामामा से लेकर कई कंपनियों के पटाखे उपलब्ध हैं। यह सभी पटाखे शिवकाशी से मंगाये गये हैं। पटाखे कीमत : कलर बटरफ्लाई 234, मैट्रिक्स पेंसिल 300, फायर बर्ड 278, हेलीकॉप्टर 178, कलर कोटी अनार 250-500, कलर स्मोक 450, रोलर कॉस्टर 1000-1100, मल्टी शॉट 650-2600, फैमिली गिफ्ट पैक कीमत, बीएमडब्ल्यू 8190, एक्सयूवी 700-6235, स्कॉर्पियो 4901, एवेंजर 3580, पल्सर 3272, एक्टिवा 2380, पो-गो 1710, सीटी 100-982 रुपये मिल रही है। बाजार में हर प्रकार के पटाखे लाये गये हैं। सभी पटाखे शिवकाशी से मंगाये गये हैं। हेलीकॉप्टर, पॉप पॉप पेंसिल, फायर बर्ड से लेकर कलर बटरफ्लाई पटाखों की बिक्री हो रही है।

# महाआरती के पहले फल, मेवे का भोग लाया गया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

धनतेरस पर श्रीतिरूपति बालाजी का उद्यास्तमन सेवा के अन्तर्गत माभिषेक किया गया। त्रयोदशी से लेकर दीपावली तक त्रिदिवसीय आयोजित अनुष्ठान का शुभारम्भ शुक्रवार को धन्वन्तरि सहित धनतेरस का प्रसिद्ध पर्व प्रदोष व्यापिनी त्रयोदशी तिथि में शास्त्रीय विधि से मनाया गया। प्रातः 4.30 बजे से धन-ऐश्वर्य, सुख-शान्ति और आयु-आरोग्य में वृद्धि की कामना से श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) भगवान का उद्यास्तमन सेवा सहित महाभिषेक हुआ। दूध, दही, हल्दी, चंदन, शहद, नारियल युक्त जल, गंगाजल आदि से सहस्त्रधारा, कलशधारा, शंखधारा और चक्रधारा के उपचार पूर्वक महाभिषेक हुआ। फिर श्रीभगवान दम्पत्ति के विग्रहों का वस्त्राभूषण से अलंकृत करके रजनीगंधा एवं गुलाब फूल के मालाओं से भव्य श्रृंगार हुआ। नक्षत्र, कुंभ और कर्पूर से महाआरती के पश्चात पोंगल, खीर, फल और मेवे का बालभोग नैवेद्य लगा। इसके बाद वेद-उपनिषद और वेदान्त देशिक स्वामी विरचित स्तोत्रों से स्तवन किया गया। भगवान श्रीमन्नारायण के ही अंशावतार श्रीधन्वन्तरि की जयन्ती मनायी गयी। धन्वन्तरि स्तोत्र, सहस्त्रनाम अर्चना, श्रीस्तुति, भूस्तुति और गोदास्तुति हुआ। फिर गोष्ठी, शठारी, शातुमोरा, तीरथ आदि के साथ-साथ गुरु परम्परा अनुसार नदियाराधन हुआ।

# अलबर्ट एक्का में बनेगा देश का पहला गोल फुट ओवरब्रिज



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अलबर्ट एक्का चौक पर देश का पहला गोल फुट ओवरब्रिज बनेगा। इसे बनाने में करीब 18 करोड़ रुपये खर्च होंगे। छह महीने में काम कंप्लीट करने की डेडलाइन है। फुट ओवरब्रिज के निर्माण का काम पश्चिम बंगाल के अलिपुरद्वार की बीआरबीए कंपनी को दी गई है। कंपनी ने अलबर्ट एक्का चौक पर मार्किंग और नापी का काम शुरू कर दिया है। यह फुट ओवरब्रिज काफी आकर्षक तरीके से बनाया जाएगा। अलबर्ट एक्का चौक पर बने गोलंबर के चारों तरफ गोल फुट ओवरब्रिज बनाया जाएगा। सबसे पहले चौक बने शहीद अलबर्ट एक्का की प्रतिमा के लिए नया प्लेटफॉर्म बनाया जाएगा। उसके बाद उस प्लेटफॉर्म पर शहीद अलबर्ट एक्का की प्रतिमा को स्थानांतरित किया जाएगा। फुट ओवरब्रिज के उपर और नीचे चारों तरफ आकर्षक लाइट लगाए जाएंगे। इस तरह का गोल फुट ओवरब्रिज देश में पहली बार रांची में बन रहा है। इससे पहले कोलकाता में गोल फुट ओवरब्रिज बना है, लेकिन वहां रोड क्रॉस करने के लिए एफओबी नहीं है।

# 'लोकहित अधिकार पार्टी ने जागरूकता अभियान चलाया'



**नवीन मेल संवाददाता। बुढ़मू**

लोकहित अधिकार पार्टी रांची जिला के नेतृत्व में 01 नवंबर से लेकर 22 दिसंबर तक निरंतर चलने वाली सामाजिक न्याय यात्रा का दसवां दिन शुक्रवार को कांके विधानसभा के बूढ़मू प्रखंड अंतर्गत उमेडंडा,सारले ओझा साड़म पंचायत के गांव-गांव में जनसंपर्क जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान में मुख्य रूप से रांची लोकसभा प्रभारी हरिनाथ साहू ने ग्रामीणों से मिलकर लोकहित अधिकार पार्टी के नीति सिद्धांतों को बताते हुए निःशुल्क शिक्षा एवं चिकित्सा देश में लागू कराने, जाति जनगणना कराकर जिसकी जितनी संख्या भारी उसको मिले उतनी हिस्सेदारी सहित ग्रामीणों की समस्याओं, प्रखंड व अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार, गिरती कानून व्यवस्था, सरकारी योजनाओं में कमीशनखोरी, स्थानीय प्रशासन द्वारा शोषण सहित दर्जनों समस्याएं जो ग्रामीणों ने अपनी जुबानी बताएं। श्री साहू ने कहा आने वाले 2024 का लोकसभा और विधानसभा चुनाव में अपने क्षेत्र के प्रत्याशी चुनने से पहले सभी राजनीतिक दल के नेताओं से अपने बच्चे की निःशुल्क शिक्षा और निःशुल्क इलाज, रोजगार,भ्रष्टाचार और महंगाई के विषय पर अवश्य प्रश्न करें, सिर्फ हिंदू मुसलमान के नाम पर वोट करते रहेंगे तो हमारे आने वाले पीढ़ियों को कभी भी ना अधिकार मिलेगा और ना ही सामाजिक न्याय। इसीलिए आने वाले चुनाव में एक जागरूक वोटर का परिचय जरुर दें।

## पृष्ठ एक के शेष

**बेतला नेशनल पार्क में सफारी...**

जाती है। इन बंद गाड़ियों में पीछे बैठे पर्यटकों को नेशनल पार्क की खूबसूरती व मनमोहक दृश्य का सीधे नजारा नहीं मिल पाता है। वह इन गाड़ियों के दरवाजे को नहीं खोल सकते हैं। ना ही गाड़ियों से उतर सकते हैं। इसका कारण है उनकी सुरक्षा। सूत्रों के अनुसार 20 गाड़ी के मालिकों ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत जिप्सी खरीद के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा कर दिया है। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना 25 लाख रुपए तक का ऋण मुहैया किया जाता है। इसके तहत 40प्रतिशत का अनुदान भी प्राप्त होता है। बताया जाता है कि लातेहार के उपायुक्त हिमांशु मोहन ने भी इस बाबत कार्रवाई की है। जिला प्रशासन की भी कोशिश है कि इन 20 आवेदकों को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना से जल्द से जल्द जोड़कर उन्हें उनकी जरूरत के मुताबिक ऋण मुहैया कर दिया जाए। जानकारों का कहना है कि यदि बेतला नेशनल पार्क में सफारी की शुरूआत हो जाती है तो निश्चित रूप से यहां पर्यटकों की संख्या में अच्छी खासी बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है।

**अमेरिकी स्वास्थ्य प्राधिकरण ने...**

जटिलताओं वाला हो सकता है। इस रोग के सीमित उपचार विकल्पों के कारण पिछले कुछ दशकों में इसका खतरा बढ़ा हुआ देखा गया है। टीके में चिकनगुनिया वायरस का जीवित पर कमजोर वायरस होता है, ये शरीर को इस रोग के प्रति एंटीबॉडीज विकसित करने में मदद करेगा, जिससे संक्रमण की स्थिति में शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली आसानी से रोगजनकों की पहचान कर उससे मुकाबला कर सके। उत्तरी अमेरिका में 3,500 लोगों पर इसके दो क्लिनिकल परीक्षण किए गए, जिसमें ये रोग के खतरे को कम करने में कारगर पाई गई है। वैक्सीन लेने वाले लोगों में सिरदर्द, थकान, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द, बुखार और मतली जैसे हल्के दुष्प्रभाव रिपोर्ट किए गए।


## कार्यालय-जिला सहकारिता पदाधिकारी, लोहरदगा

### आम सभा की सूचना (समाचार पत्र में प्रकाशित करने हेतु)

जिलान्तर्गत के निबंधित लैम्पस लि0 (जहाँ निर्वाचन प्रक्रिया जारी हो या समिति अवक्रमित हो या प्रशासक नियुक्त हो, को छोड़कर) के प्रबंध समिति द्वारा प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में सरकार द्वारा अनुमोदित आदर्श बहुउद्देशीय प्राथमिक सहकारी समिति लि0 (MPCS) को लागू करने हेतु लैम्पस लि0 की वर्तमान निबंधित उपविधियों की कंडिका – 1 से 65 तक के प्रावधानों में संशोधन पर विचार करने हेतु लैम्पस लि0 के नाम के आगे अंकित आमसभा की तिथि एवं समय पर निर्धारित आम सभा/असाधारण आम सभा की बैठक में भाग लेकर सभा को सफल बनाने की कृपा की जाय।

नोट – सभी संबंधित लैम्पस लि0 के अध्यक्ष/प्रबंध समिति के सदस्यों/प्रबंधक से आग्रह है कि प्रकाशित इस सूचना को लैम्पस लि0 के भवन/सामुदायिक भवन/पंचायत भवन/आगंन बाड़ी केन्द्र/स्वास्थ्य केन्द्र/विद्यालयों/हाट बाजार/अन्य महत्वपूर्ण केन्द्रों पर चिपकाना तथा रजिस्टर के माध्यम से व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क कर सभी सदस्यों को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

| प्रखण्ड का नाम | लैम्पस लि0 का नाम | साधारण आमसभा/असाधारण आमसभा की तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| सेन्हा | सेन्हा प्रखण्ड अन्तर्गत सभी लैम्पस | 19.11.2023 | 11:00 बजे पूर्वाहन से |
| किस्को | किस्को प्रखण्ड अन्तर्गत सभी लैम्पस | 20.11.2023 | 11:00 बजे पूर्वाहन से |
| लोहरदगा | लोहरदगा प्रखण्ड अन्तर्गत सभी लैम्पस | 19.11.2023 | 11:00 बजे पूर्वाहन से |
| कैरो | कैरो प्रखण्ड अन्तर्गत सभी लैम्पस | 20.11.2023 | 11:00 बजे पूर्वाहन से |
| भण्डरा | भण्डरा प्रखण्ड अन्तर्गत सभी लैम्पस | 22.11.2023 | 11:00 बजे पूर्वाहन से |
| कुडू | कुडू प्रखण्ड अन्तर्गत सभी लैम्पस | 21.11.2023 | 11:00 बजे पूर्वाहन से |
| पेशरार | पेशरार प्रखण्ड अन्तर्गत सभी लैम्पस | 23.11.2023 | 11:00 बजे पूर्वाहन से |

निवेदक

सहायक निबंधक, स0स0 लोहरदगा अंचल, लोहरदगा। जिला सहकारिता पदाधिकारी लोहरदगा।

PR.NO.311186 Lohardaga(23-24):D



## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.

### VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER

Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/09/2023-24

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 17.11.2023 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 18.11.2023 upto 1:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 18.11.2023 from 3:00 pm.
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
   2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
   3. In the Office of Assistant Engineer, Subdivision No-01, Daltonganj.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of P.C.C Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay, Panchayat - Haratua Under Block Nilamber-Pitambarpur, Palamu. | 447000.00 | 9000.00 | 750.00 | 01 Months |
| 2. | Construction of P.C.C Road, NH -75 to Panchayat Sachiwalay, Panchayat - Ketatkala Under Block Bishrampur, Palamu. | 568500.00 | 11500.00 | 1250.00 | 01 Months |
| 3. | Construction of P.C.C Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay, Panchayat - Pakariya Under Block Panki, Palamu. | 447000.00 | 9000.00 | 750.00 | 01 Months |
| 4. | Construction of P.C.C Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay, Panchayat - Panki Purwi Under Block Panki, Palamu. | 447000.00 | 9000.00 | 750.00 | 01 Months |
| 5. | Renovation of Main Entrance Building & Audience Sitting Gallery of Chhattarpur Stadium at Chhattarpur, Palamu. | 2296100.00 | 46000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 6. | Construction of P.C.C Road, Ashok Saw House to Panchayat Sachiwalay, Panchayat - Karso Under Block Chainpur, Palamu. | 592700.00 | 12000.00 | 1250.00 | 01 Months |
| 7. | Construction of P.C.C Road, Arjundih Main Road to Panchayat Bhawan, Panchayat - Kaual Under Block Chhattarpur, Palamu. | 447000.00 | 9000.00 | 750.00 | 01 Months |
| 8. | Construction of P.C.C Road, Main Road Kawal to Panchayat Bhawan, Panchayat - Kawal Under Block Chhattarpur, Palamu. | 447000.00 | 9000.00 | 750.00 | 01 Months |
| 9. | Renovation of Executive Engineer Residence of Building Division, Daltonganj, Palamu. | 811900.00 | 17000.00 | 1250.00 | 01 Months |
| 10. | Construction of P.C.C Road, NH -98 Road to Panchayat Bhawan, Panchayat - Sildag Under Block Chhattarpur, Palamu. | 447000.00 | 9000.00 | 750.00 | 01 Months |
| 11. | Construction of Panchayat Sahiwalay Building, Semarbaar, Hariharganj, Palamu. | 2274000.00 | 45500.00 | 5000.00 | 03 Month |
| 12. | Construction of P.C.C Road, Panchayat Parikshan Kendra, Vill-Barkinevi, Panchayat-Sarja Under Block-Medininagar, Palamu., Panchayat- Sildag Under Block Chhattarpur, Palamu. | 1515300.00 | 30500.00 | 5000.00 | 01 Months |
| 13. | Construction of P.C.C Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay, Panchayat - Jaghansi Under Block Patan, Palamu. | 1482000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 01 Months |
| 14. | Construction of P.C.C Road, Ashok Yadav House to Panchayat Bhawan, Panchayat - Kalapahar Under Block Chhattarpur, Palamu. | 1482000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 01 Months |
| 15. | Construction of P.C.C Road, Aahar Tola School Bohita to Panchayat Sachiwalay, Panchayat - Bohita Under Block Satbarwa, Palamu. | 1039800.00 | 21000.00 | 2500.00 | 01 Months |
| 16. | Repair of Classroom Floor of Rajkiye High School (Kendriya Vidyalay) Vill-Chainpur, Panchayat -Chainpur, Block-Chainpur, Palamu. | 514800.00 | 10500.00 | 1250.00 | 01 Months |

निविदा में परिमाण विपत्र क्रय हेतू निम्नांकित शर्तें का पालन आवश्यक है:–

- निविदा के साथ सत्यापित निबंधन पत्र, UCAN, पैन कार्ड, विगत तीन साल का आयकर रिटर्न, GST में निबंधन प्रमाण पत्र एवं फार्म अधतन 3B एवं 1 R, अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र एवं विद्युत लाइसेंस या निविदाकार एवं अन्य अनुज्ञप्तिधारी का अलग–अलग शपथ पत्र (यदि कार्य में विद्युत संबंधी कार्यमद हो) की छायाप्रति इत्यादि स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा।
- परिमाण विपत्र के लिए जमा किया जाने वाला डिमान्ड ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक के शाखा के निविदा सूचनापोरांत निर्गत ही मान्य होगा।
- यदि निबंधित संवेदक के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा निविदा डाली जाती है तो निविदा के साथ मूल प्रति में इस आशय का शपथ पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा कि प्राधिकृत व्यक्ति (प्रतिनिधि) किसी आपराधिक मामले में सजायफ्ता नहीं है न किसी प्रकार का आपराधिक मामला दर्ज है। (प्राधिकृत व्यक्ति के द्वारा प्राधिकृत किया हुआ पत्र एवं शपथ पत्र साथ लाने पर निविदा (Hard Copy) लिया जाएगा)
- किसी अपरिहार्य कारण से निविदा रद्द या स्थगित की जाती है तो परिमाण विपत्र की राशि (डिमान्ड ड्राफ्ट) के रूप में वापस नहीं की जायेगी।
- जिला के किसी विभाग द्वारा आवंटित कार्य का एकरारित अवधि बीत जाने के बाद लंबित नहीं होने संबंधी शपथ–पत्र (Affidavit) देंना अनिवार्य होगा।
- निविदा से संबंधित अन्य सूचनाओं एवं NIT के अन्य शर्तों के लिए भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के सूचना पट्ट को देखा जा सकता है या कार्यालय अवधि में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है तथा परिमाण विपत्र में संलग्न नियम एवं शर्तों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, डालटनगंज

PR 311203 Building(23-24)#D



## Office of the Executive Engineer
### Drinking Water and Sanitation Division, Latehar

**E-Procurement Tender Notice**

Tender Reference No. DWSD/LTR/GPT-09/23-24 (1st Call) Date – 09.11.23

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | बेबसाईट पर निविदा प्रकाषन की तिथि | :– | 16.11.23 अपराहन 03:30 बजे तक। |
| 02 | निविदा प्राप्ति (आनॅ लाईन बिडिंग) की अंतिम तिथि एवं समय | :– | 30.11.23 अपराहन 05:00 बजे तक। |
| 03 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0– गर्वनस झारखण्ड मंत्रालय के ज्ञापांक– 120 दि0– 03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की तिथि | :– | 30.11.23 अपराहन 05:00 बजे तक। |
| 04 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि | :– | 02.12.2023 अपरान 02:00 बजे तक। |
| 05 | तकनीकी बीड खोलने का स्थान | :– | कार्य0 अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार। |
| 06 | निविदा आमंत्रित करने का पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | :– | ई0 दीपक कुमार महतो कार्य0 अभियंता, पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार। |
| 07 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का मो0 न0 | :– | 9199154542 – 6201242103 |

**Detail of work:-**

| Sl No | Name of work | Group No | No of T/Well | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Const. of 300x125 mm dia and **60 mtrs deep GPT T/Well** with installation of Im-II Hand pump with 32 mm dia. GI Medium class riser pipe by DTH Rig Machine with 125 mm dia Blue Casing UPVC pipe with drain & Platform on Turn key basis in Different location in Latehar Dist for the Year 23-24. | LTR/GPT/60-01 | 45 | 6574112.00 | 132000 | 10000 | 90 days |

1. Estimated Cost & EMD coat may Be Changed
2. Further details can be seen on website http://jharkhandtender.gov.in
3. Only Registerd Contractor in this Department in (Appropritate Class) Participate in said Tender.

Executive Engineer
D.W & S Division Latehar

PR 311130 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D



## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.

### VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER

Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/08 /2023-24

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 16.11.2023 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 17.11.2023 upto 1:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 18.11.2023 from 03:00 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
   2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
   3. In the Office of Assistant Engineer, Subdivision No-01, Daltonganj.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of S.D.P.O Bishrampur Residence and Barrack at Irrigation Colony, Daltonganj, Palamu. | 1966600.00 | 39500.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 2. | Construction of Confidential Office of S.D.P.O Sadar Cum A.S.P Palamu, Daltonganj. | 1090200.00 | 22000.00 | 2500.00 | 02 Months |
| 3. | Estimate For P.C.C Approach Road and Jungle Clearance In Commissioner Residence, Palamu From Confidential Office to Pond Area. At Daltonganj. | 1580300.00 | 32000.00 | 5000.00 | 01 Months |
| 4. | Construction of Washroom at Second Floor Of Civil Courte Building , Daltonganj , Palamu | 661600.00 | 13500.00 | 1250.00 | 01 Months |
| 5. | Construction of Public Toilets, Remaining Boundary Wall, Septic Tank and Paver Block Block Work at Padma in the Campus of Ayush Hospital Padma, Manatu, Palamu. | 2462600.00 | 50000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 6. | Repair of Office of the District Planning Officer, General Section Office and Aluminum Railing at 1st & 2nd Floor of A-Block, Collectorate Building, Palamu at Daltonganj for the year 2023-24 | 2074300.00 | 50000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 7. | Renovation of ASP Cum SDPO Residence in View blocker on Boundary wall Shed and Modular Kitchen at Daltonganj, Palamu | 2431300.00 | 50000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 8. | Construction of N.D.P.S District Maalkhana in A-Block and Paver Laying in Parking Area in Collectorate Building, Palamu at Daltonganj | 1468700.00 | 30000.00 | 2500.00 | 02 Months |
| 9. | Construction of PCC Road Railway Fatak to Panchayat Sachiwalay, Panchayat - Tolra Under Block - Bishrampur, Palamu | 966900.00 | 19500.00 | 1250.00 | 01 Month |
| 10. | Construction of PCC Road Babalu Prasad Saw House To Panchayat Bhawan, Panchayat -Sushiganj Under Block – Chhattarpur, Palamu. | 743400.00 | 15000.00 | 1250.00 | 01 Month |
| 11. | Construction of PCC Road, Udaygarh Main Road to Panchayat Bhawan, Panchayat – Bagaiya Under Block – Chhattarpur, Palamu. | 743400.00 | 15000.00 | 1250.00 | 01 Month |
| 12. | Construction of PCC Road, Dayal Pandey House to Panchayat Sachiwalay, Panchayat – Rajwadih Under Block – Sadar Medininagar, Palamu. | 966900.00 | 19500.00 | 1250.00 | 01 Month |
| 13. | Construction of PCC Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay, Panchayat – Nawakhas Under Block – Patan, Palamu. | 743400.00 | 15000.00 | 1250.00 | 01 Month |
| 14. | Cnstruction of 400 Fit, PCC Road, Main Road to Building Division Office at Datonganj, Palamu. | 1659300.00 | 33500.00 | 5000.00 | 01 Month |
| 15. | Construction of PCC Road, Middle School Kaurhiya to Panchayat Sachiwalay, Panchayat – Kaurhiya Under Block – Sadar Medininagar, Palamu.. | 1482000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 01 Month |
| 16. | Renovation of Boundary Wall, Laying of Paver Block, Bore Well and PHE Work for Chhattarpur Stadium at Chhattarpur, Palamu. | 2269300.00 | 45500.00 | 5000.00 | 02 Month |
| 17. | Construction of PCC Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay, Panchayat –Palhe Kala Under Block–Patan, Palamu. | 1482000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 01 Month |

निविदा में परिमाण विपत्र क्रय हेतू निम्नांकित शर्तें का पालन आवश्यक है:–

- निविदा के साथ सत्यापित निबंधन पत्र, UCAN, पैन कार्ड, विगत तीन साल का आयकर रिटर्न, GST में निबंधन प्रमाण पत्र एवं फार्म अधतन 3B एवं 1 R, अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र एवं विद्युत लाइसेंस या निविदाकार एवं अन्य अनुज्ञप्तिधारी का अलग–अलग शपथ पत्र (यदि कार्य में विद्युत संबंधी कार्यमद हो) की छायाप्रति इत्यादि स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा।
- परिमाण विपत्र के लिए जमा किया जाने वाला डिमान्ड ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक के शाखा के निविदा सूचनापोरांत निर्गत ही मान्य होगा।
- यदि निबंधित संवेदक के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा निविदा डाली जाती है तो निविदा के साथ मूल प्रति में इस आशय का शपथ पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा कि प्राधिकृत व्यक्ति (प्रतिनिधि) किसी आपराधिक मामले में सजायफ्ता नहीं है न किसी प्रकार का आपराधिक मामला दर्ज है। (प्राधिकृत व्यक्ति के द्वारा प्राधिकृत किया हुआ पत्र एवं शपथ पत्र साथ लाने पर निविदा (Hard Copy) लिया जाएगा)
- किसी अपरिहार्य कारण से निविदा रद्द या स्थगित की जाती है तो परिमाण विपत्र की राशि (डिमान्ड ड्राफ्ट) के रूप में वापस नहीं की जायेगी।
- जिला के किसी विभाग द्वारा आवंटित कार्य का एकरारित अवधि बीत जाने के बाद लंबित नहीं होने संबंधी शपथ–पत्र (Affidavit) देंना अनिवार्य होगा।
- निविदा से संबंधित अन्य सूचनाओं एवं NIT के अन्य शर्तों के लिए भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के सूचना पट्ट को देखा जा सकता है या कार्यालय अवधि में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है तथा परिमाण विपत्र में संलग्न नियम एवं शर्तों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, डालटनगंज

PR 311202 (Building) 23-24 (D)



# दक्षिण अफ्रीका ने अफगानिस्तान को पांच विकेट से हराया, डुसेन ने खेली दमदार पारी

### स्कोर बोर्ड

| अफगानिस्तान | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रहमानउल्लाह गुरबाज | 25 | 22 | 3 | 1 |
| इब्राहिम जदरान | 15 | 30 | 3 | 0 |
| रहमत शाह | 26 | 46 | 2 | 0 |
| हशमतउल्लाह शहीदी | 2 | 7 | 0 | 0 |
| अजमतउल्लाह ओमरजाई | 97 | 107 | 7 | 3 |
| इकराम अलीखिल | 12 | 14 | 1 | 1 |
| मोहम्मद नबी | 2 | 3 | 0 | 0 |
| राशिद खान | 14 | 30 | 0 | 0 |
| नूर अहमद | 26 | 32 | 4 | 0 |
| मुजीब उर रहमान | 8 | 5 | 0 | 1 |
| नवीन उल हक | 2 | 4 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 15, **कुल :** 244/10(50 ओवर)

**विकेट पतन:** 1-41, 2-41, 3-45, 4-94, 5-112, 6-116, 7-160, 8-204, 9-226, 10-244 . डीआरएस

**गेंदबाजी :** कगिसो रबाडा 10-0-40-0, लुंगिसानी एनगिडी 8.3-0-69-2, एडन मारक्रम 4.3-0-25-0, जेराल्ड कट्जी 10-1-44-4, केशव महाराज 10-1-25-2, एंडिले फेहुक्वायो 7-0-36-1

| साउथ अफ्रीका | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| क्विंटन डिकॉक | 41 | 47 | 2 | 3 |
| तेम्बा बवूमा | 23 | 28 | 3 | 0 |
| रासी वान दर दुसें | 76 | 95 | 6 | 1 |
| एडन मारक्रम | 25 | 32 | 1 | 1 |
| हाइनरिक क्लासन | 10 | 13 | 1 | 0 |
| डेविड मिलर | 24 | 33 | 1 | 1 |
| एंडिले फेहुक्वायो | 39 | 37 | 1 | 3 |

**अतिरिक्त :** 09, **कुल :** 247/5 (47.3 ओवर)

**विकेट पतन:** 1-64, 2-66, 3-116, 4-139, 5-182. डीआरएस

**गेंदबाजी :** मुजीब उर रहमान 10-0-51-1, नवीन उल हक 6.3-0-52-0, मोहम्मद नबी 10-1-35-2, अजमतउल्लाह ओमरजाई 1-0-8-0, राशिद खान 10-1-37-2, नूर अहमद 9-0-49-0, रहमत शाह 1-0-12-0

**एजेंसी। अहमदाबाद**

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 2023 वर्ल्ड कप के 42वें मैच में दक्षिण अफ्रीका ने अफगानिस्तान को 5 विकेट से हरा दिया. दोनों ही टीमों का लीग स्टेज में यह आखिरी मैच था. अब दक्षिण अफ्रीका की टीम सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी. वहीं अफगानिस्तान का सफर इस विश्व कप में समाप्त हो गया. इस मैच में अफगानिस्तान ने पहले खेलने के बाद दक्षिण अफ्रीका को 245 रनों का लक्ष्य दिया था. पिच को देखते हुए ऐसा लग रहा था कि अफगान के चार स्पिनर्स के सामने यह लक्ष्य दक्षिण अफ्रीका के लिए आसान नहीं होगा, लेकिन रासी वान डर डुसेन अफगान स्पिनर्स के सामने चट्टान की तरह खड़े रहे और अपनी टीम को जीत दिलाकर ही माने. डुसेन ने नाबाद 76 रन बनाए. साथ ही उनका साथ सात नंबर के बल्लेबाज एंडीले फेहलुकवायो ने भी दिया. फेहलुकवायो 39 रनों पर नाबाद रहे. 46 ओवर के बाद दक्षिण अफ्रीका का स्कोर पांच विकेट पर 222 रन है. यहां से दक्षिण अफ्रीका की जीत लगभग पक्की हो चुकी है. रासी वान डर डुसेन 91 गेंदों में 70 और एंडीले फेहलुकवायो 32 गेंदों में 21 पर हैं. 44 ओवर के बाद दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 5 विकेट पर 209 रन है. रासी वान डर डुसेन 88 गेंदों में 67 और फेहलुकवायो 12 पर हैं. दक्षिण अफ्रीका को अब 36 गेंदों में जीत के लिए 36 रन बनाने हैं. 43 ओवर के बाद दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 5 विकेट पर 203 रन हो गया है. रासी वान डर डुसेन 86 गेंदों में 65 पर खेल रहे हैं. उनके साथ फेहलुकवायो 9 पर हैं. दक्षिण अफ्रीका को अब जीत के लिए 42 गेंदों में 42 रन बनाने हैं. 42 ओवर के बाद दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 5 विकेट पर 198 रन हो गया है. रासी वान डर डुसेन चट्टान की तरह खड़े हुए हैं. वह 82 गेंदों में 6 चौके और एक छक्के के साथ 63 पर खेल रहे हैं. उनके साथ फेहलुकवायो 17 गेंद में छह पर हैं. 40 ओवर के बाद दक्षिण अफ्रीका का स्कोर पांच विकेट पर 192 रन है. रासी वान डर डुसेन 61 और एंडीले फेहलुकवायो तीन पर हैं. दक्षिण अफ्रीका को अब जीत के लिए 60 गेंदों में 53 रन बनाने हैं. 38वें ओवर में 182 के स्कोर पर दक्षिण अफ्रीका ने पांचवां विकेट गंवा दिया है.

वर्ल्ड कप : 2023



### वर्ल्ड कप 2023 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | नेट प्वाइंट्स | नेट प्वाइंट्स |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 8 | 8 | 0 | 16 | +2.456 |
| सा. अफ्रीका | 9 | 7 | 2 | 14 | +1.261 |
| ऑस्ट्रेलिया | 8 | 6 | 2 | 12 | +0.861 |
| न्यूजीलैंड | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.743 |
| पाकिस्तान | 8 | 4 | 4 | 8 | +0.036 |
| अफगानिस्तान | 9 | 4 | 5 | 8 | -0.336 |
| इंग्लैंड | 8 | 2 | 6 | 4 | -0.885 |
| बांग्लादेश | 8 | 2 | 6 | 4 | -1.142 |
| श्रीलंका | 9 | 2 | 7 | 4 | -1.419 |
| नीदरलैंड्स | 8 | 2 | 6 | 4 | -1.635 |

## विश्व कप में कंगारू के सामने बांग्लादेश की कमजोर चुनौती



**एजेंसी। पुणे**

सेमीफाइनल में जगह बना चुकी आत्मविश्वास से ओतप्रोत ऑस्ट्रेलियाई टीम विश्व कप के आखिरी लीग मैच में शनिवार को शाकिब अल हसन के बिना उतरने वाली बांग्लादेश के खिलाफ इस लय को कायम रखने उतरेगी। पांच बार की चैम्पियन आस्ट्रेलिया ने पिछले छह मैचों में शानदार प्रदर्शन करके जीत दर्ज की है। वहीं बांग्लादेश टूर्नामेंट से बाहर होने वाली पहली टीम रही। पैट कमिंस की टीम ने ग्लेन मैक्सवेल के नाबाद दोहरे शतक के दम पर अफगानिस्तान पर चमत्कारिक जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जीत के लिये 292 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आस्ट्रेलिया ने सात विकेट 91 रन पर गंवा दिये थे जिसके बाद चोट से जूझते हुए मैक्सवेल ने 128 गेंद में नाबाद 201 रन बनाए।

दूसरी ओर बांग्लादेश ने तनावपूर्ण मुकाबले में श्रीलंका को तीन विकेट से हराकर 2025 चैम्पियंस ट्रॉफी क्वालीफिकेशन की उम्मीदें कायम रखी हैं । एंजेलो मैथ्यूज को टाइम आउट किये जाने से वह मैच काफी तनावपूर्ण हो गया था। मेजबान पाकिस्तान समेत आठ शीर्ष टीमें 2025 चैम्पियंस ट्रॉफी खेलेंगी। बांग्लादेश आठवें स्थान पर है और इस पर बने रहने की कोशिश में होगा। कप्तान शाकिब ने पिछले मैच में दो विकेट लिये और 65 गेंद में 82 रन बनाये लेकिन मैथ्यूज को आउट करने से उनकी खेलभावना पर सवाल उठे हैं। वह आखिरी मैच में बायें अंगूठे में फ्रेक्चर के कारण नहीं खेल सकेंगे। अनामुल हक को आखिरी मैच के लिये बुलाया गया है । नजमुल हुसैन शंटो इस मैच में कप्तानी करेंगे जिनके सामने आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को रोकने की चुनौती होगी।

### टीमें इस प्रकार है

**ऑस्ट्रेलिया:** पैट कमिंस (कप्तान), स्टीव स्मिथ, एलेक्स कैरी, जोश इंग्लिस सीन एबोट, एशटन एगर, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, मिच मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, डेविड वॉर्नर, एडम जम्पा और मिशेल स्टार्क।

**बांग्लादेश:** लिटन दास (विकेटकीपर), तंजीद हसन तमीम, नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), तौहीद हृदोय, मुश्फिकुर रहीम (विकेटकीपर), महमुदुल्लाह रियाद, मेहदी हसन मिराज, नसुम अहमद, महेदी हसन, तस्कीन अहमद , मुस्तफिजुर रहमान, हसन महमूद, शरीफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब, अनामुल हक।

## न्यूजीलैंड के रचिन व वेस्टइंडीज की मैथ्यूज अक्टूबर माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने





**एजेंसी। दुबई**

न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के बल्लेबाज रचिन रवींद्र को पुरुष वर्ग में और वेस्टइंडीज की हेले मैथ्यूज को महिला वर्ग में अक्टूबर माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद आईसीसी ने शुक्रवार को अक्टूबर माह के लिए आईसीसी पुरुष और महिला प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार में चयन होने वाले खिलाड़ियों की घोषणा की है। न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के बल्लेबाज रचिन रवींद्र को अक्टूबर माह में विश्वकप में शानदार प्रदर्शन के लिए पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ। वहीं ऑस्ट्रेलिया में टी-20 में शानदार प्रदर्शन करने वाली वेस्टइंडीज की हेले मैथ्यूज को महिला वर्ग का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा गया है। आईसीसी ने न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र को भारत में चल रहे क्रिकेट विश्व कप 2023 के ग्रुप चरण में शानदार प्रदर्शन की बदौलत उन्हें प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए चुना गया। टूर्नामेंट में रचिन ने अहमदाबाद में गत चैंपियन इंग्लैंड पर नौ विकेट की शुरूआती दिन की जीत में नाबाद 123 रन बनाकर जल्द ही सुर्खियां बटोर लीं। उन्होंने नीदरलैंड्स के खिलाफ (51) और भारत के खिलाफ (75) ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 89 गेंदों में 116 रन की शतकीय पारी खेली। कुल मिलाकर उन्होंने अक्टूबर में खेले गये अपने छह मुकाबलों के दौरान 81.20 की औसत से 406 रन बनाए है।

पाकिस्तान को चमत्कारिक जीत की उम्मीद

## इंग्लैंड की नजरें चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए क्वालीफाई करने पर




**एजेंसी। कोलकाता**

पाकिस्तान को विश्व कप सेमीफाइनल में प्रवेश के लिए इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार को अपने आखिरी लीग मैच में लगभग असंभव अंतर के साथ चमत्कारिक जीत दर्ज करनी होगी जबकि इंग्लैंड की नजरें चैम्पियंस ट्रॉफी के लिये क्वालीफाई करने पर लगी होंगी । श्रीलंका को पांच विकेट से हराकर न्यूजीलैंड का रनरेट काफी बेहतर हो गया है जिससे पाकिस्तान की सेमीफाइनल में प्रवेश की उम्मीदों पर लगभग पानी फिर गया। 1992 की चैम्पियन पाकिस्तान को अब असंभव से अंतर से इंग्लैंड को हराना होगा । न्यूजीलैंड का नेट रनरेट इस समय प्लस 0 . 743 है जबकि पाकिस्तान का प्लस 0 . 036 है। बाबर आजम की टीम को पहले बल्लेबाजी करने पर करीब 287 रन से जीतना होगा और लक्ष्य का पीछा करते हुए 284 गेंद बाकी रहते जीत दर्ज करनी होगी जो नामुमकिन सा है। गत चैम्पियन इंग्लैंड सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुका है लेकिन उसका लक्ष्य शीर्ष आठ में रहकर 2025 चैम्पियंस ट्रॉफी के लिये क्वालीफाई करना है । इसके लिये बांग्लादेश, श्रीलंका, नीदरलैंड और इंग्लैंड में चौतरफा मुकाबला है।

### टीमें इस प्रकार है

**पाकिस्तान :** बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान, फखर जमां, इमामुल हक, अब्दुल्ला शफीक, मोहम्मद रिजवान, सऊद शकील, इफ्तिखार अहमद, सलमान अली आगा, मोहम्मद नवाज, उसामा मीर, हारिस रऊफ, हसन अली, शाहीन शाह अफरीदी, मोहम्मद वसीम।

**इंग्लैंड :** जोस बटलर (कप्तान), मोइन अली, गस एटकिंसन, जॉनी बेयरस्टो, सैम करन, लियाम लिविंगस्टोन, डेविड मलान, आदिल राशिद, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स, ब्रायडन कार्स, डेविड विली, मार्क वुड और क्रिस वोक्स।

## नाओमी ओसाका दिसंबर में ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टूर्नामेंट में वापसी करेंगी



**एजेंसी। ब्रिस्बेन**

पूर्व विश्व नंबर 1 टेनिस खिलाड़ी नाओमी ओसाका अपनी बेटी को जन्म देने के छह महीने बाद दिसंबर में ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के जरिये 2024 में वापसी करने के लिए तैयार हैं। 26 वर्षीय जापानी ने इस साल की शुरूआत में जनवरी में अपनी गर्भावस्था की घोषणा की और जुलाई में अपनी बेटी शाई को जन्म दिया। चार बार की प्रमुख चैंपियन ने सितंबर 2022 में टोक्यो में टोरे पैन पैसिफिक के बाद से डब्ल्यूटीए टूर पर कोई टूर्नामेंट नहीं खेला है। 31 दिसंबर से शुरू होने वाला डब्ल्यूटीए 500 इवेंट ब्रिस्बेन, ओसाका का नए सीजन का पहला टूर्नामेंट होगा। ओसाका ने कहा, मैं कोर्ट पर वापस आने और प्रतिस्पर्धा करने को लेकर वास्तव में उत्साहित हूं। मुझे हमेशा ब्रिस्बेन में अपना सीजन शुरू करना पसंद है और वापसी का इंतजार नहीं कर सकती। ब्रिस्बेन इंटरनेशनल एक शानदार टूर्नामेंट है और यह मुझे इस गर्मी में शानदार वापसी के लिए तैयार करेगा। ओसाका की वापसी के साथ ही, ब्रिस्बेन अंतर्राष्ट्रीय आयोजकों ने दो बार की ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन अजारेंका के महिला डब्ल्यूटीए 500 टूर्नामेंट में शामिल होने की पुष्टि की है, जिससे मुख्य ड्रॉ में खिलाड़ियों की संख्या बढ़कर 48 हो गई है। वर्ल्ड नंबर 22 अजारेंका ने ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में जीत-हार का शानदार रिकॉर्ड 15-2 का बनाया है, उन्होंने 2009 और 2016 में खिताब जीता था। पूर्व विश्व नंबर 1 और तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन मरे आठ बार के एटीपी एकल विजेता और ब्रिस्बेन इंटरनेशनल 2017 चैंपियन दिमित्रोव के साथ पुरुषों के एटीपी 250 क्षेत्र में भाग लेंगे।

## न्यूजीलैंड के हेनरी निकोल्स पर गेंद से छेड़छाड़ का आरोप



**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड के क्रिकेटर हेनरी निकोल्स पर शुक्रवार को घरेलू प्रथम श्रेणी मैच में गेंद से छेड़छाड़ के लिए अंपायरों द्वारा रिपोर्ट किए जाने के बाद न्यूजीलैंड क्रिकेट की आचार संहिता को तोड़ने का आरोप लगाया गया है। इस सप्ताह कैंटरबरी और ऑकलैंड के बीच प्लंकेट शील्ड मैच के टीवी फुटेज में छोर बदलने के दौरान निकोल्स को गेंद को हेलमेट पर रगड़ते हुए देखा गया, जिसमें दिखाया गया कि छोर बदलने के दौरान निकोल्स गेंद को हेलमेट पर रगड़ रहे थे। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने एक बयान में कहा, कैंटरबरी और ऑकलैंड के बीच हेगले ओवल में प्लंकेट शील्ड मैच के तीसरे दिन के दौरान संहिता के नियम 3.1, अनुच्छेद 1.15 के कथित उल्लंघन के लिए निकोल्स पर रिपोर्ट की गई है।

## एक और रिकॉर्ड तोड़ने के इरादे से एटीपी फाइनल इवेंट में हिस्सा लेंगे जोकोविच



**एजेंसी। ट्यूरिन**

24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच एक और रिकॉर्ड तोड़ने के इरादे से ट्यूरिन में आयोजित हो रहे एटीपी फाइनल इवेंट में हिस्सा लेंगे। इस सीजन में, सर्बियाई खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में 22 पुरुष प्रमुख एकल खिताब के राफेल नडाल के सर्वकालिक रिकॉर्ड की बराबरी की और रोलांड गैरोस और यूएस ओपन में जीत के साथ इसे पीछे छोड़ दिया। उन्होंने सिनसिनाटी और पेरिस में अपनी 39वीं और 40वीं चैंपियनशिप जीतकर एक नया एटीपी मास्टर्स 1000 रिकॉर्ड भी बनाया। अगर वह इस साल भी ट्यूरिन में फिर से जीत हासिल करते हैं तो जोकोविच अपना आठवां एटीपी फाइनल खिताब जीतेंगे, और इस साल के अंत में सबसे अधिक जीत दर्ज करने के मामले में रोजर फेडरर की बराबरी कर लेंगे। 24 बार के प्रमुख चैंपियन को अच्छी तरह पता है कि वह कौन से रिकॉर्ड तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। अतीत का सम्मान करते हुए वह वर्तमान पर केंद्रित रहते हैं। जोकोविच ने एटीपी फाइनल के बारे में कहा, हर मैच एक बड़े टूर्नामेंट के फाइनल की तरह होने वाला है क्योंकि आप शीर्ष-आठ खिलाड़ी से खेलते हैं। हर मैच में बहुत (सारे पेपरस्टोन एटीपी रैंकिंग) अंक होते हैं, जिसका बहुत महत्व होता है। उन्होंने कहा, यह एक ग्रुप-स्टेज प्रारूप है, जिसका अनुभव हमें किसी अन्य टूर्नामेंट में नहीं मिलता है, इसलिए भले ही आप एक या दो मैच हार जाएं, राउंड-रॉबिन प्रणाली में आप अभी भी सेमीफाइनल में पहुंच सकते हैं। मेरा स्कोर एकदम सही था। पिछले साल टोरिनो में, मैंने पांच मैचों में से पांच जीत दर्ज की थी। मुझे वहां खेलना पसंद है। मुझे लगता है कि मैं इतालवी भीड़ के साथ अच्छी तरह से जुड़ता हूं। मैं वहां अच्छी भावनाओं के साथ, बहुत आत्मविश्वास के साथ जा रहा हूं। विंबलडन फाइनल के बाद से मैंने एक भी मैच नहीं हारा है। इसलिए मैं सीजन को शानदार तरीके से खत्म करने की उम्मीद से वास्तव में उत्साहित हूं।

एशियन चैंपियंस ट्रॉफी | भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता ने कहा

## रांची में कठिन टीमों से मुकाबला करके खुश हूं



**एजेंसी। नई दिल्ली**

झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 में सफल अभियान के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता ने कहा है कि उनकी टीम 13 से 19 जनवरी तक रांची में होने वाले आगामी एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 में कठिन टीमों से भिड़ने के लिए तैयार है।

जर्मनी, जापान, चिली, चेक गणराज्य, न्यूजीलैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका, इटली और भारत सहित आठ राष्ट्रीय टीमें पेरिस ओलंपिक के लिए अपना स्थान सुरक्षित करने के लिए आगामी टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार हैं। टीमों को दो पूलों में बांटा गया है, जिसमें भारतीय महिला हॉकी टीम को पूल बी में न्यूजीलैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका और इटली के साथ रखा गया है, जबकि पूल ए में जर्मनी, जापान, चिली और चेक गणराज्य हैं।

एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 के पूल चरण के दौरान, प्रत्येक टीम अपने संबंधित समूह में हर दूसरी टीम से एक बार भिड़ेगी। प्रत्येक समूह से शीर्ष दो टीमें 18 जनवरी को होने वाले सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। फाइनल और तीसरे/चौथे स्थान का मैच 19 जनवरी को होगा। विशेष रूप से, जो टीमें एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 में शीर्ष 3 में रहेंगी, वे पेरिस ओलंपिक के लिए अपनी योग्यता सुरक्षित कर लेंगी। भारतीय कप्तान सविता ने कहा, हमें अपनी क्षमताओं पर भरोसा है और विरोधी टीमों की रैंकिंग हमें परेशान नहीं करती क्योंकि हम एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 के लिए भारत आने वाली सभी कठिन टीमों का सामना करने के लिए तैयार हैं।

जब उनसे टूर्नामेंट के बाद के चरण में जर्मनी का सामना करने की संभावना के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, हमने जुलाई में जर्मनी से खेला था, इसलिए हम जानते हैं कि हमारा मुकाबला किससे है।

मुख्य कोच जेनेके शोपमैन ने सविता के आत्मविश्वास को दोहराते हुए कहा कि झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 से बहुत कुछ सीखने को मिला, जहां वे जापान, चीन, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड के खिलाफ अपराजित रहीं।

उन्होंने कहा, बहुत सी चीजें हमारे लिए अच्छी रहीं, लेकिन हमेशा ऐसे क्षेत्र होते हैं जहां हम सुधार कर सकते हैं। हमें अनावश्यक कार्डों से बचना होगा और अपने रेफरल का बेहतर उपयोग करना होगा। इसी तरह, हमारी खेल की आक्रामक शैली के साथ, हमें बहुत कुछ का सामना करना पड़ता है टीमें जो अपनी 25-यार्ड लाइन के पीछे 11 खिलाड़ियों के साथ खेलती हैं और हमें एक बंद रक्षा के खिलाफ खेलने के अवसर बनाने में बेहतर होना होगा। शोपमैन ने तैयारियों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा, इस टूर्नामेंट ने दिखाया कि हम एक कठिन टीम हैं। इसलिए, हम खुद पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेंगे, सुधार के तरीकों की तलाश करेंगे और एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 के लिए अपनी तैयारी में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 के बाद, हम ट्रैक पर वापस आ गए हैं। हम न्यूजीलैंड से परिचित हैं, हमने पिछले साल एफआईएच प्रो लीग में संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ भी खेला था, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मैं घरेलू मैदान पर कठिन टीमों के खिलाफ खेलने को लेकर खुश हूं।"

रांची के साथ-साथ वालेंसिया, स्पेन क्वालीफायर की शीर्ष तीन टीमें पेरिस 2024 ओलंपिक में मेजबान फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, नीदरलैंड, चीन, अर्जेंटीना और दक्षिण अफ्रीका के साथ शामिल होंगी। जर्मनी, 5वें स्थान पर, एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 में भाग लेने वाली सर्वोच्च रैंक वाली टीम है।